RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 294
नई दिल्ली, रविवार, 4 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



जडेजा टी-20 विश्व कप से बाहर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# विपक्ष एकजुट हो तो भाजपा को 50 सीटों पर समेट देंगे: नीतीश

- दिल्ली दौरे से पहले बोले बिहार के मुख्यमंत्री- पीएम मोदी के खिलाफ अभियान के लिए खुद को किया समर्पित
- शीघ्र ही राहुल गांधी, शरद पवार और अरविंद केजरीवाल से कर सकते हैं शिष्टाचार भेंट
- पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का तंज- मणिपुर, अरुणाचल के बाद जल्द ही बिहार भी होगा जद(यू) मुक्त



पटना में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**मणिपुर** में जद(यू) के छह विधायकों में से पांच के भाजपा में चले जाने से बुरी तरह झटका खाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्ष से एकजुट होने का पुन: आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष एक होकर लड़े, तो भाजपा केवल 50 सीटों पर सिमट जाएगी। मालूम हो कि इस समय लोकसभा में भगवा दल के 303 सांसद हैं।

आगामी सोमवार से तीन दिवसीय दिल्ली दौरे पर आ रहे नीतीश ने पटना में पत्रकारों से कहा कि मैं खुद को भाजपा के खिलाफ अभियान के लिए समर्पित कर रहा हूं। जद(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से ठीक एक दिन पहले मणिपुर में अपने विधायकों के पाला बदलने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए नीतीश ने कहा कि जब उन्होंने भाजपा से अलग होने का फैसला किया तो उस समय छह विधायकों ने उन्हें पार्टी में बने रहने का आश्वासन दिया था। नीतीश ने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या यह उचित है? क्या यह संवैधानिक है? क्या यह स्थापित मानदंडों के अनुरूप है? वे हर जगह ऐसा कर रहे हैं। इसलिए, सकारात्मक जनादेश के लिए सभी दलों को 2024 में एकजुट होना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि जद(यू) द्वारा राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका निभाने के लिए तैयार किए जा रहे नीतीश शीघ्र ही कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार और आप नेता और उनके दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल से शिष्टाचार भेंट कर सकते हैं। इस संबंध में वह समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव से भी मिल सकते हैं। मणिपुर में जद(यू) के पास अब केवल एक मुस्लिम विधायक रह गया है। इससे पहले अरुणाचल में इसके एकमात्र बचे विधायक भी हाल ही में भाजपा में शामिल हो गए।

अब अरुणाचल विधानसभा में नीतीश का एक भी विधायक नहीं बचा है। अगले दो दिनों में, जद(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय राजनीति में निभाई जाने वाली भूमिका के लिए रोडमैप पेश करेगी। सूत्रों ने कहा कि एजेंडे में संगठनात्मक चुनाव और एक नया सदस्यता अभियान भी शामिल होगा। हालांकि इसमें नीतीश के लिए राष्ट्रीय भूमिका का मुद्दा हावी रहने की संभावना है। जहां नीतीश कुमार ने भाजपा द्वारा विधायकों को अपने साथ मिलाने पर इसके औचित्य एवं संवैधानिकता पर सवाल उठाया, वहीं जद(यू) अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पूर्व सहयोगी पर अन्य दल के विधायकों को खरीदने के लिए धनबल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी ने नीतीश कुमार पर (शेष पेज 8)

# ब्रिटेन पिछड़ा, भारत बना विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था

- अब अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी ही उससे आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रफ्तार** पकड़ रही भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर एक और खुशखबरी। भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी ही उससे आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह अनुमान जताया है। एक दशक पहले तक भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मामले में 11वें पायदान पर था जबकि ब्रिटेन पांचवें स्थान पर था। लेकिन अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में रिकॉर्ड विस्तार होने से यह ब्रिटेन से आगे निकल गई है और ब्रिटेन छठे पायदान पर खिसक गया है।

भारत के ब्रिटेन से आगे निकलने का अनुमान ब्लूमबर्ग की गणनाओं पर आधारित है जिसे उसने आईएमएफ के डेटाबेस और ऐतिहासिक विनिमय दरों के आधार पर तैयार किया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश करते हुए कहा गया, समायोजित आधार पर और प्रासंगिक तिमाही के अंतिम दिन डॉलर विनिमय दर को ध्यान में रखते हुए मार्च में खत्म तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार सांकेतिक नकदी के साथ 854.7 अरब डॉलर था। इसी पैमाने पर ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आकार 816 अरब डॉलर था। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था भारत के अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन को और भी पीछे छोड़ देने की संभावना है। कोटक महिंद्रा बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय कोटक ने एक ट्वीट में कहा, दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने औपनिवेशिक शासक ब्रिटेन को पीछे छोड़ना भारत के लिए गर्व की बात है। ब्रिटेन की 3,200 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारत की अर्थव्यवस्था 3,500 अरब डॉलर की है। लेकिन जनसंख्या के लिहाज से देखें तो: भारत की 1.4 अरब आबादी की तुलना में ब्रिटेन की जनसंख्या 6.8 करोड़ है। प्रति व्यक्ति जीडीपी हमारे 2,500 डॉलर की तुलना में वहां 47,000 डॉलर है। अभी हमें लंबी दूरी तय करनी है...आइए इसके लिए तैयार रहते हैं। भारत की जनसंख्या ब्रिटेन की आबादी की 20 गुना होने से यहां का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी कम है।

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, हम अभी-अभी ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए यह कितना प्रभावशाली पड़ाव है। अगले कुछ वर्षों में हम शीर्ष तीन में शामिल होंगे। भारत का जीडीपी अप्रैल-जून 2022 की तिमाही में 13.5 फीसदी की दर से बढ़ा है जो एक साल में सबसे तेज रफ्तार है। इसके साथ ही भारत एक बार फिर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि बढ़ती व्याज लागत और विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आहट से आगामी तिमाहियों में वृद्धि की रफ्तार मंद पड़ने का खतरा मंडरा रहा है।

# पीए ने हत्या में शामिल होने की बात कबूली

**सोनाली फोगाट केस**

- सुधीर सांगवान ने बताया, क्या हुआ था उस रात, माना अपना गुनाह



**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/पणजी

**भाजपा** नेता सोनाली फोगाट की मौत मामले में शनिवार को एक अहम खुलासा हुआ जिसमें उसके निजी सहायक सुधीर सांगवान ने मौत की साजिश में शामिल होने की बात कबूल ली है। पूछताछ में सांगवान ने यह भी बताया है कि साजिश के तहत ही सोनाली को गोवा ले जाया गया था।

इस मामले में पुलिस सुधीर के सहयोगी सुखविंदर सिंह, रेस्तरां के मालिक एडविन नून्स, कथित ड्रग तस्कर दत्ता प्रसाद गांवकर और रामदास मांड्रेकर को गिरफ्तार कर चुकी है। सोनाली फोगाट और उनके साथियों ने 22 और 23 अगस्त की रात को कर्लीज रेस्टोरेंट में पार्टी की थी। सोनाली फोगाट (43) को गोवा में आने के एक दिन बाद 23 अगस्त को उत्तरी गोवा जिले के एक अस्पताल में मृत लाया गया था।

उनके दो सहयोगियों सांगवान और सिंह पर गोवा पुलिस ने हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। अब पूछताछ में ये बातें सामने आई है। गोवा पुलिस के सूत्रों के मुताबिक आरोपी पीए सुधीर सांगवान ने कबूला कि सोनाली की हत्या की साजिश पहले भी रची जा चुकी थी। उसने बताया कि अंजुना बीच पर ग्रैंड लियोनी रिसॉर्ट (शेष पेज 8)

# भाजपा सांसद और देवघर के डीसी के बीच ट्विटर पर बहस


**एजेंसी।** रांची

**वायु** यातायात नियंत्रण (एटीसी) कक्ष में प्रवेश को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे और देवघर के उपायुक्त के बीच ट्विटर पर शनिवार को तीखी बहस हुई। अधिकारियों ने बताया कि दुबे और मनोज तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अपनी चार्टर्ड उड़ान को 31 अगस्त को निर्धारित समय के बाद उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए एटीसी अधिकारियों को कथित तौर पर मजबूर करने के कारण यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बीच, एक ट्वीट में दुबे ने कहा कि उन्होंने देवघर के उपायुक्त के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत नई दिल्ली में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। ये सभी उस छात्रा के परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए दुमका गए थे, जिसे आग के हवाले कर दिया (शेष पेज 8)

# दो सौ करोड़ की रंगदारी मामले में नोरा फतेही से सात घंटे पूछताछ

- महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े केस में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को भी समन, 12 सितंबर को पेश होना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नोरा फतेही



जैकलीन फर्नांडीज

**दिल्ली** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही से महा ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये की रंगदारी के मामले में पूछताछ की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में पूछताछ के लिए अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को समन देकर 12 सितंबर को पेश होने के लिए कहा गया है।

नोरा को पिछले हफ्ते तलब किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, ईओडब्ल्यू के मंदिर मार्ग स्थित कार्यालय में नोरा फतेही सुबह 11 बजे पहुंच गई थीं और सात घंटे की लंबी पूछताछ के बाद शाम को छह बजे वहां से निकलीं। फतेही से उन उपहारों को लेकर सवाल किए गए जो उन्हें सुकेश से मिले थे। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र यादव ने कहा कि सुकेश के जेल से चलाए जा रहे अपराध सिंडिकेट से संबंधित रंगदारी मामले की कड़ियां जोड़ने के लिए फतेही से पूछताछ की जा रही है।

ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने कहा कि नोरा ने पूछताछ में सहयोग किया। फतेही ने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को दिए अपने बयान में कहा कि चेन्नई में जिस कार्यक्रम में उन्हें बुलाया गया था, उसके बारे में उन्हें बिल्कुल पता नहीं था कि यह किसी आपराधिक (शेष पेज 8)

# थाइलैंड से श्रीलंका लौटे पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे

**एजेंसी।** कोलंबो

**श्रीलंका** से भागने के करीब दो महीने बाद इसके पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे शुक्रवार को थाईलैंड से स्वदेश लौटे। श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच अपने इस्तीफे की मांग को लेकर महीनों से जारी विरोध-प्रदर्शनों के नौ जुलाई को हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद गोटबाया राजपक्षे 13 जुलाई को देश छोड़कर भाग गए थे। उस समय प्रदर्शनकारियों ने कोलंबो में राष्ट्रपति आवास सहित कई अन्य सरकारी इमारतों पर धावा बोल दिया था। गोटबाया राजपक्षे भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच यहां भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। कई मंत्रियों एवं सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामूना (एसएलपीपी) के सांसदों ने उनकी अगवानी की। सूत्रों के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान से लौटे हैं। उनके अनुसार वापस आने के लिए वह पहले थाइलैंड से सिंगापुर गए क्योंकि थाइलैंड के (शेष पेज 8)

# ऑनलाइन भुगतान कंपनियों के छह परिसरों पर ईडी के छापे

- पेटीएम, रोजरपे, कैशफ्री जैसी कंपनियों पर लोन लेने वालों को धमकाने, प्रताड़ित करने और धनशोधन से संबंधित 18 एफआईआर हैं दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को चीनी नागरिकों के नियंत्रण वाले लोन ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ऑनलाइन पेमेंट गेटवे कंपनियों पेटीएम, रोजरपे, कैशफ्री के बेंगलुरु स्थित छह परिसरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी ने मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में रखे गए 17 करोड़ रुपये के फंड जब्त किए हैं। ताजा पीएमएलए केस बेंगलुरु सिटी के साइबर क्राइम पुलिस थाने में दर्ज 18 एफआईआर पर आधारित है।

इनमें कई कंपनियों पर ऐसे लोगों को वसूली के लिए प्रताड़ित करने जैसे आरोप हैं, जिन्होंने मोबाइल ऐप के जरिए बहुत छोटी सी रकम लोन ली। जांच के दौरान पता चला कि ये ऐप और कंपनियां चीनी नागरिकों द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। ईडी ने बताया कि तलाशी का यह अभियान कर्नाटक की राजधानी में स्थित इन कंपनियों के छह परिसरों में शुक्रवार को शुरू हुआ था और अब भी यह अभियान जारी है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि छापेमारी में चीन के व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित इन कंपनियों के मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में जमा 17 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं।

एजेंसी ने आरोप लगाया कि ये कंपनियां भारतीय नागरिकों के फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उन्हें फर्जी तरीके से निदेशक बनाती हैं, जबकि इन कंपनियों का नियंत्रण एवं परिचालन चीन के लोग करते हैं। ईडी के अनुसार जांच के दायरे में आईं ये कंपनियां भुगतान सेवा कंपनियों और बैंकों से जुड़ी मर्चेंट आईडी या खातों का इस्तेमाल करके गलत तरीके से धन जुटा रही थीं और इन कंपनियों ने जो पते (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,803 | |
| निफ्टी | 17,539 | |
| सोना | 50,729 | /10g |
| चांदी | 53,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### राजनीतिक संकट के बीच कल सोरेन सरकार हासिल करेगी विश्वास मत

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री के विधायक बने रहने को लेकर जारी भ्रम के बीच हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विश्वास मत प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव रखेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विधानसभा सचिवालय द्वारा विधायकों को भेजे गए पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत प्रस्ताव लाने की इच्छा जाहिर की है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी सदन में अपनी रणनीति तैयार करने के लिए रविवार को अपने विधायक दल की बैठक बुलाई है। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन सरकार को बहुमत हासिल है।

# ट्विटर पर राहुल गांधी से ज्यादा हुए योगी के फॉलोअर्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर लोकप्रियता के मामले में योगी आदित्यनाथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी से काफी आगे निकल गए हैं। इस वक्त ट्विटर पर राहुल गांधी के 21.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं जबकि योगी आदित्यनाथ के 21.5 मिलियन फॉलोअर्स हो चुके हैं। यूपी में ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में योगी को पसंद करने वालों की बड़ी संख्या है। योगी न सिर्फ राजनीति से जुड़े मुद्दे पर बल्कि विकास कार्यों, आम जनता से जुड़े मुद्दों को भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों की बीच पहुंचाते हैं।

विधानसभा चुनाव के दौरान योगी ने चुनावी रैली के साथ-साथ सोशल मीडिया के जरिए चुनावी कैंपेन को बखूबी अंजाम दिया था। योगी के किसी भी ट्वीट पर लाइक, रिट्ववीट और कमेंट्स देखकर एक बात साफहै कि लोग उनकी बात से ज्यादा से ज्यादा जुड़ना चाहते हैं। ट्विटर पर टॉप ट्रेंडिग में भी योगी हमेशा छाए रहते हैं। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों की तुलना में योगी आदित्यनाथ सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले सीएम हैं। योगी आदित्यनाथ डिजिटल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर हॉट टॉपिक हैं। गूगल ट्रेंड्स के आंकड़े भी यही बताते हैं। दिसंबर 2021 से अप्रैल 2022 तक सर्च में योगी आदित्यनाथ लगातार राहुल गांधी पर भारी पड़े हैं। विधान सभा चुनाव के दौरान योगी आदित्यनाथ की खबरें सबसे ज्यादा सर्च की गई हैं।

## बिना भेदभाव हर तबके को मिल रहा योजनाओं का लाभ: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को मुरादाबाद मंडल का दौरा करने पहुंचे। जहां उन्होंने सर्किट हाउस में मंडलीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान बिजनौर, संभल, अमरोहा और रामपुर के अधिकारी और जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की योजना को प्रभावी ढंग से जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पांचों जनपदों में लागू करने का कार्य प्रशासन ने किया है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक तबके को प्राप्त हो इस दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं वह आज सार्थक परिणाम दे रहे हैं।

# सेंट्रल विस्टा आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजपथ** समेत पुनर्विकसित सेंट्रल विस्टा एवेन्यू आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। राज्यवार पकवान के स्टॉल, चारों ओर हरियाली वाला लाल ग्रेनाइट युक्त पैदल पथ, बिक्री क्षेत्र (वेंडिंग जोन), पार्किंग स्थल और चौबीसों घंटे सुरक्षा जैसी विशेषता यहां दिखेंगी, लेकिन लोगों को एक चीज की कमी खलेगी कि इंडिया गेट से मान सिंह रोड तक के उद्यान क्षेत्र में भोजन करने की अनुमति नहीं होगी।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ सितंबर की शाम को अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत विजय चौक से इंडिया गेट तक पूरे खंड का उद्घाटन करेंगे। यह खंड 20 महीने बाद जनता के लिए खुलेगा। उद्घाटन के दिन आगंतुकों को इंडिया गेट से मान सिंह रोड तक जाने की अनुमति नहीं होगी, लेकिन वे शेष भाग का उपयोग कर सकते हैं। पूरे खंड को नौ सितंबर से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। परियोजना की एक कार्यकारी एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी ने पांच बिक्री क्षेत्र स्थापित किए हैं, जहां प्रत्एक बिक्री क्षेत्र में 40 विक्रेताओं को अनुमति दी जाएगी। योजना के अनुसार उन्हें उद्यान क्षेत्र में आगंतुकों को अपना सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इंडिया गेट के पास दो ब्लॉक होंगे और प्रत्एक ब्लॉक में आठ दुकानें होंगी, कुछ राज्यों ने अपने पकवान स्टॉल लगाने में रुचि दिखाई है। अधिकारी ने कहा, आइसक्रीम गाड़ियों को केवल बिक्री क्षेत्र में ही अनुमति दी जाएगी। हालांकि (शेष पेज 8)

# यमुना एक्सप्रेसवे से 20 फुट गहरी खाई में गिरी बीएमडब्ल्यू कार, चालक की मौत, साथी घायल

## ● नोएडा से आगरा जा रहे थे दोनों युवक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



क्षतिग्रस्त कार

शनिवार की सुबह ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में बीएमडब्ल्यू के चालक की मौत हो गई है। जबकि, उसका एक साथी अस्पताल में मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहा है।

यह हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार की सुबह करीब 08:30 बजे हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल लेकर गई। जहां पर बीएमडब्ल्यू के चालक की मौत हो गई है। चालक की मौत की पुष्टि अस्पताल के डॉक्टरों ने की है। इसके अलावा उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। जिसका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। बीएमडब्ल्यू कार की स्पीड इतनी तेज थी कि परखच्चे उड़ गए।

दनकौर कोतवाली के प्रभारी ने बताया कि हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले भरत और गौरव दोनों बीएमडब्ल्यू कार में सवार होकर नोएडा से आगरा की तरफजा रहे थे। जब उनकी कार गलगोटिया यूनिवर्सिटी यमुना एक्सप्रेसवे पर 11वें किमी के पास पहुंची। उसी दौरान अचानक इनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर नीचे पलट गई।

बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे आकर गिरी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में बीएमडब्ल्यू कार चालक भरत की मौके पर ही मौत हो गई है और उसके साथी गौरव का ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

घटना की जानकारी मृतक व्यक्ति के परिजनों को दे दी गई हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं और शनिवार की सुबह आगरा की तरफ जा रहे थे।

पुलिस ने बीएमडब्ल्यू चालक भरत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है।

# एक माह में जांच पूरी कर शासन को रिपोर्ट भेजेगा प्राधिकरण

**ट्विन टावर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सुपरटेक ट्विन टावर मामले में नोएडा प्राधिकरण एक महीने में विभागीय जांच पूरी कर शासन को भेज देगा। इससे पहले बार-बार कागज मांगकर समय बर्बाद कर रहे आरोपी अधिकारियों को अब अल्टीमेटम दिया गया है। एक सप्ताह के अंदर जो कागज मांगेंगे, उनको प्राधिकरण मुहैया कराएगा। इसके बाद कागज मांगने की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगा दी जाएगी।

ट्विन टावर प्रकरण में अलग.अलग तीन बार हुए नक्शों में बदलाव, अतिरिक्त एफएआर देना समेत अन्य सभी काम के लिए जिम्मेदार 11 अधिकारियों की नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्र जांच कर रहे हैं। इनमें नियोजन व वर्क सर्किल के अधिकारी शामिल हैं। ये सभी अधिकारी नोएडा प्राधिकरण की सेवा में कार्यरत रहे हैं। इनकी जांच करीब नौ महीने से चल रहे हैं। खास बात यह है कि शासन के निर्देश पर पिछले साल दिसंबर में ही नोएडा प्राधिकरण ने आरोप पत्र तैयार कर शासन को भेज दिए थे और शासन स्तर से जारी भी हो गए। अब संबंधित अधिकारी आरोप पत्रों के जबाव देने के बजाए अलग.अलग कागज मांगकर या बिना कागज मांगे ही अतिरिक्त समय की मांग कर समय बर्बाद कर रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो 11 में से सिर्फ 3 अधिकारियों ने ही ठीक ढंग से जबाव दिया है।

अब ट्विन टावर ध्वस्तीकरण के बाद शासन स्तर से आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण की ओर आरोपी अधिकारियों को अल्टीमेटम जारी कर दिया गया है। नियोजन विभाग की एक महिला अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इनके जरिए सभी अधिकारियों को पत्र जारी कर एक सप्ताह के अंदर आखिरी बार कागज मांगने के लिए कहा गया है। इसके बाद प्राधिकरण से कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आरोप पत्र का जबाव देने के लिए अंतिम बार अब सिर्फ 15 दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद रिपोर्ट फाइनल कर शासन को भेज दी जाएगी। इस मामले में कुल 24 अधिकारी आरोपी बनाए गए हैं। प्राधिकरण सेवा में रहे 11 के अलावा शासन स्तर से 13 अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। इनमें सीईओ, एसीईओ, ओएसडी व वित्त नियंत्रक शामिल हैं। इनकी विभागीय जांच शासन स्तर से होनी थी लेकिन इस मामले का जांच अधिकारी कौन है, यह करीब 10 महीने बाद भी स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा इस मामले की जांच विजिलेंस भी कर रही है। यह जांच भी धीमी गति से चल रही है।

### कंपनी मलबे की रि-साइकिलिंग अगले सप्ताह से करेगी

*नोएडा। पर्यावरण सेवाएं एवं अवसंरचना समाधान देने वाली कंपनी रि-सस्टेनेबिलिटी ने शनिवार को कहा कि सुपरटेक के ध्वस्त किए गए ट्विन टावरों के कचरे में से 30,000 टन कचरे का पुनर्चक्रण (रि-साइकिल) वह अगले सप्ताह से शुरू कर सकती है। कंपनी को सुपरटेक के ट्विन टावरों के विध्वंस से उत्पन्न कचरे को अगले तीन महीनों में रि-साइकिल करने के लिए नोएडा प्राधिकरण से ठेका मिला है। कचरे को निर्माण सामग्री में बदला जाएगा। विध्वंस से उत्पन्न कुल कचरा लगभग 80,000 टन है।*

### सोमवार को आएंगे नंदी गौशाला, स्कूल और गांवों का करेंगे निरीक्षण

**नोएडा।** नोएडा में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी सोमवार को नोएडा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह प्राधिकरण के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। नंदी का नोएडा का यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले 19 मई को नंदी नोएडा आए थे। उस समय उन्होंने 1976 से लेकर अब तक के कार्यों की समीक्षा की थी।

औद्योगिक विकास मंत्री जिला स्तर पर समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस.वे के अधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी।

# नोएडा में पिटबुल ने किया बच्चे पर हमला

## ● शिकायत करने पर कुत्ते के मालिक ने दी धमकी, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में 10 साल के बच्चे को पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चे की मां ने थाना सेक्टर-58 में कुत्ते के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सेक्टर-56 में रहने वाली शिप्रा सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर में विवेक राज ने अपने पालतू पिटबुल कुत्ते को खुला छोड़ दिया। उसके कुत्ते द्वारा उनके 10 वर्षीय बेटे को काट लिया गया है। उपचार के लिए बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि कुत्ते के मालिक शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बच्चे के पिता सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। हाल में ही गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में राहुल गार्डन कॉलोनी के रहने वाले प्रेम कुमार की बेटी को पड़ोस के पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने काट लिया। उस समय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोसी के कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया और उसके कान को काट लिया। जिसके बाद बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामला गंभीर देखते हुए अस्पताल में उसकी सर्जरी की गई। फिलहाल लड़की की हालत नाजुक बनी हुई है। नोएडा में कुत्तों का हमला करना अब आम बात हो गई हैं।

बता दें ग्रेटर नोएडा में कुछ महीनों पहले प्रतिबंध पिटबुल प्रजाति के कुत्ते ने 10 साल के मासूम बच्चे को बुरी तरह काट किया। कुत्ते ने बच्चे के मुंह को इतनी बुरी तरह खाया कि बच्चे के चेहरे पर 45 टांके लगे हैं। जिसके बाद से बच्चा सदमे में चला गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था।


Dr. Akhilesh Das Gupta Institute of Technology & Management
(Formerly Northern India Engineering College(NIEC))
Approved by AICTE, DTTE, DHE& Affiliated to GGSIPU, Delhi
FC-26, Shastri Park, New Delhi – 110053.
Website: www.adgitmdelhi.ac.in

ADMISSION NOTICE
UNDER MANAGEMENT QUOTA for Academic Year 2022-23
BBA (F/T – 3 Yrs.) & MBA (F/T – 2 Yrs.)

Applications from Qualified candidates fulfilling the Educational Qualifications and eligibility criteria laid down in the "Admission Brochure for the Academic Session 2022-23" issued by Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGSIPU), Delhi for "Management Quota" & respective guidelines of DTTE/DHE Govt. of NCT Delhi are invited for Admission under Management Quota under various categories of seats in the following Courses as prescribed by GGSIPU:

| | |
|---|---|
| MBA - 2 Yrs. (F/T) Programme | Course Code 101 |
| BBA – 3 Yrs. Programme (F/T) - 1st Shift | Course Code 125 |
| BBA – 3 Yrs. Programme (F/T) - 2nd Shift | Course Code 125 |

Application Forms (hard-copy only) can be obtained from & submitted to the Admission Cell of the Institute during the working hours as notified by GGSIPU. The last date to fill up the management quota seats will be nine calendar days after the last date for regular admissions in the University announced by the GGSIPU for above Courses respectively.Incomplete applications will not be considered.
Admissions shall be on the basis of Merit. The Merit list of the Applicants will be displayed on the Website and Notice Board of the Institute within 2 days of closing date for submission of the application forms for respective courses. Accordingly the 1st Round of Counseling at the Institute's Campus will be held within 3 days of drawing up of the Merit List of qualified management quota applicants . The Candidates thus provisionally selected shall be required to complete all the Admission Formalities as per the provisions laid down by GGSIPU in its Admission Brochure 2022-23. The 2nd Round of Counselling shall commence only after 12 hrs after provisional admission through 1st round of counseling.
Candidates must ensure to follow the latest COVID-19 guidelines issued by the Ministry of Health and Family Affairs, Govt of India during Counselling & Reporting at the Institute.

DIRECTOR


# लोनी नगरपालिका में हुई छंटनी, 50 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

## ● कूड़े की गाड़ियां खराब होने के कारण नहीं था कोई काम




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी में कूड़े की गाड़ी खराब होने पर लोनी नगरपालिका की सफ ाई कंपनी ने करीब 50 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। नौकरी से हटे कर्मचारियों ने डीएमए ईओ समेत अन्य विभागों को शिकायत देकर फिर से नौकरी पर रखने की मांग की है। नौकरी से निकाले जाने पर कर्मचारियों के परिवार पर खाने का संकट आ गया है।

लोनी नगरपालिका की सफाई कंपनी ने करीब 50 कूड़े उठाने की गाड़ी चलाने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि एक कर्मचारी द्वारा कूड़े की गाड़ी चलाने के दौरान खराबी आ गई थी।

आरोप है कि जो कूड़े की गाड़ी खराब हुई है। उस गाड़ी को ठीक होने पर करीब 20 हजार रुपये का खर्चा बताया गया है। कंपनी कर्मी ड्राइवर से ठीक कराने के लिए कह रही है। ठीक ना करा पाने पर कंपनी कर्मी ने गाड़ी ड्राइवर को नौकरी पर रखने से मना कर दिया है। इस पर अन्य ड्राइवरों कर्मचारियों ने कंपनी कर्मी से बात कर ड्राइवर को वापस रखने को कहा, तो कंपनी ने करीब 50 ड्राइवर कर्मचारियों को ही नौकरी से निकाल दिया।

# कुत्ते पालने का शौक रखने वालों को निगम ने दी राहत

## ● पंजीकरण फीस 1000 से घटाकर 200 की

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कुत्ता पालने वाले लोगों को नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। नगर निगम की उम्मीद के मुताबिक कुत्ता पालने वाले सभी लोगों ने अपने कुत्ते का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। इसका कारण यह भी माना जा रहा है कि रजिस्ट्रेशन की फ ीस पहले अधिक थी, लेकिन अब कुत्ता पालने वाले लोगों के रजिस्ट्रेशन फीस में बड़ी राहत दी है। नगर निगम ने नई योजना के तहत 1000 से घटाकर रजिस्ट्रेशन फ ीस महज 200 कर दी है। जबकि रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण का शुल्क 100 निर्धारित किया गया है और जुर्माना शुल्क बढ़ाया गया है। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक कुत्ता पालने वाले शौकीन लोगों को करीब 1 साल पहले अपने कुत्ते का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया गया था। जिसका शुल्क 1000 निर्धारित हुआ था, लेकिन एक साल के अंदर नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक बहुत कम लोगों ने ही अपने कुत्तों के रजिस्ट्रेशन कराए हैं।

तमाम मंथन के बाद यह देखने में आया कि रजिस्ट्रेशन कम होने का कारण रजिस्ट्रेशन शुल्क अधिक होना माना जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए अब निगम के अधिकारियों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क कम करने और रजिस्ट्रेशन ना कराने पर जुर्माना राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है इसके बाद निगम ने अब सर्वे कराना भी शुरू कर दिया है। नगर निगम के अधिकारी डॉ अनुज सिंह ने बताया कि कुत्ता पालने वाले लोगों को एक साल पहले रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया गया था। जिसका रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रखा गया था। लेकिन जितनी बड़ी संख्या में लोगों ने कुत्ते पाले हुए हैं। उस हिसाब से लोगों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराए हैं। पिछले 1 साल के अंदर करीब 2000 लोग ही रजिस्ट्रेशन करा पाए हैं। उन्होंने बताया कि जब रजिस्ट्रेशन कम संख्या में हुए तो इस पर मंथन किया गया और अब नई रणनीति के तहत रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 से घटाकर महज 200 किया गया है ।


हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
सीआईएन : L70102DL1992PLC047399
वेबसाइट : www.himalayafoodcompany.com
ई–मेल आईडी : cs@himalyainternational.com फोन : 011-45108609

सार्वजनिक सूचना – 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक

यह सूचना दी जाती है कि हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड ("कम्पनी") की 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.30 बजे, एजीएम की सूचना, जो यथासमय भेजी जाएगी, में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) सर्कुलर दिनांकित एमडी1/सीआईआर/पी/डी 14/2020, 17/2020, 20/2020 तथा 02/2021 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 क्रमानुसार ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा सेबी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी /सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 12 मई, 2020 तथा 15 जनवरी, 2021 क्रमानुसार के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
सदस्यगण आगे नोट करें कि उपरिवर्णित सर्कुलर्स के अनुसरण में तथा सरकार की हरित पहल को आगे बढ़ाने के क्रम में, 31वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जाएंगी, जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट ("आरटीए") के पास पंजीबद्ध है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी। कम्पनी अपने सभी सदस्यों को पूर्व की भांति ई–वोटिंग तथा रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करा रही है। 31वीं एजीएम की सूचना की ई–कॉपी वित्तीय वर्ष हेतु 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.himalayafoodcompany.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।
सदस्यगण एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं. एजीएम से जुड़ने हेतु विस्तृत अनुदेश 31वीं एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए जाएंगे। तदनुसार, कृपया नोट करें कि कोविड–19 के संबंध में सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कम्पनी की एजीएम में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने हेतु कोई व्यवस्था नहीं की गई है।
यदि ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/आरटीए के पास पंजीबद्ध नहीं है, कृपया उसके पंजीकरण हेतु निम्नवर्णित प्रक्रिया का पालन करें :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | कृपया, ई–मेल पता पंजीकृत करवाने हेतु, कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट्स, बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. को beetalrta@gmail.com पर एक अनुरोध पत्र, फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम के उल्लेख, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) के साथ भेजें। कृपया अपना बैंक विवरण एक मूल निरस्त चैक के साथ हमारे आरटीए (नामतः बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110062) को फोलियो नंबर के उल्लेखयुक्त पत्र के साथ भेजें, यदि पहले से पंजीकृत नहीं हैं। |
| अभौतिक धारण | कृपया हमारे डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) से सम्पर्क करें और अपना ई–मेल पता डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। कृपया अपना बैंक विवरण भी अपने डीपी के पास एनएसीएच द्वारा लाभांश, यदि कम्पनी द्वारा घोषित किया जाता है, के भुगतान हेतु अद्यतन करवाएं। |

सदस्यगण यह भी नोट करें कि यदि आपकी ई–मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/आरटीए के पास पंजीकृत है, रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के लिए लॉगइन क्रेडेन्शियल्स पंजीकृत ई–मेल पर 31वीं एजीएम की सूचना के साथ भेजे जाएंगे। तथापि, जिन सदस्यों ने अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवाई है, वे ई–मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिए उपरिवर्णित प्रक्रिया का पालन करें। सदस्यगण यह भी नोट करें कि रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम के दौरान ई–वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में भी वर्णित की गई है।
उपरोक्त सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और हितार्थ जारी की जा रही है तथा एमसीए सर्कुलर(सर्कुलर्स) तथा सेबी सर्कुलर के अनुपालनार्थ है।

वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./–
ममता शमा
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 03–09–2022
स्थान : दिल्ली


### ओएलएक्स ऐप पर खरीदार बनकर 85 हजार रुपये ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एक युवक से ओएलएक्स ऐप पर सामान का खरीदार बनकर यूपीआई के माध्यम से 85 हजार रुपये ठग लिए।

रितांगशु ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि कुछ दिनो पहले उन्होने अपना कुछ पुराना सामान बेचने के लिए ओएलएक्स ऐप पर विज्ञापन दिया था। एक युवक ने उनसे संपर्क किया और सामान खरीदने की बात कही। आरोपी ने सामान की कीमत का भुगतान ऑनलाइन के माध्यम से देने के लिए कहा और एक लिंक उनके पास भेजा। पीड़ित ने जब दिये गये लिंक को खोला तो उनका मोबाइल फोन हैक हो गया।

# छात्र पर ब्लेड से हमला, पुलिस जांच में जुटी, संस्थान बोला-आरोप सही नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा फेस दो कोतवाली क्षेत्र स्थित पंचशील बालक इंटर कालेज में आठवीं के छात्र के साथ मारपीट होने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही ब्लेड से हमला कर आठवीं के छात्र को घायल करने का भी आरोप लगा है। वहीं, शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, छात्र के पिता ललित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा हॉस्टल में रहता है। आरोप है कि आठवीं के छात्र के साथ कुछ अज्ञात बच्चे पिछले तीन माह से मारपीट कर रहे हैं। प्रबंधन से शिकायत करने के बावजूद अभी तक आरोपियों के खिलाफकार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि बीते माह आठवीं के छात्र के अश्लील हरकत की गई। आरोप है कि कुछ छात्रों ने मारपीट की और हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्से में ब्लेड से वार कर दिया। वहीं स्कूल संस्थान ने आरोपों को नकारा है। एडिशनल डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन और छात्र के से पूछताछ की जा रही है।

### नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में वीकेंड पर हुई खरीददारी

**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में वीकेंड पर शनिवार को महिलाओं एवं युवतियों की खासी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर लोगों ने जमकर खरीददारी की।

वहीं फूड कोर्ट में आसाम तथा सिक्किम के व्यंजनों का भी लोगों ने स्वाद चखा। आयोजन के नौवें दिन शनिवार को लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की तथा मेले का लुत्फ उठाया। यहां घर की सजावट के आकर्षक सामान लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। आसाम के गन्ने तथा चमड़े के बने उत्पादों ने महिलाओं एवं युवतियों को खासा लुभा रखा है।



नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकेंड में पहुंचे लोग।

# मेट्रो कोच में बनेगा रेस्टोरेंट और स्टेशन पर म्यूजियम

## ● सेक्टर-137 में 3 सौ वर्गमीटर का स्थान रिजर्व कर दिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अपने यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ अब उनके खानपान और मनोरंजन का ध्यान भी रखने लगा है। नोएडा के मेट्रो स्टेशन पर लाइव चैनल रेडियो सिटी की शुरुआत की गई।

अब प्रदेश में पहला मेट्रो कोच रेस्टोरेंट और म्यूजियम खोलने जा रही है। इसमें बैठकर मेट्रो की जानकरी ले सकते हैं। परिवार के साथ पार्टी भी कर सकते हैं। रेस्टोरेंट के लिए सेक्टर137 में 300 वर्गमीटर का स्थान रिजर्व कर दिया गया है। यहां नोएडा डिपो में खड़े मेट्रो के कोच को रखा जाएगा। इसे अंदर से भले ही रेस्टोरेंट का रूप दिया जाए, लेकिन सिटिंग अरेंजमेंट में कोई बदलाव नहीं होगा।

मेट्रो की सीटें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। इंटीरियर में बदलाव नहीं किया जाएगा बल्कि, इसे ही रेस्टोरेंट की शक्ल दी जाएगी। कोच में एंट्री करने से पहले जैसे स्टेशन पर एनाउंसमेंट होता है ठीक उसी तरह होगा। इसके लिए एनएमआरसी ने रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल आरएफ पी जारी किया है। यानी कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं।

ज्यादा रेवेन्यू देने वाली कंपनी को मेट्रो कोच में रेस्टोरेंट बनाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मेट्रो आने से पहले नोएडा शहर कैसा था, इसके बाद क्या.क्या बदलाव हुए साथ में मेट्रो की इंजन, उसके कोच इन सब की जानकारी म्यूजियम में दी जाएगी। यह म्यूजियम 200 से 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जाएगा। एनएमआरसी ने म्यूजियम का डिजाइन बनाने के लिए रिक्पेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया है।

यह म्यूजियम एनएमआरसी का इतिहास तस्वीरों के जरिए दिखाएगा। म्यूजियम दिल्ली के पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर बनाए हुए म्यूजियम जैसा होगा। जहां मेट्रो से जुड़ी सारी जानकारी यात्रियों को दी जाएंगी। इस म्यूजियम में नोएडा मेट्रो के साथ दिल्ली मेट्रो की शुरुआत से भी जुड़ी सभी जानकारी होगी। दुनिया भर के अलावा भारत के दूसरे शहरों में चल रहे मेट्रो के इतिहास को भी यहां तस्वीरों के जरिए दिखाया जाएगा।

# नशे में दबंगों ने पाकिस्तानी बताकर दो युवकों को पीटा

## ● लगवाये धार्मिक नारे, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में दो मुस्लिम युवकों की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इसमें एक मस्जिद का इमाम और दूसरा फेरीवाला है। नशे में धुत दो युवकों ने जबरदस्ती इनको रोक लिया। फिर पाकिस्तानी और बम फोड़ने वाला बताकर इनकी पिटाई कर दी। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कराया।

एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों सनी और सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गुरुवार को मोदीनगर के सोंदा इलाके का है। वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक स्कूटी पर हैं। वह नशे में धुत हैं। पहले वह मस्जिद के इमाम को रोकते हैं। उनको पाकिस्तानी बताकर मारपीट करते हैं। युवक कहते हैं कि यह पाकिस्तान की जय बोल रहा है। मारपीट के बाद एक बुजुर्ग आते हैं। वह इमाम का बीच बचाव करते हैं। इसके बाद, इमाम खेतों के बीच भाग गए और देर तक वहीं छिपे रहे। थोड़ी देर बाद ही वहां एक फेरीवाला मुस्लिम युवक आता है।

दोनों युवक उसे भी पकड़ लेते हैं। वे मुस्लिम युवक पर आरोप लगाते हैं कि वह बम फोड़ने की साजिश में शामिल है। इसके बाद वे उसके साथ भी मारपीट और खींचतान करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जाम फ्री दिल्ली के लिए दो बड़े प्रोजेक्ट

## नंद नगरी फ्लाईओवर और जीटी रोड एलिवेटेड रोड के लिए 608 करोड़ मंजूरी

● सिसोदिया ने की अधिकारियों संग बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने दिल्लीवासियों को यातायात जाम को कम करने और परिवहन को बेहतर करने के लिए दिल्ली सरकार ने दो बड़ी परियोजना का मंजूरी दी है। पहली परियोजना के अंतर्गत 341.2 करोड़ की लागत से लोनी चौक पर अंडरपास के साथ नंद नगरी और गगन सिनेमा के बीच फ्लाईओवर का निर्माण होगा। वहीं दूसरी परियोजना में 266.89 करोड़ रुपये की लागत आजादपुर से रानी झाँसी रोड इंटरसेक्शन के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण करवाया जाएगा। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने हाल ही में हुई व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में यातायात जाम कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने लोनी चौक पर अंडरपास और नंद नगरी और गगन सिनेमा के बीच एक फ्लाईओवर का निर्माण करेगी। जीटी रोड पर आजादपुर से रानी झांसी रोड इंटरसेक्शन के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण करवाएगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोनी चौक पर एक अंडरपास और नंद नगरी और गगन सिनेमा जंक्शन के बीच एक फ्लाईओवर के निर्माण के साथ, सिग्नेचर ब्रिज से भोपुरा चौक के बीच की पूरी 10 किलोमीटर की सड़क सिग्नल मुक्त हो जाएगी।



अधिकारियों संग उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।



### सिग्नेचर ब्रिज से भोपुरा तक होगा सिग्नल मुक्त

सिसोदिया ने कहा कि जी.टी.रोड पर आजादपुर से रानी झाँसी रोड इंटरसेक्शन के बीच एलिवेटेड रोड के एक हिस्से में डबल-डेकर फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा7 जिसके निचले डेक पर वाहनों की आवाजाही होगी और उपरी डेक पर मेट्रो चलेगी7 उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट पर दिल्ली मेट्रो व पीडब्ल्यूडी साथ मिलकर काम कर रहे है इससे निर्माण कार्य में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत कम होगी और टैक्सपेयर्स के पैसों की बचत होगी। आजादपुर से त्रिपोलिया गेट तक 2+2 लेन के इस फ्लाईओवर की कुल लम्बाई लगभग 2.2 किमी होगी और इससे सेंट्रल दिल्ली से उत्तरी दिल्ली के बीच यातायात सुगम बनेगा। इस परियोजना के दूसरे हिस्से में नजफगढ़ नाले से रानी झाँसी रोड इंटरसेक्शन पर 645 मीटर तक भूमिगत मेट्रो के साथ-साथ पिलर के लिए नींव डालने का काम भी किया जाएगा ताकि भविष्य में यहां पीडब्ल्यूडी द्वारा फ्लाईओवर का निर्माण किया जा सकें।

# भाजपा ने लगाया आरोप, हो रही शराब घोटाले से ध्यान बंटाने की कोशिश

● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता का दावा, सवालों का जवाब नहीं दे रही आप सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने पंजाब चुनाव से ठीक पहले नई आबकारी नीति में बदलाव केवल राजनीतिक और आर्थिक लाभ के लिए किया था।

यह आरोप दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार लोगों का शराब घोटाले से ध्यान बंटाने के लिए बेवजह आरोप अनाप शनाप बयान दे रही है। संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को गुप्ता ने कहा कि नीति में बदलाव से सरकार को 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ वहीं शराब माफिया से मिले हुए धन को पंजाब चुनाव में खर्च किया गया। आदेश गुप्ता ने केजरीवाल पर भाजपा के सवालों से बचने का आरोप लगाते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने राजनैतिक फायदें के लिए विधानसभा सत्र बुलाया जिसमें उन्होंने दिल्ली की समस्याओं पर चर्चा करने की बजाय सिर्फ अपनी सरकार की तारीफ में झूठे कसीदे पढ़े।

गुप्ता ने केजरीवाल सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि 2019-20 में जब पुरानी शराब नीति थी तो 132 लाख लीटर शराब प्रति माह की बिक्री हुई और सरकार का राजस्व 5068 करोड़ रुपये आया, लेकिन नई शराब नीति लागू होते ही शराब की बिक्री में दोगुना इजाफा हुआ यानि 245 लाख लीटर प्रतिमाह शराब की बिक्री हुई, लेकिन राजस्व घटकर 4465 करोड़ रुपये हो गया। आदेश गुप्ता ने कहा कि राजस्व और बिक्री दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इसलिए बिक्री का बढ़ना और राजस्व का कम होना केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रमाण है। गुप्ता ने कहा कि आखिर केजरीवाल के पास ऐसी कौन सी मजबूरी हैं जो उन्होंने अभी तक अपने खास विजय नायर को पेश नहीं कर पा रहे हैं। आदेश गुप्ता ने केजरीवाल से सवाल पूछते हुए कहा कि नई आबकारी नीति को समय पंजाब चुनाव से पहले क्यों चुना गया। इससे साफ है कि शराब माफियाओं के सहयोग से और उनके पैसे से केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ा और पंजाब के चुनाव में उनके पैसों का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने कहा कि आखिर केजरीवाल भाजपा के सवालों से कब तक बचते रहेंगे।




प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व अन्य।

# दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल के लिए आए 800 आवेदन

● मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बुधवार को की थी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हाल में शुरू किए गए दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल (डीएमवीएस) में दाखिले के लिए अबतक करीब 800 आवेदन प्राप्त हुए हैं और आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाई जा सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को डीएमवीएस की शुरुआत की थी और दावा किया कि यह भारत का पहला ऐसा मंच है जहां पर पूरे देश के विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता के दावे का खंडन करते हुए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने कहा था कि इस तरह के ऑनलाइन स्कूल की शुरुआत केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में ही कर दी थी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को (दाखिले की) प्रक्रिया

शुरू होने के बाद से शुक्रवार तक करीब 800 आवेदन आए हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने की अंतिम तारीख छह सितंबर तय की गई है, लेकिन इसे बढ़ाया जाएगा। कई लोग ऐसे भी हैं जिन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है, इसलिए हम नहीं चाहते कि ऐसे लोग आवेदन करने के अवसर से चूक जाएं। अधिकारी ने कहा कि नया सत्र अक्टूबर से शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम सोशल मीडिया के जरिए स्कूल के बारे में जागरूकता पैदा कर रहे हैं।



## एआईडीएसओ ने बताया छात्र विरोधी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने दिल्ली में वर्चुअल स्कूल मॉडल की शुरुआत को शनिवार को छात्र विरोधी करार दिया और कहा कि यह कदम शिक्षा तंत्र की नींव को नष्ट कर देगा। संगठन ने एक बयान में कहा कि ऑनलाइन कक्षाएं कभी भी कक्षा में सीखने का विकल्प नहीं हो सकतीं।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को देश के पहले वर्चुअल स्कूल की शुरुआत करते हुए कहा था कि देशभर के छात्र इस स्कूल में दाखिला लेने के लिए आवेदन दे सकते हैं। एआईडीएसओ ने एक बयान में कहा कि पिछले कदम पूरी तरह से एक अलग तस्वीर पेश करते हैं, जब लगभग 50 स्कूल बंद कर दिए गए। एआईडीएसओ ने कहा कि विज्ञान जैसे व्यावहारिक ज्ञान वाले विषयों को ऑनलाइन प्रयोगशालाओं के माध्यम से कभी भी प्रभावी ढंग से नहीं पढ़ाया जा सकता है।

# आप का निगम विद्यालयों से सीधा प्रसारण

● मौके पर पहुंचकर गिनाईं खामियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आप विधायकों ने शनिवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा संचालित कुछ स्कूलों का दौरा किया और उनकी खस्ता हालत दिखाने के लिए वहां का सीधा प्रसारण भी किया।

पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर स्कूलों के निर्माण में कथित अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद विधायकों ने भाजपा को घेरने के लिए ऐसा किया। आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज सहित आप



विधायकों ने स्कूलों के दौरे का सोशल मीडिया पर सीधा प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) कर वहां भवनों, कक्षाओं, शौचालयों और परिसर की खस्ता हालत को दिखाया।

उन्होंने स्कूल निर्माण पर होने वाले खर्च को लेकर दिल्ली सरकार पर सवाल उठाने के लिए भाजपा की आलोचना की। सिसोदिया ने ट्वीट किया है, भाजपा ने 17 साल एमसीडी की सत्ता में रहते हुए गरीब बच्चों को ऐसे स्कूल व शिक्षा व्यवस्था दी है। दिल्ली व देश के भविष्य के साथ इस तरह खिलवाड़ करने के लिए बीजेपी को माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने आप सांसद संजय सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई एमसीडी स्कूल के अस्वच्छ और गंदे शौचालयों की तस्वीरों पर यह प्रतिक्रिया दी है। सिंह द्वारा ट्विटर पर साझा की गई तस्वीरों में छात्र कक्षाओं में दरी पर बैठे नजर आ रहे हैं। भारद्वाज ग्रेटर कैलाश इलाके में नगर निगम द्वारा संचालित स्कूल में गए थे और दावा किया कि एक ही कक्षा में महज एक शिक्षक दो कक्षाओं के छात्रों को पढ़ा रहे थे।

# दो करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त, दो व्यक्ति गिरफ्तार

● पुलिस ने सूचना के आधार पर की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रोहिणी इलाके से दो व्यक्तियों को मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दोनों व्यक्तियों के पास से दो करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ भी बरामद किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर मनीष (34) के रोहिणी इलाके में होने की गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विचित्रवीर ने बताया कि पुलिस दल ने एक कार रोक कर तलाशी ली जिसमें मनीष और उसका साथी टिंकू मौजूद था। उन्होंने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दोनों के पास से उच्च गुणवत्ता की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपए कीमत बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मनीष पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी का निवासी है और वह वर्ष 2014 में लाहौरी गेट के पास लूटपाट के एक मामले में पांच साल कैद की सजा काट चुका है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में रिहा होने के बाद वह जुए के अवैध धंधे में शामिल संलिप्त हो गया और नुकसान होने पर दिल्ली-एनसीआर में मादक पदार्थ बेचने लगा।

Centre of Legal Education
Dr. Akhilesh Das Gupta Institute of Technology & Management
Approved by BCI,DHE & Affiliated to GGSIPU, Delhi
FC-26, Shastri Park, New Delhi – 110053.
Website: www.adgitmdelhi.ac.in

ADMISSION NOTICE
UNDER MANAGEMENT QUOTA for Academic Year 2022-23

Integrated B.A. LLB (F/T - 5 Yrs.) & Integrated B.B.A LL.B. (F/T - 5 Yrs.)

Applications from Qualified candidates fulfilling the Educational Qualifications and eligibility criteria laid down in the "Admission Brochure for the Academic Session 2022-23" issued by Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGSIPU), Delhi for "Management Quota" & respective guidelines of DHEGovt. of NCT Delhi and BCI are invited for Admission under various categories of Management Quota seats in the following Courses as prescribed by GGSIPU:

| | |
|---|---|
| BBA LL.B. (Hons.) - 5 Yrs. Integrated Programme (Full Time) | Course Code 121 |
| BA LL.B. (Hons.) - 5 Yrs. Integrated Programme (Full Time) | Course Code 121 |

Application Forms (hard-copy only)can be obtained from & submitted to the Admission Cell of the Institute during the working hours as notified by GGSIPU. The last date to fill up the management quota seats will be nine calendar days after the last date for regular admissions in the University announced by the GGSIPU for above Courses respectively. Incomplete applications will not be considered.

Admissions shall be on the basis of Merit. The Merit list of the Applicants will be displayed on the Website and Notice Board of the Institute within 2 days of closing date for submission of the application forms. Accordingly the 1st Round of Counseling at the Institute's Campus will be held within 3 days of drawing up of the Merit List of qualified management quota applicants . The Candidates thus provisionally selected shall be required to complete all the Admission Formalities as per the provisions laid down by GGSIPU in its Admission Brochure 2022-23. The 2nd Round of Counselling shall commence only after 12 hrs after admission through 1st round of counseling.

Candidates must ensure to follow the latest COVID-19 guidelines issued by the Ministry of Health and Family Affairs, Govt of India during Counselling & Reporting at the Institute.

DIRECTOR

डेल्टन केबल्स लिमिटेड
सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस 4801, भरत राम रोड 24 दरियागंज, नई दिल्ली – 110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई–मेल : cs@deltoncables.com,

सूचना
(डेल्टन केबल्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डेल्टन केबल्स लिमिटेड के सदस्यों की सत्तावनवीं (57वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, समय समय पर संशोधित, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर नंबर 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 के साथ पठित 14/2020, 17/2020, 20/2020 तथा 02/2021 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 के साथ पठित सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 और सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर /पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 ("सेबी सर्कुलर्स") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से, एजीएम की सूचना दिनांकित 02 सितम्बर, 2022 में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। उपरिवर्णित एमसीए तथा सेबी सर्कुलर (सर्कुलर्स) के अनुसरण में, 57वीं एजीएम की सूचना, जिसमें अन्य के साथ, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु प्रक्रिया तथा अनुदेशों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई–वोटिंग) हेतु प्रक्रिया एव अनुदेशों की व्याख्या, निष्पादित की जाने वाली व्यवसाय मदों और वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित व्याख्यात्मक विवरण शामिल है, उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा भेजी जाएगी जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध है। सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर द्वारा वर्ष 2022 हेतु समाप्त कर दी गई है। उपरोक्त दस्तावेजों की इलेक्ट्रॉनिक मेलिंग 7 सितम्बर, 2022 को अथवा पूर्व पूर्ण करने की आशा की जाती है। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, और सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी, इसके सदस्यों को, एजीएम में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा सीडीएसएल के माध्यम से उपलब्ध करा रही है।

जिन सदस्यों के पास शेयर भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं और जिनका ई–मेल पता कम्पनी/उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास पंजीबद्ध नहीं है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे सदस्य द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन प्रति अपना नाम, पूरा पता, फोलियो नंबर, कम्पनी के धारित शेयरों की संख्या का उल्लेख करते हुए, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति तथा निम्नलिखित किसी एक दस्तावेज नामतः आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन कार्ड, पासपोर्ट, यूटिलिटी बिल अथवा कम्पनी के पंजीकृत सदस्य के पता प्रमाण के समर्थन में किसी अन्य सरकारी दस्तावेज की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति cs@deltoncables.com अथवा investor@beetalfinancial.com को भेजकर अपना ई–मेल पता यथाशीघ्र पंजीकृत करवा लें, ताकि एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2022 ई–मेल द्वारा प्राप्त कर सकें। जिन सदस्यों के पास शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई–मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

कृपया नोट करें कि उपरोक्त स्कैन दस्तावेजों के आधार पर ई–मेल पता का अद्यतनीकरण/पंजीकरण केवल 57वीं एजीएम की सूचना तथा वर्ष 2021–22 के लिए वार्षिक रिपोर्ट भेजने के उद्देश्यार्थ होगा और तदुपरांत 57वीं एजीएम के तत्काल पश्चात आरटीए के रेकार्ड से निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। अतएव आपको कम्पनी से सभी भावी सूचनाएं, जिनमें वार्षिक रिपोर्ट्स, सूचनाएं, सर्कुलर्स इत्यादि शामिल हैं, इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए रेकार्ड में स्थायी पंजीकरण के लिए उपरोक्त दस्तावेजों की हार्ड कॉपीज आरटीए के पास भेजनी होंगी।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :
क) रिमोट ई–वोटिंग 27–09–2022 को पूर्वा. 10.00 बजे आरंभ होगी ;
ख) रिमोट ई–वोटिंग 29–09–2022 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी ;
ग) रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए ग्राह्यता निर्धारण हेतु कट–ऑफ तिथि 23–09–2022 है ;
घ) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी द्वारा सूचना ई–मेल किए जाने के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि को भौतिक/डीमैट शेयरों का धारक है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर अथवा 022–23058542/43 पर कॉल करके लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यही प्रक्रिया डीमैट/भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों द्वारा अपनाई जा सकती है, जिनके द्वारा अपनी ई–मेल आईडीज पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाई गई है। इस हेतु सत्यापन विवरण जैसे कि फोलियो नंबर, डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, पैन (स्कैन प्रति), डीमैट खाता विवरण भेजना होगा ;
ङ) रिमोट ई–वोटिंग 29–09–2022 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी और तथा उसके बाद सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दी जाएगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी ;
च) ई–वोटिंग सुविधा एजीएम के दौरान भी उन सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला गया है। वे सदस्य जो एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके होंगे, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु पुनः अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे छ) केवल वह व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों अथवा सदस्यों की पंजिका में, कट–ऑफ तिथि को, दर्ज मौजूद होगा ;
ज) श्री वैभव शर्मा, स्वामी मैसर्स वैभव शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज (सीपी नंबर 10831) को रिमोट ई–वोटिंग तथा ई–वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
झ) यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड/पिन का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य पासवर्ड भूल जाता है, तो वह www.evotingindia.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" का प्रयोग कर पासवर्ड दोबारा बना सकता है।

एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट (i) कम्पनी की वेबसाइट www.deltoncables.com (ii) सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com (iii) स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध होगी। एजीएम से पहले अथवा उसके दौरान किसी संदेह की स्थिति में आप www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूज") का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com अथवा श्री राकेश दाल्वी को ई–मेल लिख सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के लिए सुविधा संबंधी सभी शिकायतें श्री राकेश दाल्वी, प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई–400013 से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल भेज सकते हैं अथवा टोलफ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता./–
विकास रावत
कम्पनी सचिव तथा अनुपालनाधिकारी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 03–09–2022

# किलोकारी से ओखला एसटीपी तक सीवर की होगी सफाई

● सिसोदिया ने 4.8 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किलोकारी एसपीएस (फिल्टर हाउस) से ओखला एसटीपी तक ग्रेविटी डक्ट नंबर-1 की सफाई के 4.8 करोड़ रुपये की परियोजना को दिल्ली सरकार ने मंजूरी दी ।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि किलोकारी एसपीएस (फिल्टर हाउस) से ओखला एसटीपी तक ग्रेविटी डक्ट नंबर-1 (सीवर लाइन) की में गाद जमा हो जाने के कारण इस लाइन में सीवर के पानी का कम प्रवाह हो रहा है। लेकिन अब जल्द ही इस ग्रेविटी डक्ट की सफाई का काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को सीवर ओवरफ्लो की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सिसोदिया ने बताया कि 140-एमजीडी ओखला एसटीपी में मौजूदा तीन ग्रेविटी डक्ट्स (सीवर लाइनों) के माध्यम से सीवेज को पहुंचाया जाता है। इन तीन ग्रेविटी डक्ट्स को एनओएस नंबर-1, 2 और 3 में बांटा गया है।

## हवाईअड्डे पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, एक धरा

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 से अधिक लोगों से कथित तौर पर ठगी करने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान नजफगढ़ के रोशन विहार निवासी हेमंत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को 11 लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुमार ने आईजीआई हवाईअड्डे पर 25,000 रुपए प्रति माह वेतन पर नौकरी दिलाने के नाम पर उनके साथ ठगी की है। पुलिस ने बताया कि कुमार ने नौकरी दिलाने के नाम पर प्रत्येक उम्मीदवार से 10,000 रुपए भी लिए थे।

# रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली आज



रामलीला मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप देते मजदूर।

● सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गएः दिल्ली पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस की हल्ला बोल रैली की आज शुरूआत होने जा रही है। इसके लिए दिल्ली का रामलीला मैदान लगभग तैयार है। रैली को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

गांधी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा था कि आज देश के सामने सबसे बड़ी समस्याएं बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती नफरत है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष को चुप कराने के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन पार्टी बढ़ती महंगाई और आवश्यक खाद्य पदार्थों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के खिलाफ आवाज उठाना जारी रखेगी। वहीं दिल्ली पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यातायात परामर्श जारी किया है, जिसमें रविवार को सड़क बंद होने के बारे में यात्रियों को सूचना दी गई है। दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को ट्वीट किया, रामलीला मैदान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा रैली के आह्वान के कारण, कार्यक्रम स्थल के आसपास के कुछ हिस्सों में सड़क बंद रहेगी। परामर्श में कहा गया है कि रणजीत सिंह फ्लाईओवर बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक, विवेकानंद मार्ग, जेएलएन मार्ग, कमला मार्केट के आसपास गुरु नानक चौक, चमन लाल समेत कई बंद रहेंगे।

# एलजी ने पांच आईएएस अधिकारियों का किया तबादला

● उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में बढ़ सकती है तल्खी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के पांच आईएएस अधिकारियों के विभागों में फेरबदल के साथ तबादला किया गया है।

एलजी के आदेश के अनुसार, इन आईएएस अधिकारियों का तबादला और अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से लागू होगा। माना जा रहा है कि इससे उपराज्यपाल और आप सरकार में तल्खी बढ़ सकती है। इन अधिकारियों के विभाग बदले गए, जिसमें 2005 बैच के आईएएस अधिकारी आर एलिस वाज़, वर्तमान में सचिव (टीटीई) पद पर तैनात है उनको सचिव (उच्च शिक्षा) और एमडी (डीसीएचएफसी), सचिव (सूचना एवं प्रचार) के अतिरिक्त प्रभार के साथ आयुक्त सह सचिव (उच्च शिक्षा और टीटीई) के रूप में स्थानांतरित किया गया है। वर्तमान में आयुक्त (व्यापार और कर) के रूप में तैनात 2005 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. एसबी दीपक कुमार को सचिव (संवाद और विकास आयोग दिल्ली) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

वर्तमान में सचिव (सूचना और प्रचार) के रूप में तैनात वर्ष 2008 आईएएस बैच के सीआर गर्ग को सचिव (कला, संस्कृति और भाषा) के रूप में स्थानांतरित किया गया है।



फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण करते उपराज्यपाल

## विशेष डीएनए परीक्षण सुविधा का उद्घाटन

उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने शनिवार को रोहिणी स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से जुड़े मामलों के लिए उन्नत डीएनए परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। एक अधिकारी ने कहा कि यह सुविधा ऐसी मशीनों से लैस है, जो 24 नमूनों को एक साथ संसाधित कर सकती है। साथ ही पहले के मुकाबले 72 घंटों के बजाय 24 घंटों में विश्लेषण रिपोर्ट दे सकती है। यहां 93 कर्मचारी भी तैनात किए जाएंगे, जिनकी भर्ती को हाल ही में उपराज्यपाल ने मंजूरी दी थी।

वर्तमान में आयुक्त (श्रम) के रूप में तैनात वर्ष 2010 के आईएएस बैच के अधिकारी आर.एन. शर्मा को निदेशक (डीआईपी)-सह-विशेष सचिव (सूचना और प्रचार) और सीईओ (शब्दार्थ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विकास आयुक्त के पद पर तैनात वर्ष 1995 बैच के आईएएस अधिकारी एके सिंह को प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस बीच, एलजी ने एक अन्य आदेश में डैनिक्स के दो अधिकारियों का दिल्ली सरकार में तबादला कर दिया है।

आदेश के अनुसार, उपराज्यपाल, दिल्ली को तत्काल प्रभाव से, डैनिक्स अधिकारियों के संबंध में स्थानांतरण या पोस्टिंग या अतिरिक्त प्रभार के असाइनमेंट का आदेश लागू होगा।

## कल्याणपुरी में बेकाबू कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी इलाके में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 28 वर्षीय एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कार एक महिला चला रही थी और हादसे के समय उसने शराब पी हुई थी। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम पूर्वी विनोद नगर में दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मौके पर पहुंची, जहां उसे एक क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और एक वैगन आर कार मिली। प्रथम दृष्टया पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची की कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 4 सितंबर, 2022




# सीएम देंगे गुरुग्राम को 26 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से सीएम आज करेंगे परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल रविवार को बड़े पैमाने पर प्रदेशभर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करने जा रहे हैं। इसमें गुरुग्राम में भी 26 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास शामिल है।

इस दौरान गुरुग्राम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे। वे भी इस कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ेंगे। जिला के विधायक भी मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम लघु सचिवालय में होगा। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुबह 10:00 बजे से प्रदेश के विभिन्न जिलों में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुग्राम जिला में भी दो विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे तथा दो नई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। उद्घाटन किए



सीएम मनोहर लाल।

जाने वाली परियोजनाओं में जिला के गांव नखड़ोला में 492.45 लाख रुपये की लागत से बनाए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नवनिर्मित भवन तथा लगभग 7.82 लाख रुपये पटौदी नई अनाज मंडी में बनाई गई मिट्टी परीक्षण की मिनी सॉयल टेस्टिंग लैब शामिल हैं। मुख्यमंत्री रविवार को एक ही दिन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित की गई 16 नई लघु मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का उद्घाटन कर रहे हैं, जिन पर कुल 125.13 लाख रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री रविवार को पटौदी विधानसभा क्षेत्र के गांव बहोड़ा कलां तथा निकटवर्ती दो ढाणियों के लिए महा ग्राम योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा सीवरेज की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिन पर लगभग 2042.56 लाख रुपये की लागत आएगी।

# राष्ट्रीय पोषण माह में लगेंगे 30 स्वास्थ्य शिविर : डा. मंजू बांगड़

## जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ ने कहा, पांच सितंबर को लगेगा पहला शिविर

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत भारत सरकार, हरियाणा सरकार एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयुष विभाग गुरुग्राम एक से 30 सितंबर 2022 तक पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाने जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ ने शनिवार को बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिला में 30 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

यह स्वास्थ्य शिविर सिविल अस्पताल/ स्कूल/ आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/ पीएचसी/ सीएससी एवं आयुष औषधालयों पर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. मंजु कुमारी ने बताया कि 5 सितंबर 2022 पोषण माह का प्रथम शिविर सिविल अस्पताल सेक्टर-10 में आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को विशेष औषधि जैसे शतावरी इत्यादि वितरित की जाएंगी। किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को योग से स्वास्थ्य लाभ के उपाय आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ बताएंगे। गर्भवती महिलाओं व किशोर किशोरियों को रक्त वृद्धि के लिए औषधियां एवं आवश्यकता अनुसार उदर कृमि हर औषधियां वितरित की जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित आमजन को रसोई में उपयोग होने वाले मसालों को औषधि के तौर पर कैसे उपयोग कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में तीसरे दिन भिड़ीं छात्राएं



विद्यार्थियों के बीच हुई खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

**सोहना।** खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद और ऊंची कूद में 125 के लगभग खिलाड़ियों ने भाग लिया। खंड के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही विद्यार्थियों की खेलकूद प्रतियोगिता का आज शनिवार को तीसरा दिन था। तीसरे दिन सभी मुकाबले छात्राओं के बीच कराएं गए। जिसमें अंडर 14, 17 और 19 के बीच हुए। डी थ्रो में प्रथम स्थान कीर्ति, दूसरे स्थान पर राजकुमारी और तीसरे नंबर पर माही रही। लंबी कूद में प्रथम संगणनाएं दूसरे स्थान पर आर्शीदा और तीसरे नंबर पर अनुराधा रही। लंबी कूद अंडर-19 में संजना प्रथम, अर्शीदा दूसरे और नतीशा तीसरे स्थान पर रही। अंडर-17 में 800 मीटर दौड़ में गीतिका ने पहला, निधि ने दूसरा और राधिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में खेल कराने के लिए बनाई गई कमेटी के सदस्य प्राध्यापक कृष्ण पाल ने बताया कि सोमवार को छात्रों के बीच मुकाबले कराए जाएंगे। मंगलवार को प्रतियोगिता के आखिरी शेष रहने वाले खेल कराएं जाएंगे। उसके बाद पुरस्कार विवरण कार्य कराया जाएगा।

### निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज का चण्डीगढ़ में आगमन



**चंडीगढ़।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा मानवता का दिव्य संदेश देने के लिए चण्डीगढ़ की धरा पर प्रथम बार आज 04 सितंबर को मेला ग्राउंड, सैक्टर 34-ए चण्डीगढ़ में आगमन होगा। ये जानकारी चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज केके कश्यप ने दी। मेला ग्राउंड में संत निरंकारी मिशन के सेवादल एवं साध संगत के सदस्य श्रद्धा और उत्साह के साथ अपनी सेवाओं में लगे हुए हैं। इस संत समागम में चंडीगढ़, मोहाली, पंचकुला और पंजाब के अतिरिक्त हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा आसपास के क्षेत्रों से काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन पहुंचेंगे। संत समागम की इस सूचना से सभी संतों में अति उत्साह देखने को मिल रहा है। जोनल इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज का यही संदेश रहा है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होने के उपरांत हर जगह निरंकार ही नजर आता है। वास्तव में सदगुणों का विकास ही तब होता है जब मानव अपने मूल प्रभु-परमात्मा की पहचान कर लेता है। फिर दुनियावी जिम्मेदारियों को हम सहज में निभा जाते हैं। फिर प्यार, विनम्रता, सहनशीलता, एकता और सभी को एक दृष्टि से देखना तथा मर्यादा में रहना जैसे दिव्य गुणों का विकास मानव में होने लगता है। गुरुवचनों को कर्म में ढालकर उनके संदशों को आगे पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर संत समागमों का आयोजन हो रहा है, जिसमें मानवता को मजबूती प्रदान करने के लिए संदेश दिए जा रहे है।

### आप ने जताई रेहड़ी मार्केट में लगी आग पर चिंता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने सेक्टर 9 की रेहड़ी मार्केट में आग लगने से हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पीड़ित दुकानदारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की है। पार्टी का कहना है कि संकट की इस घड़ी में आप की पूरी हमदर्दी इन दुकानदारों के साथ है। पार्टी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मौके का दौरा करने के समय दुकानदारों के हुए नुकसान पर 25-25 हजार रुपये का मुआवजा दिये जाने की घोषणा को काफी कम बताया है। उन्होंने एक-एक दुकानदार को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। पार्टी ने इस आगजनी के बाद इस पर काबू पाए जाने के लिए पर्याप्त संसाधन न होने पर भी नाराजगी जताते हुए भविष्य के लिए इसे दूर करने की भी मांग की है। आज यहां जारी एक बयान में आप के उत्तरी हरियाणा जोन के सचिव योगेश्वर शर्मा ने कहा कि सेक्टर-9 की रेहड़ी मार्केट में वीरवार की देररात हुई आगजनी की घटना काफी दुखदायी है। उन्होंने कहा कि इस मार्केट में दुकानदारों के साथ-साथ उनसे जुड़े सैंकड़ों परिवारों का भी रोजगार जुड़ा हुआ था, जोकि चंद मिनटों में ही खाक हो गया। मुख्यमंत्री ने वहां सभी दुकानदारों के लिए 25-25 हजार रुपये के मुआबजे की घोषणा की है, जोकि नाकाफी है।

### निसान इंडिया ने की सीनियर मैनेजमेंट में नई नियुक्तियों की घोषणा

**चंडीगढ़।** निसान इंडिया ने अपने मैनेजमेंट ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सीनियर मैनेजमेंट में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। नेतृत्व में किए गए ये बदलाव एक सितंबर 2022 से प्रभावी होंगे। अभी जनरल मैनेजर, जोनल हेड-साउथ व वेस्ट पद संभाल रहे अमित मागू को निसान मोटर इंडिया का डायरेक्टर सेल्स नियुक्त किया गया है। वह निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव को रिपोर्ट करेंगे और गुड़गांव में रहेंगे। अपनी नई भूमिका में अमित बिज़नेस ऑपरेशंस का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार होंगे। निसान इंडिया के रीजनल सेल्स मैनेजर्स अमित मागू को रिपोर्ट करेंगे। अभी जनरल मैनेजर, जोनल हेड (नॉर्थ व ईस्ट) पद पर कार्यरत आशीष आनंद को निसान मोटर इंडिया का डायरेक्टर डीलर नेटवर्क डेवलपमेंट, कस्टमर क्वॉलिटी व ट्रेनिंग नियुक्त किया गया है। वह निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव को रिपोर्ट करेंगे और गुड़गांवए भारत में रहेंगे। नए ढांचे में डीलर डेवलपमेंट, कस्टमर क्वॉलिटी व ट्रेनिंग लीड्स आशीष को रिपोर्ट करेंगे।

# अब बिजली निगम देगा ब्याज समेत जुर्माना राशि

## अदालत ने बिजली चोरी साबित न होने पर निगम को दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** बिजली उपभोक्ता पर बिजली के मीटर की सील टैंपर्ड कर बिजली चोरी का आरोप बिजली निगम ने लगाया था। इस मामले में उपभोक्ता पर एक लाख 17 हजार 774 रुपये का जुर्माना भी लगा दिया था। उपभोक्ता ने जुर्माने का भुगतान करके बिजली निगम के खिलाफअदालत में केस दायर कर दिया था।

मामले की सुनवाई करते हुए सिविल जज हिमानी गिल की अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए बिजली निगम द्वारा उपभोक्ता पर बिजली चोरी के आरोप को गलत करार दिया है। अदालत ने बिजली निगम को आदेश दिया है कि जमा कराई गई जुर्माना राशि 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से वापस की जाए। पीड़ित के अधिवक्ता क्षितिज मेहता के मुताबिक 5 अक्टूबर 2016 को बिजली निगम के कर्मचारियों ने साउथ सिटी फेस-2 के सेवानिवृत अधिकारी बलराम सिंह पर आरोप लगाए थे कि उनका बिजली का मीटर लैबोरेट्री में चेक कराया गया है। उसकी सील टैंपर्ड पाई गई। जिससे स्पष्ट होता है कि उपभोक्ता बिजली की चोरी करता आ रहा था। बिजली निगम ने उस पर एक लाख 17 हजार 774 रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। साथ ही उसे यह धमकी भी दी गई थी कि यदि उसने जुर्माना की राशि जमा नहीं कराई तो उसका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। जिस पर उपभोक्ता ने जुर्माना भर दिया था। अधिवक्ता का कहना है कि इससे पूर्व भी बिजली निगम द्वारा उपभोक्ताओं पर लगाए गए बिजली चोरी के कई मामले विभिन्न अदालतों द्वारा गलत करार दिए गए हैं।

# गुरुग्राम के विकास में मारुति की सबसे बड़ी भूमिका : सुंदर लाल

## सरपंच सुंदर लाल ने की सरपंचों के साथ मिलकर की मारुति की नई कार ग्रैंड विटारा लांच

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि गुरुग्राम के विकास में कार निर्माता मारुति कंपनी का सबसे बड़ी भूमिका है। सबसे पहले प्लांट गुरुग्राम के सेक्टर-18 उद्योग विहार में लगा था। उसके बाद मानेसर और अब तीसरा प्लांट सोनीपत जिला के खरखौदा में लगने जा रहा है।

ये बातें उन्होंने शनिवार को मानेसर क्षेत्र की कई गांवों के सरपंचों के साथ आईएमटी मानेसर सेक्टर-1 स्थित प्लेटिनम मोटर कंपनी में मारुति की नई गाड़ी ग्रैंड विटारा की भव्य लांचिंग करने के दौरान कहीं। यह गाड़ी इस महीने के अंत तक बाजार में आ जाएगी।



गुरुग्राम के मानेसर में मारुति सुजूकी की नई गाड़ी ग्रैंड विटारा की लाचिंग करने पहुंचे सरपंचों का स्वागत करते प्लेटिनम मोटर कंपनी के अधिकारी।

प्लेटिनम मोटर कंपनी के जीएम ऋषि अरोड़ा, अश्वनी मित्तल सीईओ, अभिताभ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सरपंच सुंदर लाल यादव के साथ लांचिंग कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे विजय पाल सरपंच नाहरपुर, लक्ष्मण यादव सरपंच नखड़ोला, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, सतीश सरपंच डाबोदा, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर ने कहा कि यह गुरुग्राम के लिए गौरव की बात है कि आज से 34 साल पहले जापान की कंपनी मारुति ने यहां पर अपना प्लांट लगाकर युवाओं को रोजगार देने के साथ यहां के विकास की रास्ता तैयार किया। मारुति सुजूकी का मानेसर में प्लांट लगने के साथ ही मानेसर क्षेत्र में भी उद्योगों की बाढ़ सी आ गई। देखते ही देखते यहां दुनियाभर की कंपनियों ने अपने उद्योग लगाने शुरू कर दिए। मानेसर आज सिर्फ गुरुग्राम ही नहीं, देश और दुनिया के नक्शे पर देखा जा सकता है।

# अंग एवं नेत्रदान का महत्व बताने को हुई कार्यशाला

**चंडीगढ़।** जिला न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जिला बार एसोसिएशन द्वारा सिविल सर्जन डॉ. मुक्ता कुमार की अध्यक्षता तथा डिप्टी सिविल सर्जन डॉ मोनिका कौरा की सह अध्यक्षता में अंगदान एवं नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरुक करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ मोनिका कौरा ने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग 53 अधिवक्ताओं और 19 नागरिकों ने भाग लिया। सभी लोगों ने अंगदान व नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि इस दौरान एनसीडी कैंप का भी आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 80 अधिवक्ताओं ने रक्त शर्करा और उच्च रक्त चाप के लिए जांच करवाई। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में वरिष्ठ नेत्र शल्यचिकित्सकों ने भी भाग लिया।

# मेक इंडिया नंबर-1 कैंपेन हरियाणा से होगा शुरू : अशोक तंवर

## हिसार से होगी शुरुआत, सीएम अरविंद केजरीवाल व सीएम भगवंत करेंगे शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद अशोक तंवर ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हिसार से 7 सितंबर को मेक इंडिया नंबर वन कैंपेन की शुरुआत करेंगे। इसका मकसद प्रदेश और देश को नंबर वन बनाने को लेकर चर्चा करना रहेगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मेक इंडिया नंबर वन को लेकर संवाद करेंगे। ये जानकारी उन्होंने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में दी। अशोक तंवर ने बताया कि 8 सितंबर



गुरुग्राम आप कार्यालय में पत्रकारों से बात करते अशोक तंवर व उमेश अग्रवाल।

को आदमपुर में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद वे विशाल रैली को संबोधित करेंगे। इसमें प्रदेश के कोने कोने से हजारों लाखों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। इसके साथ ही आदमपुर से परिवारवाद और दोस्तवाद को उखाड़ फेंकने की शुरूआत हो जायेगी। अशोक तंवर ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो गए, प्रदेश को बने 55 साल हो गए। बहुत कुछ करने की जरूरत है। आप नेता उमेश अग्रवाल ने बताया कि किस प्रकार हरियाणा की बेरोजगारी खत्म हो, किसान कर्ज के बोझ से निकल कर जीवन को आगे बढ़ाए। किस प्रकार हरियाणा में उद्योग लगे। किस प्रकार प्रदेश के साथ देश विश्व में नंबर वन बने, इसको लेकर चर्चा होगी। इसमें प्रदेश के हजारों यूनिवर्सिटी के छात्र, युवा पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मिशन के अंदर हर पार्टी, हर धर्म और हर जाति के लोग जो हिंदुस्तान को विश्व का नंबर वन देश देखना चाहते हैं। वे सभी कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि हमें हरियाणा को देश का नंबर वन देश बनाना है। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के लोग आतुर हैं कि वे भी देश को नंबर वन बनाने में योगदान दें।

# गुरुग्राम से वाया दमदमा झील सोहना तक सिटी बस सेवा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुग्राम** सिटी बस हुड्डा सेंटर से वाया दमदमा झील से सोहना के बीच दौड़ने लगी है। जिससे इस मार्ग पर लगते 10 से 12 गांवों के ग्रामीणों का सफर आसान होगा। वहीं दमदमा झील पर जाने वाले पर्यटकों आने-जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना होगा। गुरुग्राम नगर निगम ने केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह के आदेशों की पालना करते हुए हुड्डा सेंटर से वाया दमदमा झील से सोहना के बीच बस सेवा शुरू कर दी है। केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत से गांव दमदमा में 16 अगस्त को एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां पर ग्रामीणों ने गुरुग्राम से वाया दमदमा झील सोहना के बीच सिटी बस चलाने की मांग की थी। केन्द्रीय मंत्री ने इस मांग को जल्द से शुरू कराने का आश्वासन दिया था।

**10 से 12 गांवों को मिलेगा लाभ** : दमदमा झील मार्ग पर गुरुग्राम सिटी बस चलने इस इस मार्ग पर पड़ने वाले गांव रिठौज, सहजावास, बहलपा, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, लोहटकी, सिरसका, खाईका और दौला के ग्रामीणों का सोहना, गुरूग्राम आना जाना आसान हो गया। विशेष रूप से गुरुग्राम, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और सोहना शिक्षा प्राप्त करने जाने वाले युवाओं का लाभ होगा। गुरुग्राम सिटी की सुबह पहली बस साढ़े बजे से शुरू होती है। सोहना से पहली बस 8 बजे तथा आखिरी रात साढे 8



गुरुग्राम वाया दमदमा झील मार्ग पर दौड़ने वाली सिटी बस।

> **28 अगस्त** से हुड्डा सेंटर से वाया दमदमा झील सोहना मार्ग पर दो बस शुरू की है। प्रत्येक बस दिन में 8 राउंड चक्कर लगाएगी।
>
> **राजेंद्र कुमार**
> **( निगम अधिकारी )**

बजे गुरुग्राम के लिए चलेगी। जबकि हुड्डा सेंटर से शाम 7 बजे आखिरी बस चलेगी।

**सोसायटी बस मालिकों की मनमर्जी** : प्रदेश सरकार की अनुमति से इस मार्ग पर चलने वाली सोसायटी की दो बसों को परमिट दिया हुआ है, लेकिन सोसायटी की बस पूरे दिन में एक सुबह का चक्कर लगाने के बाद पूरा दिन नदारद हो जाती है। ग्रामीण निजी वाहनों में सफर करने के लिट पिछले करीब 15 साल से मजबूर होते आ रहे हैं।

# विधायक प्रदीप ने जन समस्याओं पर चर्चा की

## विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**कांग्रेस** पार्टी के कालका विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप चौधरी ने शुक्रवार को कालका के एक निजी रिजॉर्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। जिसमें उन्होंने लोगों से जुड़े हुए कई मुद्दों पर मीडिया से चर्चा की। मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया। विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि आज कालका पिंजौर में डेंगू के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। जो चिंता का विषय है।

इस मामले को लेकर हम पहले ही पांच जुलाई को डीजी हेल्थ से मिले थे। ताकि सही समय पर डेंगू की रोकथाम के पुख्ता इंतजाम हो सके। इसके अलावा किसानों की बात करें तो किसानों की फसलों को बहुत गंभीर बीमारी लगी हुई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो



रहा है। जिसको लेकर आज डीसी से भी किसानों के साथ मुलाकात की और स्पेशल गिरदावरी की मांग की गई है, क्योंकि किसान काफी ज्यादा परेशान है। उसे अगली फसल की भी चिंता सता रही है। विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि पशुओं की बीमारी से पशुपालकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिन को लेकर सरकार गंभीर नहीं है।

सोचने वाली बात है चुनाव के वक्त ट्रिपल इंजन की सरकार के दावे करने वाले अब पता नहीं किस बात का इंतजार कर रहे हैं। वह विकास कार्यों को शुरू करें, उनकी केंद्र से लेकर राज्य में सरकार है। क्षेत्र की सड़कों की हालत बहुत ज्यादा खराब हो चुकी है। लोग हमें बताते हैं कि आज तक ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। जितनी खराब हालत आज के समय में सड़कों की हो चुकी है। चौधरी ने कहा कि मुद्दों की बात करें तो मुद्दे इतने ज्यादा हैं। लेकिन सरकार की तरफ से राहत नहीं मिल पा रही है। बुजुर्गों की पेंशन काटी जा रही है। गांव में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। बिजली की समस्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। जबकि पंचकूला को इनवर्टर फ्री करने के दावे किए गए। आज सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। भाजपा को केवल चुनाव के वक्त ही लोगों की समस्याएं याद आती है। आज उसके बाद उसे दूर करने की कोई चिंता नहीं होती है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने भी अपनी अपनी बात रखी। इस मौके पर अजय सिंगला, सुशील गर्ग, पवन कुमारी, हरभजन सिंह, नरेश मान, हर्ष चड्डा, कृष्णा देवी, नैब चौधरी, रामकरण चौधरी, सुरेंद्र चौहान, चंचल शर्मा, महेंद्र, गौतम इत्यादि मौजूद थे।

# जेपी नड्डा पहुंचे प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन दिनों हरियाणा दौरे पर हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन है। जहां अपने इस दौरे के दौरान वह भक्ति करते भी नजर आ रहे हैं।

दरअसल, जेपी नड्डा ने शनिवार सुबह हरियाणा के पंचकूला में प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर यहां मां मनसा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इधर, मंदिर के पुजारियों ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को प्रसाद के साथ आशीर्वाद के रूप में माता मनसा की चुनरी भी पहनाई। बतादें कि इस दौरान जेपी नड्डा के साथ बीजेपी के स्थानीय नेताओं सहित अन्य कई नेताओं की मौजूदगी रही। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बीते शुक्रवार हरियाणा पहुंचे थे। जिसके बाद वह यहां प्रदेश के नेताओं-कार्यकर्ताओं से मिले और उनके साथ अहम बैठके कीं। बेहद खास बात तो यह है कि जेपी नड्डा की मौजूदगी में हरियाणा बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक भी की गई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा के सीएम, गृह मंत्री अनिल विज और विधायक-सांसद मौजूद रहे।

# जीएम फसलों का उदय खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण के लिए लाभ कर रहा सुनिश्चित

## डॉ. शिवेंद्र बजाज, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**साल** 1990 में जब ग्राहकों के लिए पैदावार करने के लिए पहली बार जेनेटिकली मोडिफाईड (जीएम) फसल के बीज जमीन में डाले गए, तब से ही पूरी दुनिया में ऊंची पैदावार और बेहतर लाभ का दौर शुरु हुआ और किसानों की आय में वृद्धि दर्ज की गई। पहले विकसित देशों में अपनाए जाने के बाद, पिछले कुछ सालों में जीएम फसलों की खेती विकासशील देशों में भी स्थिर रूप से बढ़ रही है। इंटरनेशनल सर्विस फॉर एक्विजिशन ऑफ एग्री-बायोटेक एप्लीकेशंस (आईएसएएए) के अनुसार साल 2018 में पूरी दुनिया में जीएम फसलों के लिए



इस्तेमाल की गई 191.7 मिलियन हेक्टेयर जमीन में 53 प्रतिशत यानि 103.1 मिलियन हेक्टेयर जमीन विकसित देशों की थी। जीएम फसलों की मदद से साल 2016 में वैश्विक कृषि आय में 18.2 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष लाभ दर्ज किया गया। साल 1996 से 2016 के बीच 21 सालों में कृषि आय में 186.1 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है। जेनेटिकली मोडिफाईड फसल वह होती है, जिसमें पौधों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए उनके डीएनए में परिवर्तन कर दिया जाता है। इसके लिए आमतौर से पौधे के एक करीबी संबंधी का एक जीन उनमें डाला जाता है। ये जीन उनमें वांछित गुण, जैसे कीट प्रतिरक्षा, प्रतिकूल या अत्यधिक मुश्किल परिस्थितियों में बढ़ने की क्षमता प्रदान करते हैं, तथा उनमें पोषक तत्व भी बढ़ सकते हैं।

**जीएमओ फसल में विकसित किए जाने वाले तीन सबसे आम गुण हैं :** कीटों से प्रतिरक्षा, खरपतवारनाशक के प्रति सहनशीलता, और पौधों के वायरस से प्रतिरक्षा। जीएम फसलों की खेती और उनका उपयोग सुरक्षित है। यह तकनीक दुनिया की सबसे ज्यादा नियंत्रित की गई तकनीकों में से एक है। पूरी दुनिया में सरकारी नियामकों द्वारा की गई हर समीक्षा और आकलन ने इस बात की पुष्टि की है कि जीएम फसलें सुरक्षित हैं। अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जैसे एफएओ, डब्लूएचओ, और ओईसीडी ने बार-बार बायोटेक फसलों के सुरक्षित होने की पुष्टि की है और यह निष्कर्ष दिया है कि बायोटेक्नॉलॉजी द्वारा पैदा किया गया आहार उतना ही सुरक्षित और पोषक होता है, जितना कि अन्य विधियों, जैसे पारंपरिक खेती और ऑर्गेनिक खेती द्वारा पैदा किया गया आहार। हर देश व्यवसायिक अनुमति देने से पहले अपनी स्थानीय परिस्थिति में इन फसलों के सुरक्षित होने का परीक्षण करता है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 4 सितंबर, 2022



# आरक्षित वर्ग के लिए शीघ्र निकालें आरक्षण ड्रा : वी उमा शंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों और पंचों का ड्राफ्ट रहेगा जारीः मलिक

**मुख्यमंत्री** के प्रधान सचिव हरियाणा सरकार एसीएस वी उमा शंकर ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हरियाणा प्रदेश में सम्भावित चुनावों के मद्देनजर पंचायती राज संस्थाओं में ओबीसी वर्ग में बीसीए जन प्रतिनिधियों के लिए आरक्षण ड्रा शीघ्र निकालें। जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों और पंचों का आरक्षण मुख्यालय से ड्राफ्ट जारी होगा। वहीं सरपंचो के लिए जिला में ब्लाक स्तर पर निकलवाना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव हरियाणा सरकार एसीएस वी उमा शंकर और एसीएस कम डीजी पंचायत एवं विकास विभाग अनिल मलिक आज शनिवार को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये बीसीए वर्ग के लिए पंचायती राज संस्थाओं में जनप्रतिनिधियों के लिए रिजर्वेशन के सम्बन्ध में जिला उपायुक्तों को दिए दिशा-निर्देश दे रहे थे।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमा शंकर ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट व उच्च न्यायालय द्वारा गाइड लाइन जारी की गई हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सरकार ने हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश, 2022 लाकर हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण ड्रा किसी भी हालत में 50 फीसदी से अधिक ना हो इसका भी ध्यान रखा जाए।



**वीडियो कान्फ्रेंस से जिला फरीदाबाद में पंचायती राज संस्थाओं के बारे में जानकारी देते डीसी विक्रम यादव।**

प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंच के पदों को पिछड़ा वर्ग (ए) के लिए कुल सीटों के उसी अनुपात में आरक्षित किया जाए जो ग्राम सभा क्षेत्र की कुल आबादी में पिछड़ा वर्ग (क) की आबादी के आधे प्रतिशत के रूप में हो। यदि पिछड़े वर्ग (ए) की आबादी सभा क्षेत्र की कुल आबादी का 2 प्रतिशत या अधिक है, तो प्रत्येक ग्राम पंचायत में पिछड़े वर्ग (ए) से संबंधित कम से कम 1 पंच होगा। ऐसे वार्डों में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्डों को छोड़कर पिछड़ा वर्ग के लिए ड्रॉ के माध्यम से अलॉट किया जाए, प्रत्येक चुनाव में रोटेशन के आधार पर वार्ड आरक्षित किया जाए।

एसीएस कम डीजी पंचायत एवं विकास विभाग अनिल मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार इसी प्रकार, एक ब्लॉक में सरपंच के पदों की कुल संख्या का 8 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग (ए) के लिए आरक्षित किया जाए। पिछड़ा वर्ग (ए) के लिए आरक्षण के लिए प्रस्तावित ग्राम पंचायतों की संख्या के उच्चतम तीन गुना में से ड्रा द्वारा आवंटित किया जाए। जहां पर सरपंच का पद पहले से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, उन ग्राम पंचायतों को छोड़कर, पिछड़े वर्ग (ए) की आबादी का सबसे बड़ा प्रतिशत है, वहां बाद के चुनावों में रोटेशन द्वारा सरपंच के पद के लिए आरक्षण किया जाए।

"प्रत्येक पंचायत समिति में पिछड़े वर्ग (ए) के लिए वार्ड आरक्षित हों और इस प्रकार आरक्षित वार्डों की संख्या, उस पंचायत में वार्डों की कुल संख्या के अनुपात में लगभग समान होगी।

उन्होंने कहा कि ब्लॉक समिति में कुल जनसंख्या की पिछड़े वर्ग (ए) की आबादी के आधे प्रतिशत के रूप में वार्डों को ड्रा द्वारा अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित वार्डों के अलावा आवंटित किया जाए और बाद के चुनावों में रोटेशन अपनाया जाए। प्रत्येक जिला परिषद में भी पिछड़े वर्ग (ए) के लिए आरक्षित हों। इस प्रकार आरक्षित वार्डों की संख्या उस जिला परिषद में वार्डों की कुल संख्या के अनुपात के समान होगी। यह ड्रा अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित वार्डों के अलावा आवंटित किया जाए और बाद के चुनावों में रोटेशन अपनाया जाए।

डीसी विक्रम ने बताया कि फरीदाबाद जिला मे ओड-ईवन व पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के लिए रिजर्वेशन पूरी कर ली गई है। विडियो कान्फ्रेंस में एडीसी अपराजिता, सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लबगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, सीटीएम नसीब कुमार, एसीईओ अंकिता अधिकारी, डीडीपीओ अजीत सिंह, एसीपीओ श्यामवीर सिंह सहित विडियों कान्फ्रेंस से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फार्मेसी काउंसिल के चुनाव में धांधली का लगाया आरोप

## फार्मेसी काउंसिल चुनाव में जिले के पांच उम्मीदवारों ने भरा फार्म

**कविता।** फरीदाबाद

**सात** से 24 सितम्बर तक हरियाणा फार्मेसी काउंसिल के चुनाव होंगे। 31 अगस्त तक 41 उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में उतरने के लिए पर्चा भरा है। इनमें पांच उम्मीदवार जिले के भी शामिल हैं। जिसमें फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन धनेश अदलखा के अलावा काउंसिल के सदस्य रोहित खंडुजा, ईएसआई के फार्मासिस्ट/ऑल इंडिया फार्मेसी फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव और एसोसिएशन ऑफ गवर्नमेंट फार्मेसी ऑफिस हरियाणा के सदस्य दीपक त्रिपाठी और मोहना के अलावा संजय और एसजीएम नगर से शिव कुमार यादव ने पर्चा भरा है। प्रदेशभर में इन उम्मीदवारों को वोट देने के लिए 50 हजार फार्मासिस्ट है। लेकिन बैलेट पेपर केवल 30 से 40 हजार के नाम के जारी किए हैं। लेकिन वह भी मतदाता तक पहुंच नही पाते। जिसके कारण प्रदेशभर में रोष है। ऐसे में



विनोद दलाल।

फॉर्मेसी काउंसिल के चुनाव में धांधली रोकने को राज्य प्रधान विनोद दलाल ने मोर्चा संभाला है। उन्होंने इस कार्य को पूरा करने के लिए एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट हरियाणा ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, निर्वाचन अधिकारी व डाक विभाग के दूरसंचार मंत्री, महानिदेशक डाक विभाग दिल्ली, चीफ़ पोस्ट मास्टर जनरल अम्बाला, आठ सीनियर अधीक्षक, जिनमें अम्बाला, हिसार, भिवानी, रोहतक, करनाल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, गुरुगाम, फरीदाबाद के अधिकारियों को अवगत करवाया दिया है।

**ऐसे होती है धांधली:** एसोसिएशन के राज्य प्रधान विनोद दलाल ने बताया कि हरियाणा फार्मेसी




काउंसिल के चुनाव आगामी सात सितंबर से 24 सितंबर तक हैं, लेकिन इसमें धांधली होती है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान बैलेट पेपर को डाक से प्रदेश के 40000 वोटरों के पास भेजा जाता है।

डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत कर पैसे और राजनीतिक प्रभाव दिखाकर वहीं से बैलेट पेपरों को चुरा लिया जाता है और कुछ बैलेट पेपर जो पुराने पते होने के कारण डाक विभाग में वापस आते हैं। उनको दोबारा निर्वाचन अधिकारी के पास नहीं पहुंचने दिया जाता है। उनको पंचकूला के पोस्ट ऑफ़िस से उठाकर मतदान में प्रयोग किया जाता है। राज्य के ड्रग कंट्रोल ऑफिसर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट पर दवाब बनाते हैं और खाली बैलेट पेपर मंगवा कर अपने चहेतों को देते हैं और फिर साठ गांठ का खेल शुरू होता है। ऐसा करने से भ्रष्ट लोगों को काउंसिल में जाने का मौका मिल जाता है और हरियाणा प्रदेश के अधिकतर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अपना वोट डालने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा कार्य के लिए डाक विभाग व सरकारी अधिकारी व कर्मचारी एवं ड्रग कंट्रोल ऑफिसर जिम्मेदार है।

**ये की है मांग :** एसोसिएशन के राज्य प्रधान विनोद दलाल ने हरियाणा सरकार व डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि प्रत्येक बैलेट पेपर उम्मीदवार तक पहुंचना चाहिए और चुनाव की कार्यप्रणाली निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए और भ्रष्ट लोगों को भ्रष्टाचार करने से रोकना चाहिए। इसके लिए एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट हरियाणा का राज्य प्रधान होने के नाते पूरे हरियाणा प्रदेश के फार्मासिस्ट वर्ग को एसोसिएशन की तरफ से आगाह किया गया है कि वो अपना मतदान का अधिकार पहचान कर विवेक का इस्तेमाल करते हुए ईमानदार कैंडिडेट को अपना मत दें।

# ताऊ देवीलाल के जन्मदिवस पर चौटाला ने दिया निमंत्रण



**एनएच वन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हरियाणा के इनोलो सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला।**

**फरीदाबाद** जिले में पहुंचे इनेलों के सुप्रीमो चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने कहा कि देश व परदेश की हालत व सरकार पर कर्ज बढ़ाने व प्रदेश में बढ़ रहे अपराध और रोजगार के बारे में सोचना होगा। उन्होंने इस दौरान एक बैठक की और जिले का दौरा किया। वहीं उन्होंने आगामी 25 सितंबर 2022 में ताऊ देवीलालजी के जन्मदिवस को एक बड़े सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

यह सम्मेलन चौटाला के मुताबिक आने वाली राजनीति व महागठबंधन में एक अहम भूमिका निभायेगा। इसमें आने का उन्होंने लोगों को निमंत्रण दिया। इसके बाद इनेलो के सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनका हाल चाल पूछा व सभी को अपने दल बल के साथ सम्मेलन में आने का न्योता दिया। इस दौरान कई लोग इनेलो में शामिल हुए, तो उन्होंने खुशी-खुशी उन्हें शामिल करवाया। उन्होंने प्रदेश की दशा को देखते हुए कहा की गठबंधन सरकार का प्रशासन पर कोई लगाम नहीं है। अपराध देश व प्रदेश में दिन प्रतिदिन विराट रूप ले रहा है और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। गठबंधन सरकार दिन प्रतिदिन प्रदेश के ऊपर कर्ज का भार बढ़ाती जा रही है। चौटाला ने कहा की जब इनेलो सरकार थी तब सरकारी खजाने में करोड़ों का धन छोड़ा था, परंतु आज प्रदेश कर्ज के भार में डूबा पड़ा है। लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। हर वर्ग चाहे किसान हो या कमेरा इस सरकार से परेशान हो चुका है। अब प्रदेश के लोग केवल और केवल सत्ता परिवर्तन चाहते है। इस मौके पर देवेन्द्र तेवतिया (कार्यकारी अध्यक्ष), सुनील तेवतिया, विष्णु सुध आदि मौजूद रहे।

# तीन भैसों की करंट से मौत महिला को भी लगा करंट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**खेड़ीकला** गांव के निकट स्थित ओजोन सोसायटी के सामने एक टूटे बिजली के तार की चपेट में आने से एक किसान की तीन भैसों की मौत हो गई। खेत के मालिक ने बिजली विभाग को लगातार पांच घंटों तक तार टूटने की सूचना देने के लिए लगातार फोन किया, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया। जिस कारण एक किसान की तीन भैसों की मौत हो गई, वहीं किसान के परिवार की एक महिला को भी करंट ने दूर फैंक दिया था।

इससे पहले एक व्यक्ति को करंट लगने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने बिजली विभाग को सूचना दी। लेकिन सुबह 10 बजे की घटना के बाद दोपहर ढाई बजे तक भी बिजली विभाग के



**तीन भैसों के मरने के बाद परेशान किसान व महिला।**

अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। पुलिस ने मृत भैसों का पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिए। जानकारी के मुताबिक ओजोन सोसायटी के निकट नहरपार में एक किसान अपनी भैसों को लेकर चराने के लिए निकला था। उसी दौरान एक टूटे तार की चपेट में उसकी तीन भैंस आ गई। जिसके कारण तीनों की करंट लगने से मौत हो गई। बिजली का करंट इतना अधिक था कि एक भैंस ने तीन पलटी खाई और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# 'हल्ला बोल रैली' में होगी अहम भूमिका : मनोज अग्रवाल

## रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेसी नेता ने ली कार्यकर्ताओं की मीटिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पिछले** 8 साल से केंद्र की मोदी व हरियाणा की खट्टर सरकार ने रोजगार देने की बजाय देश व हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया जिसके कारण युवा वर्ग हताश व परेशान है।

वही देश में बेतहाशा महंगाई के चलते आज आम आदमी के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ चुकी है भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। ये वक्तव्य बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल ने आज बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव में रैली के संदर्भ में



**बल्लभगढ़ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल।**

आयोजित कार्यकर्ताओं की मीटिंग को संबोधित करते व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समूचे देश में व्याप्त महंगाई व बेरोजगारी को लेकर 4 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस पार्टी की 'हल्ला बोल रैली' ऐतिहासिक होगी। इस रैली की सफलता के बाद देश-प्रदेश से भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू होगी, जो उसे सत्ताविहिन करके ही थमेगी। मनोज अग्रवाल ने कहा कि हल्ला बोल रैली से बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता रामलीला मैदान पहुंचकर बेरोजगारी व महंगाई की जनक भाजपा सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करेंगे। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने आम आदमी की आवश्यकता की वस्तुओं पर भारी भरकम जीएसटी लगाकर जनता की कमर तोडने का काम किया है। जरूरत की सभी चीजों के भाव दोगुने हो गए हैं।

पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के बेतहाशा बढ़ते दाम आम आदमी का जीना दूभर कर रहे हैं। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारें महंगाई पर काबू पाने में नाकाम साबित हुई हैं। देश में बेरोजगारी महामारी का रूप ले चुकी है। सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार जग जाहिर हो चुका है।

जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली यह हल्ला बोल रैली देश में सत्ता परिवर्तन का बिगुल फूंकने का काम करेगी।

मीटिंग में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, सेवादल की प्रदेश सचिव सगीरन खान, युवा कांग्रेस नेता आजाद सैनी, वार्ड नं 41 के शुभम कसाना, धर्मवीर सैनी, प्रकाश सैनी, पवन सैनी, सोनू सैनी, कांग्रेस नेता प्रताप शर्मा, नरेश सैनी, सुरेंद्र सैनी, जगदीश सैनी, देवीराम सैनी, धर्मवती शर्मा, आंचल यादव सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यूपीएससी परीक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं: एसडीएम

## फाइनल रिहर्सल में दिए यूपीएससी की गाइड लाइन अनुसार दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एसडीएम** परमजीत चहल ने कहा कि यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए व एनएसीडीएस 2022 की लिखित परीक्षा में कोई भी कोताही नहीं बर्दाश्त होगी। दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। एसडीएम परमजीत चहल आज शनिवार को सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए आयोजित फाइनल रिहर्सल में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर को टिप्स दे रहे थे।



**सेक्टर 12 कन्वेशन हाल में अधिकारियों को संबोधित करते एसडीएम परमजीत चहल।**

उन्होंने कहा कि आज 04 सितंबर रविवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा फरीदाबाद में एनडीए व एनएसीडीएस की 2022 की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला फरीदाबाद में 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्रवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। यूपीएससी के सैक्शन आफिसर आशीष ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर 12405 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। एनडीए/एनए की परीक्षा पहले चरण में सुबह 10 से 12.30 बजे और दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे से साढ़े चार बजे तक होगी। इसी प्रकार सीडीएस-II परीक्षा पहले चरण में सुबह 09 से 11 बजे तक और दूसरे चरण में 12 बजे से दो बजे तक तथा तीसरे चरण में दोपहर 03 बजे से सांय 5 बजे तक होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। फाइनल रिहर्सल में सीटीएम नसीब कुमार,यूपीएससी के सहायक सैक्शन आफिसर सुनील कुमार, एसीपी सतपाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, तहसीलदार नेहा सारण, नायब तहसीलदार अजय कुमार, कर्ण कुमार सहित सम्बधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधिक गतिविधियो में संलिप्त आरोपियो की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने बंद घरों की रेकी कर चोरी व लूट की वारदतों को अंजाम देने वाले 4 आरोपियो को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रधान (23), मुकेश (19), गोलू (20) और सोनू (22) का नाम शामिल है। चारों आरोपी राजस्थान के अजमेर जिले के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने चारों आरोपियो को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से वारदात को अंजाम देने आरहे आरोपियो को गुरुग्राम रोड सैनिक कॉलोनी से थाना डबुआ के घर में चोरी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपियो ने फरीदाबाद में तीन चोरी व एक लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियो ने तीनों चोरी की वारदात थाना डबुआ के एरिया में तथा लूट की थाना ओल्ड के एरिया में अनजाम दिया है।

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन के समय बंद घरों की तीन/चार दिन रेकी करते है। फिर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। जिसमें आरोपियो ने 27 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-49 में अलमारी से 50 हजार रूपये व् आर्टीफिशियल ज्वेलरी गायब चोरी की था, 14 जून को सेक्टर-49 में एक जेसीबी कम्पनी के वर्कर के घर से 13500 रूपये, 4 गिलास चांदी व् चांदी सिक्के चोरी किए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## एम्बुलेंस ड्राइवर्स को दी बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग



**फरीदाबाद।** शहर के सभी एम्बुलेंस ड्राइवर्स को कुछ जीवन रक्षक तकनीकें प्रदान करने के उद्देश्य से सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में एक बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से एम्बुलेंस ड्राइवर्स को कार्डियक अरेस्ट, सांस रुकने, डूबने और सीपीआर जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण मैरिंगो क्यू.आर.जी हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. हिमांशु दिवान द्वारा दिया गया। साथ ही ट्रॉमा एवं एक्सीडेंट, कार्डियोलॉजी और इमरजेंसी ट्रीटमेंट के विशेषज्ञ जैसे डॉ तरुण शर्मा (न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी), डॉ बालकिशन गुप्ता (सर्जरी), डॉ राकेश सपरा, डॉ गजिंदर गोयल (कार्डियोलॉजी) एवं डॉ कावेश्वर (प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन) भी मौजूद रहे और सभी एम्बुलेंस ड्राइवर्स को सम्बोधित किया। डॉ. हिमांशु दिवान (एसोसिएट डायरेक्टर-क्रिटिकल केयर मेडिसिन) ने कहा कि ट्रेनिंग में बेसिक लाइफ सपोर्ट के कॉन्सेप्ट, महत्व, तकनीकों और आपात स्थितियों के दौरान बेसिक लाइफ सपोर्ट (बी.एल.एस.) प्रदान करते समय महत्वपूर्ण कदमों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि यदि अस्पताल में उपचार या चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में देरी हो रही है तो गोल्डन आवर (पहले 1 घंटे) के दौरान बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रदान करने से अस्पताल में पहुंचने से पहले होने वाली मौतों को रोकने में मदद मिल सकती है। लोग हमारे टोल फ्री नंबर 1800-309-9999 पर कॉल करके इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

## पूर्व विधायक स्वर्गीय पुरुषभान का परिवार जेजेपी में शामिल



**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी को फरीदाबाद में उस समय बड़ी सफलता मिली जब पूर्व विधायक स्वर्गीय पुरुषभान के पुत्र कुलदीप तथा संदीप ने अपने परिवार तथा समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने पार्टी का पटका पहनाया। पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन चौधरी जगेन्दर, सुल्तापुर के पूर्व सरपंच रणवीर,खटका गांव के पूर्व सरपंच इंद्राज, कुशक गांव के पूर्व सरपंच राजू, गुलावद गांव के पूर्व सरपंच रामपाल,सलोटी गांव के पूर्व सरपंच चौधरी चंदर, फुलवाडी गांव के पूर्व सरपंच देशराज, पूर्व सरपंच सरजीत, नाई नगला गांव के चौधरी बेगराज नंबरदार, इंडरी गांव के पूर्व सरपंच चौधरी ओमप्रकाश, पावटा गांव के पूर्व सरपंच चौधरी जनकी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## चोरी और झपटमारी में तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी की टीम ने चोरी और स्नैचिंग करने वाले तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राजू, बोबी और रितिक का नाम शामिल है। आरोपी राजू बल्लभगढ की भगत सिंह कॉलोनी का आरोपी रितिक फरीदाबाद के गांव टिकावली का तथा आरोपी बाबी फरीदाबाद की भारत कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी राजू को थाना सेक्टर-58 के चोरी के मुकदमे में अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से एस्कॉर्ट कम्पनी के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी से मौके पर चोरी का मोबाईल फोन बरामद कर लिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी रितिक और बोबी को थाना आदर्श नगर के स्नैचिंग के मुकदमें में डीलर चौक बल्लबगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपियो से एक मोबाईल फोन बरामद किया जा चुका है।

## कार्यकारी अभियंता पर फूटा कर्मियों का गुस्सा, लगाए आरोप



**फरीदाबाद।** लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता पर कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। अधिकारी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। लंबित मांगों को लागू करने की मांग को लेकर हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ब्रांच बी एंड आर के कर्मचारियों की आम सभा रेस्ट हाउस बल्लभगढ़ में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता ब्रांच के प्रधान कपी ने की जबकि संचालन सचिव नंदकिशोर ने किया। इस मौके पर राज्य के पूर्व प्रधान और सीटू के जिला सचिव, वीरेंद्र सिंह डंगवाल, एवं राज्य की केंद्रीय कमेटी के सदस्य हितेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दोनों नेताओं ने कार्यकारी अभियंता पर कर्मचारियों की मांगों को लागू करने में टालमटोल की नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को यूनियन का अधिकारी के साथ लिखित में समझौता हुआ था। यूनियन के प्रधान कपी ने बताया कि कर्मचारियों को अपनी इंक्रीमेंट के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। आज की बैठक को उमर उद्दीन, शहाबुद्दीन, बालवीर, प्रेम, आदि ने भी संबोधित किया।

## गणपति पंडाल में गूंजे जय श्री राम के जय घोष

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा सार्वजानिक श्रीगणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में 30 अगस्त से 04 सितम्बर तक बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है। मंडल द्वारा 02 सितम्बर को सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ की शुरुआत गणेश वन्दना द्वारा की गई। गणेश वन्दना के बाद विनोद वर्मा ने रामजी के भजन मेरे मन में है राम मेरे तन में है राम के साथ समा बांध दिया। इसके बाद विनोद वर्मा जी के साथ सभी ने सुंदर कांड पाठ का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विनोद वर्मा के साथ नरेंद्र भाटिया, करन सिंह, गोविद गोयल, अनिल, विनय अरोडा, राजेन्द्र केडिया ने इस शाम को भक्तिमय बनाया। कार्यक्रम में चिंतामणि, गौरव बजाज, रोहित, रविन्द्र पांचाल, लक्की, अक्षय, हरेन्द्र, शेखर, तेजस, विनय पांचाल, विनय एवं मंडल के सभी सदस्य मौजूद थे।

## लूट की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने अवैध हथियार के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ पिंटू बल्लभगढ़ के गांव सीही का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को थाना सेक्टर 8 के अवैध हथियार के साथ मारपीट और लूट के मामले में सीही गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## आज मंत्री देंगे नये पार्क के निर्माण की सौगात

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा रविवार को सेक्टर-64 में महिला थाना के पास नये पार्क के निर्माण के कार्य का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी देते हुए मंत्री के टीआरओ जोगेन्द्र रावत ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को शाम 5:00 बजे वहीं लोगों को सम्बोधित करेंगे।

## महिला कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**फरीदाबाद।** एनआईटी नंबर 1 फरीदाबाद में वंचित वर्ग की बच्चियों के लिए एक महिला कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ। जिसमें सेवा आरती के प्रमुख कार्यकर्ता भीम पाहवा, भुवनेश, मोहन, विजय, आत्मप्रकाश, राधा, पूनम, कपिल, दवेश दुबे उपस्थित थे। इस केंद्र में बच्चियों को प्रशिक्षण आईटी इंजिनियर पंकज और शान्तनु देंगे।

## शनिवार को काम पर नजर आए निगमकर्मीः अरोड़ा


**फरीदाबाद।** शहर में समस्याओं का अंबार है। समस्याओं के समाधान को लेकर जहां एक तरफ लोग नगर निगम अधिकारियों को कोसते हैं वहीं नगर निगम अधिकारी जनता को सहूलियत देने के लिए अपनी पूरी कोशिश करते हैं। शनिवार को निगम अधिकारियों का एक कर्तव्यनिष्ठ चेहरा सामने निकल कर आया। शनिवार को वर्किंग डे ना होने के बावजूद भी निगम अधिकारी तथा कर्मचारी अपने काम में जुटे हुए दिखाई दिए। वार्ड नंबर 13 के पार्षद पद उम्मीदवार भारत अरोड़ा ने निगम के एसई ओमवीर से मुलाकात की।


# यही है बनारस, जहां एक ओर ठहाका तो दूसरे छोर पर गहरा अवसाद-राजनाथ

## सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में पुस्तक का लोकार्पण समारोह

## जिसे सत्य की अनुभूति हो जाए उसके लिए सारी दुनिया काशी है- राज्यपाल

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी





**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि बनारस रसों का ऐसा रसायन है जिसमें कई तत्व हैं। काशी ऐसी है जहां एक छोर पर बेजोड़ ठहाका है तो दूसरे पर गहरा अवसाद। एक तरफ व्यजंनों का बाजार है तो दूसरी ओर संघर्षों का अंबार। एक सीढ़ी पर चुम्बकीय आशक्ति है तो दूसरी पर विरक्ति। इसका बहुत से लोगों ने अपने साहित्य में उल्लेख किया है। राजनाथ सिंह शुक्रवार को सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक पुस्तक लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि काशी अद्भुत नगरी है। केरल से आए शंकर को आदि शंकराचार्य बना दिया। एक श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसे सत्य की अनुभूति हो जाए उसके लिए सारी दुनिया काशी है। काशी महादेव, अन्नपूर्णा व पार्वती की नगरी है लेकिन अवर्णनीय, अतुलनीय, अद्भुत, युगपदी भी है। कहा कि भारत के लोग भरत अग्नि के वंशज हैं। इसलिए उसमें तेज होता है। तेज का अर्थ ज्ञान से है। भारत की पहचान विद्या व ज्ञान के केंद्र के रूप में थी लेकिन इतिहास ने दुर्दशा कर उसे लुप्त कर दिया।

**आज सत्य कहने में डर लगता है-दत्तात्रेय होसबाले:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की एक प्रचलित कविता देखी तुम्हरी काशी... की बेबाकी का उल्लेख करते हुए कहा कि आज सत्य कहने में डर लगता है। बेबाकी से सत्य कहने वाले लोग जो शब्द लिखते हैं उस पर आपत्ति होती है तो उस समाज की परिपक्वता पर प्रश्नचिन्ह होता। बात पर लड़ाई-झगड़े होंगे तो कविता बंद हो जाएगी। हां दूसरों की भावना पर चोट नहीं होनी चाहिए। काशी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कबीर, रैदास, तुलसी, प्रेमचंद, बिस्मिल्लाह खान की है तो शंकर, बुद्ध, विवेकानंद यहां आए और समाज को एक दिशा दी।

### रक्षामंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ व्व संकटमोचन मंदिर में किया दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को सुबह श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुँचकर बाबा का अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया तथा बाबा विश्वनाथ से देश में शांति, सुख एवं वैभव का आर्शीवाद मांगा। रक्षामंत्री के साथ दर्शन-पूजन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेष पाठक, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, भाजपा नेता शंकर गिरि, रविशंकर सिंह, सहित दर्जनों नेता उपस्थित रहे। इसके पश्चात रक्षामंत्री राजनाथ सीधे श्री संकटमोचन मंदिर पहुँचे जहाॅ वे श्री हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मंदिर के मंदिर के महंत प्रो0 विश्वम्भर नाथ मिश्र से एक औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर महंत जी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को अंगवस्त्रम एवं प्रसाद देकर स्वागत किया और कुछ देर तक मंदिर प्रांगण के एक कमरे में बातचीत एवं हालचाल की। इस अवसर पर विधायक सौरभ श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

**उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत रही लोगों की भारी उपस्थिति**

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर मृदुला जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, मंत्रिगण अनिल राजभर, आशीष पटेल, डा. दयाशंकर मिश्र दयालु, दयाशंकर सिंह, रवींद्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एके त्यागी व पूर्वांचल विश्वविद्यालय की निर्मला मौर्या, पूर्व मंत्री महेश शर्मा, आरएसएस के भैय्याजी जोशी समेत पद्म पुरस्कार विजेता, साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, व्यापारी आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय बनाने की तैयारी



**प्रयागराज।** प्रयागराज में वर्ष 2025 में होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुम्भ मेले से पहले प्रयागराज हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनाने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसकी जानकारी दी। विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक के बाद मौर्य ने कहा, हाल ही में एक सर्वेक्षण में प्रयागराज हवाईअड्डे को ढांचागत सुविधाओं के मामले में देश में 13 वां स्थान मिला है। यहां यात्रियों की भी बड़े पैमाने पर उपलब्धता है। उन्होंने कहा, प्रयागराज में 2025 के महाकुम्भ को देखते हुए यहां के हवाईअड्डे का विस्तार करने के साथ ही इसे अंतरराष्ट्रीय बनाने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया है। मौर्य ने बताया कि शंकरगढ़ में एक तेल रिफाइनरी के लिए 2000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था और आज की बैठक के माध्यम से रिफाइनरी के संबंध में एक प्रस्ताव पेट्रोलियम मंत्रालय के भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के लिहाज से प्रयागराज में विकास की अपार संभावना है। काशी, विंध्याचल, अयोध्या, चित्रकूट की तरह प्रयागराज में धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए 2025 के महाकुम्भ से पहले विकास परियोजनाओं को लेकर आगामी 11 सितंबर को अलग से एक बैठक की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान प्रयागराज से काशी जाने वाले लोगों के लिए हंडिया तक का मार्ग एकल कर दिया जाता है, लेकिन इससे कांवड़ ले जाने वाले लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए प्रयागराज से हंडिया तक कांवड़ पथ बनाने की संभावना तलाशने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में कम वर्षा हुई है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित किसानों की फसल यदि कम वर्षा से खराब हुई है तो उन्हें मुआवजा देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# जामा मस्जिद शम्सी के नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा करने वाली अर्जी पर 15 को सुनवाई

**बदायूं।** जिले की एक अदालत में याचिका दायर कर एक मस्जिद के बारे में दावा किया गया है कि यह भगवान शिव का मंदिर रहा है। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में याचिका दायर कर दावा किया गया है कि बदायूं शहर में स्थित जामा मस्जिद शम्सी, राजा महिपाल के किले में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर है। शुक्रवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन विजय गुप्ता ने याचिकाकर्ता को याचिका दायर करने की अनुमति दी और मामले की सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तारीख तय की। याचिकाकर्ता अरविंद परमार ने बताया कि उन्होंने याचिका में अदालत से अपील की है कि सनातन धर्म के अनुयायियों को मंदिर में पूजा अर्चना करने की अनुमति दी जाए एवं पुलिस तथा प्रशासन को यह निर्देश दिए जाएं कि वह पूजा अर्चना के दौरान किसी भी तरह की रोक-टोक अथवा विवाद ना उत्पन्न होने दे। उन्होंने बताया कि इस मामले में अलग से प्रार्थना पत्र देकर अदालत से कमीशन नियुक्त कर सर्वे कराने की भी मांग की गई। जज ने शम्सी जामा मस्जिद की इंतेजामिया कमेटी को भी 15 सितंबर को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं में से एक वकील अरविंद परमार ने शनिवार को कहा कि पहला पक्ष पहले पक्षकार स्वयं भगवान नीलकंठ महादेव महाराज हैं। वादियों में शामिल वकील अरविंद परमार ने बताया कि याचिका में पहले वादी स्वयं भगवान नीलकंठ महादेव बनाए गए हैं, जबकि अन्य वादियों में उनके अलावा अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक मुकेश पटेल, ज्ञान प्रकाश, डाक्टर अनुराग शर्मा व उमेश चंद्र शर्मा ने शामिल हैं।

## सोलह दिवसीय सोरहिया मेले में महिलाओं ने शुरू किया पूजन-अर्चन

**वाराणसी।** ाशी के लक्खा मेले में शुमार सोरहिया मेला शनिवार को आरंभ हो गया। 16 दिन तक चलने वाले अनुष्ठान में भक्त माता महालक्ष्मी का आज लक्ष्मीकुंड मंदिर पहुँचकर दर्शन-पूजन किया एवं माताओं ने सोलह गांठ का धागा धारण कर व्रत आरंभ करती है जो सोलहवें दिन यानि नवमी को व्रत का पारण करती है। महालक्ष्मी मंदिर में तीन सितम्बर से 16 दिनों तक सोरहिया मेले में पूजा पाठ के लिए भीड़ उमड़ी। सुख, समृद्धि और संतान प्राप्ति के लिए व्रत के साथ लाखों लोगों की श्रद्धा जुड़ी हुई है। इसकी गिनती भी काशी के आठ लक्खी मेलों में होती है। काली मंदिर के मंहत विकास दूबे ने बताया कि प्राचीन काल से सोरहिया पूजन होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महर्षि अगस्त्य ने लक्ष्मीकुंड की स्थापना की थी। राजा ज्यूत को संतान न लक्ष्मी थी। माॅ लक्ष्मी ने उन्हें दर्शन दिया और लक्ष्मीकुंड पर पूजन और व्रत करने की प्रेरणा दी।

## बचत की रक्षा करने के लिए सुरक्षित बैंकिंग की विधियों का पालन करें

**वाराणसी।** डिजिटल बैंकिंग और भुगतान से मिली सुविधा व आराम के साथ लोगों को अपनी मेहनत की कमाई बचाने और उसकी सुरक्षा के मामले में सावधान रहना जरूरी हो गया है। नए युग की बैंकिंग में भरोसा स्थापित करने के अपने प्रयासों के तहत उत्तर प्रदेश में विस्तृत मौजूदगी के साथ फिनो पेमेंट्स बैंक ने एक ग्राहक जागरुकता अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य लोगों को धोखाधड़ी से बचाना है। वाराणसी में अभियान का लॉन्च करते हुए शैलेश पांडेय फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा भरोसा बैंकिंग का मूलभूत तत्व है और हम सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर बैंकिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए अपने सिस्टम को अपग्रेड कर निरंतर भरोसे को मजबूत करने का प्रयास करते हैं।

## ग्राहकों की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत

**वाराणसी।** हमारा उद्देश्य ग्राहकों की मांग को पूरा करना है जो डेकॉरेटिव लाइटिंग की विस्तृत रेंज की तलाश में हैं। इस स्टोर के लांच के साथ हम फिर से यह ज़ाहिर करना चाहते हैं की अपने ग्राहकों की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए हम रचनात्मक व आधुनिक समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे उत्पाद बिजली की बचत करने वाले, इस्तेमाल में आसान और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस होते हैं। हम उम्मीद है की इस स्टोर के जरिए हम अंतिम उपभोक्ताओं को सीधे सेवाएं दे सकेंगे तथा डेकॉर को समर्पित एक क्षेत्र का विकास भी कर पाएंगे। हैवेल्स अपनी किस्म का अनूठा, खूबसूरती से डिजाइन किया गया लाइटिंग स्टोर गोरखपुर में अपना पहला स्पेशल डेकॉरेटिव लाइटिंग स्टोर का हैं।

## नवीन कुमार ने रूरा कस्बे का बढ़ाया गौरव

### शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक गतिविधियों के चलते राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिये हुआ चयन



**कानपुर देहात।** रूरा कस्बे ने शनिवार को एक और बडी उपलब्धि तब हासिल की जब कस्बे के अकबरपुर रेड बजरॅगनगर निवासी शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित को प्रदेश सरकार ने राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिये चयन किया। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिये जहाॅ रूरा कस्बा सहित सम्पूर्ण जनपद में खुशी व उत्साह का आलम है। वहीं उनके सहायक शिक्षकों, शुभचिन्तकों, अधिकारियों ने नवीन कुमार दीक्षित की इस गौरवमयी उपलब्धि के लिये उन्हे ढेरों बधाईयाॅ दी है। नवीन कुमार दीक्षित एक सामान्य परिवार से आते है, सामाजिक व सॅस्कारित पृष्ठभूमि के नवीन शुरू से ही मानवाधिकार, पर्यावरण, खेलकूद व मानवीय सॅवेदनाओं के कार्यों में उनकी गहरी रूचि थी। बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर नियुक्ति के बाद भी अवकाश के दिनों व अध्यापन कार्य के बाद उन्होंने शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों मे भी कई उल्लेखनीय कार्य किये। जुनूनी व बेहद विनम्र स्वभाव के नवीन दीक्षित ने कठपुतली कला, सुडको डोमिनो, जियो बोर्ड, फ्रिंगर पपेट, कोलाज, सिठमरा टीवी,बाल अखबार के माध्यम से शिक्षा जगत में अध्यापन के क्षेत्र में क्रान्तिकारी उपलब्धियाॅ हासिल की, इन्ही उपलब्धियों के लिये राज्य सरकार ने राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु उन्हें चयनित किया। जनपद के डेरापुर ब्लाक के सिठमरा उच्च प्राथमिक विद्यालय के इस शिक्षक ने शिक्षण कार्य के बाद अतिरिकत् समय में व़िद्यालय की छात्रा मीनाक्षी को कुश्ती में नेशनल स्वर्ण एवॅ दक्षिण एशियाई देशों के मध्य भूटान से स्वर्ण पदक जिता कर बेसिक शिक्षा विभाग को भी गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अतिरिक्त राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता ने अपने विद्यालय के आधा दर्जन से अधिक बच्चों को राज्य स्तरीय स्तर पर उनकी प्रतिभा का इस्तेमाल करते हुये पुरस्कार दिलवाने में सहायता प्रदान की। इसी विद्यालय के दो दर्जन से अधिक छात्रों को डीएम, एसपी, व एडीएम सहित राज्यमॅत्रियों ने भी सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों में देशभक्ति की भावना का सॅचार करने के लिये छात्रों को तिरॅगा झण्डा बनाने के साथ पर्यावरण की रक्षा के लिये प्रत्येक छात्र से पौधारोपण के लिये प्रेरित किया।

# खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, चार की मौत

## बाराबंकी में हुआ हादसा,10 लोग जख्मी




**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में शनिवार तड़के एक ट्रक के सड़क किनारे खड़ी बस को टक्कर मार देने से चार लोगों की मृत्यु हो गई तथा 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) पूर्णेन्दु सिंह ने बताया कि नेपाल से गोवा जा रहे श्रमिकों से भरी एक डबल डेकर बस का टायर तड़के करीब साढ़े तीन बजे रामनगर थाना क्षेत्र के महंगूपुर गांव में पंक्चर हो गया था, जिसे सड़क किनारे रोककर ठीक किया जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

उन्होंने बताया कि इस घटना में 14 लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों की मृत्यु हो गई। घायलों में से दो को लखनऊट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। बाकी आठ का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों में प्रेम थारू, शीतल थारू, चक्र बहादुर बाली तथा एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। सिंह ने बताया कि बस में करीब 60 लोग सवार थे। बाकी लोगों को नेपाल भेजने की व्यवस्था की जा रही है। मौके पर अब यातायात व्यवस्था सामान्य है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**सोनभद्र में ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार महिला समेत तीन लोगों की जान गई:** सोनभद्र। सोनभद्र जिले के चोपन इलाके में एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा चोपन थाना क्षेत्र के चौपनिया गांव के पास हुआ। चोपन थाना के प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया, मजमुद्दीन अंसारी (25), इश्तियाक अंसारी (27) और उनका रिश्तेदार गुलाब (30) मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

**बरेली में दीवार के मलबे में दबकर एक बच्चे की मौत एक घायल:** बरेली जिले के एक गांव में दीवार गिरने से उसके मलबे में दबकर एक बच्चे की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बरेली के पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बताया कि सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बिरिया नरायनपुर के रहने वाले मजदूर विजनेश कुमार का बेटा गौरव कुमार(11) शनिवार को पड़ोस के रहने वाले संजीव के बेटे हिमांशु के साथ घर के बाहर खेल रहा था। उन्होंने बताया कि इसी बीच एक अन्य पड़ोसी चंद्रपाल के मकान की दीवार गिर गई जिसके मलबे में दोनों बच्चे दब गए। उन्होंने बताया कि इसी बीच एक अन्य पड़ोसी चंद्रपाल के मकान की दीवार गिर गई जिसके मलबे में दोनों बच्चे दब गए। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हिमांशु का उपचार चल रहा है।



**प्रयागराज। गंगा का जलस्तर घटने के बाद मंदिर फिर से खुलने पर शनिवार को बाघमबाड़ी गद्दी मठ के महंत बलवीर गिरि महाराज ने बड़े हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान का अभिषेक किया**



**इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय त्यागी ने संतकबीरनगर न्यायालय परिसर में शनिवार को पौधरोपण किया। इस अवसर पर जनपद न्यायधीश लक्ष्मी कांत शुक्ल, अपर जिला जज महेंद्र सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन हरिकेश सहित न्यायिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।**


# दलित छात्र को पीटने वाला शिक्षक निलंबित

**बलिया।** बलिया जिले के विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा मोटरसाइकिल पर हाथ रखने को लेकर एक दलित छात्र की पिटाई के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने बताया कि इस मामले की खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच की गई तथा जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक कृष्ण मोहन शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच पुलिस ने शिक्षक के विरुद्ध शनिवार को मामला दर्ज किया और उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया है। पुलिस के अनुसार जिले के नगरा थाना क्षेत्र के भीमपुरा नंबर 2 गांव निवासी विवेक नगरा शिक्षा क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनऊपुर में कक्षा छह का छात्र है। छात्र विवेक ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को पूर्वान्ह साढ़े दस बजे भोजनावकाश के समय उसका हाथ गलती से विद्यालय के शिक्षक कृष्ण मोहन शर्मा के मोटरसाइकिल पर रख गया। उसने बताया कि इसके बाद शिक्षक उसे लेकर कथित रूप से विद्यालय के एक कमरे में गए तथा उसका कालर पकड़ कर उसे कमरे में बन्द कर दिया। छात्र ने आरोप लगाया कि उसकी लोहे के पाइप व झाड़ू से पिटाई की गई तथा उसका गर्दन दबाया गया। विवेक ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने बीच बचाव कर उसे बचाया।

इस घटना की जानकारी होने पर शनिवार को विद्यालय में छात्रों के परिजनों ने हंगामा किया। नगरा थाना प्रभारी देवेंद्र नाथ दूबे व खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाकर हंगामा समाप्त कराया। थाना प्रभारी देवेंद्र नाथ दूबे ने बताया कि दलित छात्र की मां कौशीला की तहरीर पर शिक्षक कृष्ण मोहन शर्मा के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का मामला दर्ज**

बलिया। जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 25 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला सामने आया है।पुलिस ने इस संबंध में शुक्रवार को मामला दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने शनिवार को बताया कि जिले के बांसडीह रोड थाने में शुक्रवार को शुभ नारायण वर्मा के खिलाफ बलात्कार के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में शुभ नारायण वर्मा के भाई और पिता पर भी अपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने 25 वर्षीय युवती द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे का हवाला देते हुए बताया कि शुभ नारायण वर्मा ने शादी का झांसा देकर गत 18 मई से चार दिन तक युवती से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि युवती को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।




## जल गया शक्ति भी गई

सिंह साहब इस समय फर्श पर पड़े हैं। वह भी चारों खाने चित। जब सिंह साहब के पास पिछली सरकार में जल की शक्ति थी तब वह पंख लगा कर आसमान में उड़ रहे थे। नीचे देख ही नहीं रहे थे। शायद उन्हें इस बात का आभास नहीं था कि जब वह अर्श से गिरेंगे तो सीधा फर्श पर पड़े होंगे। वो भी चारों खाने चित। सिंह साहब के लिए यह वही समय है। अब तो उन्हें कोई पूछ भी नहीं रहा है। कुछ समय पहले सिंह साहब के मन में ख्याल आया जल तो चला ही गया है चलो शक्ति ही ले ली जाए। इसके लिए उन्होंने संगठन में बैठे ऐसे व्यक्ति से संपर्क किया जो पिछली सरकार में लगातार बांस की बनी बांसुरी बजाकर लोगों को अपने वश में किए हुए थे। सिंह साहब को लगा बस यही हमारा कल्याण करेगा और हमें शक्ति अर्जित करा देगा। सिंह साहब बगैर कुछ सोचे समझे ही अपनी पांच साल की कमाई मेहनत को लेकर उनके पास चले गए और उनको दे दिया। सिंह साहब को क्या पता था कि ये बांस की बांसुरी बजाने वाले के भी दिन ठीक नहीं चल रहे हैं। इसको भी बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। आखिरकार हुआ भी वही। बांस की बांसुरी बजाने वाला सिंह साहब का सब कुछ लेकर चला गया। अब सिंह साहब कुछ कहने की स्थिति में बचे ही नहीं है। आखिर अपनी व्यथा कहें तो किससे कहें। और क्या कहें। जल शक्ति तो पहले ही चली गई थी। अब मेहनत की कमाई भी चली गई।

## आदर्श व्यवस्था

नेताओं की तरह इस समय खाकी महकमे में हुक्मरानों को भी जहां अपने चरण स्पर्श कराना खूब भाता है वहीं दूसरी ओर इसी महकमे में एक अधिकारी ऐसा भी है जिसके कार्यप्रणाली की चर्चा पूरे महकमे में है। अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए महकमे में मशहूर पीपीएस संवर्ग के यह अधिकारी वर्तमान में पश्चिम यूपी के एक जिले में तैनात हैं। पिछले दिनों उन्होंने अपने कार्यालय में एक ऐसी नोटिस चस्पा करवा दी जिसकी गूंज राजधानी लखनऊ तक सुनाई पड़ रही है। नोटिस में लिखा है कि इस कार्यालय में बाबूजी नाम का कोई भी व्यक्ति नहीं है। इस कार्यालय में कोई भी व्यक्ति पैर न छुए। पैर छूने पर 200 रुपए का जुर्माना देना होगा। महकमे के ही लोग बताते हैं इस नोटिस के पीछे उनकी मंशा यह है कि उनसे मिलने आने वाले फरियादी में अक्सर ऐसे बुजुर्ग भी होते हैं, जिनकी उम्र दादा, बाबा जितनी होती है। वे समस्या बताते-बताते उसके निदान के लिए अचानक पैर भी छू लेते हैं। ये देखने और महसूस करने में काफी असमानता भरा और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला लगता है। इसे खत्म करने के लिए ही नोटिस लगवाई है। इसके अलावा कार्यालय में फरियादी किसी को बाबू जी कह कर संबोधित न करें क्योंकि यहां बाबूजी नाम का कोई कर्मी काम नहीं करता। उनका कहना है कि हम सब सरकारी सेवक हैं और हमें जनता का कार्य करने का वेतन मिलता है। फिर किसी के आत्मसम्मान के साथ उनके कार्यालय आकर अपनी समस्या बतानी चाहिए।

## किसने खेला किससे हुआ खेला



यूपी की नौकरशाही में पिछले दिनों जो बड़ा परिवर्तन हुआ उससे अब लोग यही कहने लगे हैं कि खेला तो हो गया। दरअसल नौकरशाही में कई खेमे हैं जिसमें हर कोई एक दूसरे को महाराज जी के सामने पिछाड़ने की कोशिश में लगा रहता है। एक साहब सेवानिवृत्त हुए तो उन्हें उम्मीद थी कि उनको सेवा विस्तार मिल जाएगा और उनकी सेवा विस्तार मिलने या ना मिलने से कई अन्य साहब लोगों की भी तकदीर जुड़ी हुई थी लेकिन उनको सेवा विस्तार नहीं मिला और वह सेवानिवृत्त हो गए। उसके बाद जो प्रशासनिक महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ उसकी अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा तो स्वाभाविक रूप से होने लगी है कई कद्दावर अधिकारी जो लंबे समय से एक ही पोस्ट पर थे उन्हें हटाकर अब दूसरे विभागों में भेजा गया है। एक साहब जिनके पास काफी अहम जिम्मेदारी थी वह अब प्रदेश में खेलकूद प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देंगे जबकि एक साहब जिनके पास प्रदेश की सेहत का जिम्मा था वह अब लघु उद्योग की बागडोर संभालेंगे। ऐसे कई परिवर्तन हुए जिससे लगा कि महाराज जी ने एक बड़ा संदेश यूपी की नौकरशाही को दिया है। अब इस परिवर्तन से हर खेमा अलग अलग निहितार्थ निकाल रहा है कि किसके साथ खेला हो गया और कौन खेल गया।

## कब टलेगी बला



शासन की एक ताकतवर महिला अधिकारी इस समय खासी चर्चा में हैं। महिला अधिकारी के आगमन को अभी दो महीने ही हुए हैं लेकिन महिला अफसर ने अपनी कार्यकर्मठता और सक्रियता से बड़े बड़े साहबों की नींद उड़ा दी है। नगर निगम में आए नवागत नगर आयुक्त को सफाई में विशेष ध्यान देने के फरमान ने पूरे विभाग में हलचल मचा दिया है। उनके एक आदेश जिसमें सफाई कर्मियों को ड्रेस में रहने और सीवर कर्मियों को पूरी से टी देने के निर्देश ने नगर निगम में उलझा दिया है। नगर निगम वर्षों पुरानी अपनी घिसी पिटी परंपरा से चल रहा है जहां नगर निगम सफाई पर पैसा जरूर खर्च करता है लेकिन कार्यदायी सफाई कर्मियों को पैसा न देना पड़े इसका एक भी अवसर नहीं छोड़ता। पर तेज तर्रार महिला अफसर ने इस परंपरा पर कुठाराघात किया है जिससे कुछ अफसरों और बाबुओं की ऊपरी कमाई बंद हो गयी है। अब बेचारे साहब इसी खबर का इंतजार करते हैं कि मैडम का कब ट्रांसफर होगा। हर बार शासन की सूची निहारते हैं...।

## गर्दिश में तारे

एक समय बहन जी के आंखों का तारा बने फिरते मिसरा जी के तारे आजकल गर्दिश में चल रहे हैं। न तो वह सार्वजनिक बैठकों में नजर आते हैं और न ही ट्विटर पर। गाहे बगाहे पार्टी का पक्ष रखने वाले मिसरा जी आजकल चुप हैं। मिसरा जी के तारे तो विधानसभा चुनाव के साथ ही गर्दिश में चले गए थे जब पार्टी के खाते में एक सीट आई थी। हालांकि यह सीट पार्टी की बदौलत नही व्यक्तिगत कमाई के चलते आई थी लेकिन मुहर पार्टी की लगी थी इसलिए पार्टी ही मानी जायेगी। खैर छोड़िए इन बातों को। बात मिसरा जी की हो रही है। खास समाज का ठेका लिए फिरने वाले मिसरा जी के बारे में खबर है कि लगातार कई चुनावो से खट्टा स्वाद चख रही बहन जी ने उन्हें साइडलाइन कर दिया है। न तो कोई उनकी खबर आ रही है और न ही वह एक्टिव दिखाई दे रहे हैं। कुछ भी हो मिसरा जी की स्वामिभक्ति पर सवाल उठाना लाजिमी नहीं है क्योंकि उन्होंने इस बार बहन जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपने पूरे घर को मैदान में उतार दिया था। मिसरा जी मथुरा तो मिसिराइन काशी में चुनावों के वक्त ब्राह्मण समाज को जोड़ने के लिए दिखाई देतीं थी। दामाद सोशल मीडिया पर तो बेटा खुद संग परछाई की तरह दिखाई देता था। इतनी मेहनत के बाद भी रिजल्ट के बारे में तो सबको पता है। बताने की जरूरत नहीं। बात यहां चुनाव और गर्दिश की है तो रिजल्ट के बाद बहन जी भी सोचने को मजबूर हो गईं कि कानून द्वारा कानून के राज में कहां कमी हो गई। लिहाजा उन्होंने पहले मिसरा जी को किनारे किया।मिसरा जी ठहरे पाई पाई का हिसाब रखने वाले तो उनसे एकदम से नाता तो तोड़ा नही जा सकता। अच्छा हो कि पहल मिसरा जी की तरफसे हो जाय। फिलहाल मिसरा जी के तारे गर्दिश में जरूर हैं।

# छात्रों को नई जिम्मेदारी व नई सोच के साथ काम करना होगा: दुर्गा शंकर मिश्र

● मुख्य सचिव ने केजीएमयू व आईआईटी कानपुर के एसआईबी शाइन का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि छात्रों को नई जिम्मेदारी, नई सोच के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी की सफलताओं को एक अकल्पनीय स्तर तक ले जाने का लक्ष्य तय करना होगा। प्रशिक्षित इनोवेटर्स और उद्यमियों की आवश्यकता है, जो चिकित्सा उपकरणों और आपूर्ति के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में क्रांति ला सके। उन्होंने कहा कि केजीएमयू मेडिकल क्षेत्र में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की मदद से उपकरण बनाने के लिए उद्यमियों और इनोवेटर्स की मदद करेगा ताकि मरीजों के इलाज में एंडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया जा सके।

मुख्य सचिव शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में केजीएमयू और आईआईटी कानपुर के एसआईबी शाइन का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायोडिजाइन सिनर्जिंग हेल्थ, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एसआईबी शाइन) में चयनित 9 छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नवरत्न की उपाधि दी। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में एसआईबी शाइन में बड़ा बदलाव तथा नई ऊर्जा देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज यूनिवर्सिटी लखनऊ ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायोडिजाइन, सिनर्जिंग हेल्थ, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एसआईबी शाइन) कार्यक्रम की स्थापना की, जो डीबीटी, भारत सरकार के द्वारा वित्त पोषित है। एसआईबी शाइन के पहले बैच वर्ष 2022-23 के लिए नव कुशल अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। कार्यक्रम में केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी, डीओआरडी आईआईटी कानपुर प्रो. एआर हरीश और वैज्ञानिक भारत सरकार डॉ. कलावानी गणेशन आदि उपस्थित थे।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए: महेश गुप्ता

● शिकायतों के समाधान के लिए मोबाइल ऐप बनाने के दिए निर्देश

## अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता ने निर्देशित किया है कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री की मंशानुरूप बिजली उपलब्ध करायी जाए। जहां कहीं पर भी निर्बाध आपूर्ति से संबंधित शिकायत आये उसका शीघ्र समाधान किया जाय। किसी भी कार्य को पारदर्शी तरीके से सुचारू ढंग से एवं समयबद्ध संपादित किया जाए, जिससे प्रदेश की विद्युत व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए समय-समय पर सभी स्तरों पर कार्यों की मॉनीटरिंग एवं उपकरणों की निगरानी भी की जाय।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा शक्ति भवन में पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर व निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले इसके लिए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाय तथा कार्य प्रणाली को और सरल बनाया जाये। साथ ही नीचे से लेकर उच्च स्तर तक के कार्मिकों की भी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए जिससे कार्यों में पारदर्शिता आए और सुचारू ढंग से समयबद्ध संपादित भी हो सके। उन्होंने लाइन हानियों को कम करने तथा राजस्व वसूली को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। कहा कि राजस्व वसूली का लक्ष्य वास्तविक बिल पर निर्धारित हो न कि रैंडम पर हो। बकाये बिल की वसूली पर कार्मिकों को इन्सेंटिव भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए तथा विद्युत के अन्य समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल ऐप भी बनाया जाए, जिससे ऐप के माध्यम से उपभोक्ताओं का पॉजिटिव फीडबैक प्राप्त हो सके। साथ ही मीटर, ट्रांसफार्मर, फीडर तथा विद्युत कार्यालयों की मैपिंग भी करवाई जाए जिससे मोबाइल ऐप पर ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण हो सके। उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ट्रांसफार्मर व केबिल की खराबी को समय से ठीक किया जाए तथा सभी स्तरों पर व्यवस्था की मॉनीटरिंग की जाए और मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया जाए। साथ ही इसके लिए विद्युत उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। एसीएस ने कहा कि प्रदेश में स्थापित विद्युत इकाइयों की उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो इसके लिए अनपरा, हरदुआगंज व अन्य बिजली घरों की मेन्टीनेंस कटेगरी बनाकर इसे इम्पलीमेंट भी कराया जाए। साथ ही इन इकाइयों के मेंटीनेंस का शिड्यूल भी बनाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कम खर्च पर एक सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था कैसे बनायी जाए इसके लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, विशेषज्ञों एवं आमजन के विचार व सुझाव भी मांगे जाएं।

## प्रदेश में मिले कोरोना 246 नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान कोरोना के 246 नए मरीज मिले हैं। कल एक दिन में कुल 74541 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 121963241 सैम्पल की जांच की गयी हैं। विगत 24 घंटों में 455 लोग तथा अब तक कुल 2098128 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 1815 एक्टिव मामले है। प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में एक दिन में कुल 845,408 वैक्सीन की डोज दी गयी है। कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 153864841 तथा दूसरी डोज 146951275 दी गयी। 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 14164795 तथा दूसरी डोज 13098873 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 8641347 तथा दूसरी डोज 7585811 दी गयी। कल तक 27547150 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। कुल मिलाकर 371854092 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

## मार्निंग मास रेड में 11 लोगों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

मोहनलालगंज। सेस तृतीय खण्ड में शनिवार को सघन मार्निंग मास रेड अभियान चलाया गया। एसडीओ उपेन्द्र पटेल की अगुवाई में जेई आशुतोष कुमार व धर्मेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम ने नगराम के अलग-अलग मोहल्ले में चार लोगों को कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। इसी तरह कांटा नन्दौली गोसाईखेड़ा किला बंगला में चार लोग कटिया लगाकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। वहीं मदापुर में एक कटिया लगाकर चोरी और दो बकाएदार बकाया चुकाए बिना बिजली का उपयोग करते पकड़े गए। एक्सईएन घनश्याम त्रिपाठी ने बताया अभियान में पकड़े गए लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई की जा रही है।

# करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड सहित दो गिरफ्तार

● एसटीएफ मुख्यालय की साइबर क्राइम टीम ने दोनों को दिल्ली से दबोचा, तमाम फर्जी दस्तावेज, रिवाल्वर व कार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



रेलवे सहित विभिन्न सरकारी विभागों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड सहित दो जालसाजों को एसटीएफ ने नई दिल्ली से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तमाम फर्जी दस्तावेज, एक रिवाल्वर और एक कार बरामद हुई।

एसटीएफ मुख्यालय स्थित साइबर क्राइम टीम को सूचना मिली कि रेलवे, एफसीआई व विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय है। जिसके द्वारा बेरोजगार युवकों से कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर ठगी की जा रही है। जिसके सम्बन्ध में सुनील कुमार पटेल द्वारा थाना मिर्जामुराद, जनपद वाराणसी में 419, 420, 467, 468, 506 आईपीसी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसमें उन्होंने जानकारी दी है कि उनको व उनके साथ के 5 बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के नाम पर राज कुमार सिंह व गौरव सेट्ठी द्वारा लगभग 26 लाख रुपए धोखाधड़ी कर हड़प लिए गए हैं।

साइबर टीम ने इस संबंध में और जानकारियां एकत्र करने का प्रयास प्रारम्भ किया। इस दौरान मिली एक सटीक सूचना के आधार पर टीम ने बाईडब्ल्यूसीए बिल्डिंग अशोक रोड नई दिल्ली के रूम नंबर 102 से दोनों जालसाजों राज कुमार सिंह उर्फआरके सिंह निवासी ग्राम कनपुरियन का पुरवा, थाना नसीराबाद, पोस्ट बरखुरदारपुर, रायबरेली और गौरव सेट्ठी निवासी एफ 89 राजौरी गार्डन, थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया। इनके पास तमाम फर्जी दस्तावेज, एक रिवाल्वर और एक ब्रेजा कार बरामद हुई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त राज कुमार सिंह उर्फ आरके सिंह ने बताया कि में वर्ष 1994 में भारतीय सेना में सोल्जर जीडी के पद पर नियुक्त हुआ। भारतीय सेना में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत रहा। वर्ष जून 2011 में सेवानिवृत्त हो गया। सेवानिवृत्ति के पश्चात विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी के लिए परीक्षाएं दिया। इसी दौरान दिल्ली के कारोबारी रंजीत सिन्हा का पीएसओ बन गया और 2 वर्ष तक उनके पीएसओ के रूप में उनके साथ रहा। वर्ष 2014 से 2019 तक महेन्द्र सिंह धोनी के मैनेजर अरूण पांडेय का पीएसओ रहा। लाकडाउन में नौकरी न रहने के बाद दिल्ली के पहाड़गंज के होटल में सिद्दीकी (हकीम जी) सहारनपुर के माध्यम से गौरव सेट्ठी उपरोक्त से मुलाकात हुई। गौरव ने रेलवे की नौकरी में अपनी सेटिंग होने की बात कही और बोला कि अगर आपके घर, परिवार, दोस्त का कोई बच्चा बेरोजगार हो तो मैं रेलवे में भर्ती करा दूंगा। तो मैने अपने दोस्त राजेश जो मुम्बई एयरपोर्ट में सीआईएसएफ में कार्यरत है, उससे यह बात बताया। तो उन्होंने अपने गांव में बात करके एक लड़की व चार लड़कों को रेलवे में भर्ती कराने के लिए काम दिया व मेरे बैंक खातों में थोड़ा थोड़ा करके 25 लाख रुपए डाले। मैने गौरव सेट्ठी के खाते में 12 लाख रुपए ट्रांसफर किए। गौरव सेट्ठी ने युवकों को रेलवे में भर्ती नही कराया। जिसके उपरान्त सुनील कुमार पटेल अपने साथियों के साथ मेरे गांव गया व रुपए वापस करने के लिए दबाव बनाने लगा। जिसके बाद में अपना मोबाइल बन्द करके छिप-छिप कर इधर उधर रह रहा था।

# समाजवाद के रास्ते से भटक गई है सपा: दीपक मिश्रा

● समाजवादी पार्टी से प्रसपा का कोई गठबंधन नहीं होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के प्रवक्ता दीपक मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी समाजवाद के रास्ते से भटक गई है। प्रसपा ही असली समाजवाद के रास्ते पर है, लिहाजा अब समाजवादी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं होगा। असली समाजवाद प्रदेश में हम लोग ही लाएंगे। प्रसपा प्रवक्ता एवं समाजवादी विचारक दीपक मिश्रा ने कहा कि समाजवादियों को उनका हक दिलाने के लिए अब प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने बीड़ा उठा लिया है जिसे वे अंजाम तक ले जाएंगे। दीपक मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में मात्र शिवपाल सिंह यादव ही एक ऐसे नेता हैं जो जनता की हक की लड़ाई लड़ने के लिए मैदान में उतर आए हैं। इसका प्रमाण इसी बात से लगाया जा सकता है कि शिवपाल ने अपने पुत्र आदित्य यादव को भी प्रसपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जनता की सेवा के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि प्रसपा और सपा की कोई जमीन आसमान का अन्तर है। प्रसपा जमीन पर उतर की संघर्ष करने वाली पार्टी जबकि सपा केवल कमरे में बैठकर बयानबाजी तक सीमित रहने वाला दल बनकर रह गया है। दीपक मिश्रा ने कहा कि यही कारण है कि सपा और प्रसपा का कोई मेल नहीं है और न ही आगे रहे।

# अराजकता पर उतर आए हैं सत्ता के अहंकार में चूर भाजपाई :अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्ता के अहंकार में चूर भाजपाई अराजकता पर उतर आए हैं। उन्हें न तो बाढ़ में डूबे गांवों की ओर न हीं फसल चौपट होने से परेशान किसानों की फिक्र है। भाजपाई बस इन दिनों ठेका पट्टे के पैसे की बंदरबांट और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। भाजपा राज में कानून व्यवस्था को पूरी तरह दर किनार कर दिया गया है। अखिलेश ने कहा कि झांसी में भाजपा विधायक और जिलाध्यक्ष एक सड़क के टेण्डर को लेकर भिड़ गए। ठेका-पट्टे के मुनाफे में उलझे भाजपाइयों के चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। जौनपुर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आए भाजपा के दो बड़े नेताओं के बीच सार्वजनिक स्थल पर लातघूंसे चलने का दृश्य तमाम लोगों ने देखा। पुलिस पहुंची तो किसी तरह दोनों लड़ रहे भाजपाई नेताओं को अलग किया गया। गोरखपुर में भाजपा विधायक पर उनके बड़े भाई ने ही जबरन मकान खाली कराने और मकान खाली न करने पर रंगदारी लूट के केस दर्ज कराने की धमकी दे डाली।

अखिलेश ने बताया कि लखीमपुर खीरी के सांसद केन्द्र में भाजपाई राज्यमंत्री गाली गलौच की भाषा में ही हमेशा बोलते हैं। उनके बेटे ने जीप चढ़ाकर किसानों को कुचल देने का आरोप है। उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री जी के स्वरोजगारयू से प्रभावित भाजपा नेता ने मित्र पुलिस से साठगांठ कर अपने ही हाते में नकली शराब और डीजल बनाने की फैक्ट्री खोल ली। उन्होंने कहा कि सीतापुर में सरकार के जेल राज्यमंत्री भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए तो फिरोजाबाद के भाजपा सांसद बच्चा चोरी के आरोप में पकड़े गए। वाराणसी जिले में खुद को भाजपाई बताने वाले शख्स ने थाने में ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई की और मारपीट कर वर्दी उतरवाने की धमकी भी दे डाली। वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक बच्चे को बाइक से धक्का लगने पर विवाद बढ़ा तो खुद को भाजपा नेता और गांव का प्रधान बताते धक्का हुए व्यक्ति ने पुलिस वालों को धमकियां दी है।

# मोदी के जन्मदिवस पर बीजेपी अनुसूचित मोर्चा चलाएगा ग्राम-बस्ती संपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बीजेपी अनुसूचित मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से संविधान दिवस तक ग्राम, बस्ती सम्पर्क अभियान के माध्यम से सम्पर्क व संवाद करेगा। पार्टी के मुख्यालय पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया की अध्यक्षता में मोर्चा पदाधिकारियों के साथ हुई। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संजय निर्मल ने मोर्चे के आगामी कार्यक्रमों को विस्तार से बैठक में रखा।

निर्मल ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा गांव, मुहल्ले, गलियों व बस्तियों में सम्पर्क करेंगे तथा प्रबुद्ध वर्ग से भेंट करके पार्टी की नीति तथा भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों पर चर्चा करेंगे। श्री निर्मल ने कहा कि अभियान प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारम्भ होकर 26 नवम्बर संविधान दिवस तक चलेगा। उन्होंने कहा कि मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी ग्राम बस्ती सम्पर्क अभियान के लिए 6 सितम्बर को छह क्षेत्रों की बैठक करेंगे। अभियान की दृष्टि से काशी क्षेत्र की बैठक को अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संजय निर्मल, ब्रज क्षेत्र बैठक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, पश्चिम क्षेत्र बैठक को मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मुंशी लाल गौतम, अवध क्षेत्र में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, कानपुर क्षेत्र में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राम लखन रावत तथा गोरखपुर क्षेत्र में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बेचन राम अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही मोर्चा 8, 9 व 10 सितम्बर को समस्त जिलों में ग्राम बस्ती सम्पर्क अभियान की बैठकों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सदस्य व पूर्व जनप्रतिनिधि, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय व प्रदेश, क्षेत्र व जिले के पदाधिकारी भाग लेंगे।

# आईईटी लखनऊ एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंत्री से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आईईटी लखनऊ की एलुमनाई एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों नवीन कुमार अध्यक्ष, नीतीश सिन्हा उपाध्यक्ष, अनुपमा सिंह महासचिव, मधुप सिंह यादव कोषाध्यक्ष व ओम दुबे सचिव ने प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल से मुलाकात की। मंत्री से भेंट के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एकेटीयू से सम्बद्ध कॉलेजों में बेहतर प्लेसमेंट्स दिलाने के लिए कार्यकारिणी सदस्यों की तरफ से बनाये हुए कांसेप्ट पेपर पर चर्चा की। एसोसिएशन की महासचिव अनुपमा सिंह ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान मंत्री ने इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही कांसेप्ट पेपर पर उचित कार्यवाही करने एवं आवश्यकता पड़ी तो इस विषय पर आगे चर्चा के लिए एसोसिएशन के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया। उन्होंने फैकल्टी और छात्र अनुपात को भी बेहतर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रयास किये जाने के बारे में भी बताया। इसके पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों ने आईईटी लखनऊ के निदेशक डॉक्टर विनीत कंसल एवं फैकल्टी मेंबर्स से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें एलुमनाई एसोसिएशन की तरफ से कॉलेज और स्टूडेंट्स के सतत उत्थान हेतु सम्पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। एसोसिएशन की महासचिव अनुपमा सिंह ने बताया कि तृतीय वर्ष के छात्रों को बेहतर इंटर्नशिप और चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को बेहतर और उनकी रुचि के अनुसार प्लेसमेंट्स मिल सके, इसके उपायों पर भी चर्चा हुई। कॉलेज की ब्रांड वैल्यू किस प्रकार बढ़ाई जा सकती है, तथा किस प्रकार इंडस्ट्री की ज़रूरत के मुताबिक नए पाठ्क्रमों को शामिल किया जा सकता है।

थानगांव पुलिस का रस्सी को सांप बनाने वाला कारनामा

# पुलिस को मुर्दे से है शांतिभंग की आशंका!

संवाददाता। सीतापुर

**कहते है कि** पुलिस रस्सी को सांप बनाती है यह सीतापुर में देखने को भी मिला। सीतापुर पुलिस को मुर्दे से शान्तिभंग की आशंका है जी हां करीब 11 माह पहले जिस युवक की मार्ग दुर्घटना में हो चुकी है मौत उसको भेजा नोटिस। 5 अगस्त को उपजिलाधिकारी बिसवां के सम्मुख उपस्थित होने का दिया समय। परिजनों को नोटिस मिलने के बाद जहां पुलिस ने उनके दुखों को फिर कुरेद दियाए वहीं पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। योगी राज की पुलिस की मनमानी और ज्यादती के किस्से आए दिन सामने आ रहे है ताजा मामला सीतापुर के थानगांव पुलिस से जुड़ा हुआ हैए पुलिस ने शान्तिभंग में जिस हिमांशू निषाद पुत्र पारसनाथ निषाद को पाबंद किया हैए उसकी मौत 21 नवम्बर 2021 को राजापुर थाना रेउसा के पास टैक्टर ट्राली से एक्सीडेंट में हो गई थी। मृत्यु के करीब 11 माह बाद 26 अगस्त 2022 को थानगांव पुलिस ने परिजनों को मृतक हिमांशू व उनके भाई राजेश के खिलाफधारा 110 जी के तहत नोटिस थमा दी है धारा 110 जी को मिनी गुंडा एक्ट भी कहा जाता है। नोटिस मिलने के बाद अब परिजन हिमांशू को कहां से लाए जिसकी 11 माह पहले मौत हो चुकी है। नोटिस में कहा गया है कि हिमांशू और राजेश को 5 अगस्त को उपजिलाधिकारी बिसवां के समक्ष उपस्थित होना है। हिमांशू तो अब सिर्फयादों में है या फिर फोटो में देखा जाता हैए जिसको परिवारीजन आज भी सहेजकर रखे हुए है। जिस परिवार पर पुलिस ने शान्तिभंग ने आशंका जताई है पिछले 32 सालों से इस परिवार के पुरूष और महिला ग्राम प्रधान व जिला पंचायत सदस्य जैसे पदों पर निर्वाचित होते हैए इस बार चुनाव हार जाने के बाद पुलिस की ऐसी कार्रवाई की जद् में आने के पीछे का कारण आसानी से समझा जा सकता है। कानून व्यवस्था के नाम पर योगी राज में पुलिस की ज्यादती वाली ऐसी कार्रवाई सरकार को भी कटघरे में खड़ा कर रही है। देखना होगा कि थानगांव पुलिस की इस कार्रवाई से महकमें की जो छवि धूमिल हुई है उसकी भरपाई कैसे होगी।

# अपना सीतापुर भी लखनऊ एससीआर में होगा शामिल!

संवाददाता। सीतापुर

**50 लाख से** भी अधिक आबादी वाला राजधानी से सटा सीतापुर जिला स्मार्ट सिटी तो नहीं बन सका, लेकिन अब योगी सरकार ने लखनऊ एससीआर में शामिल करने का प्लान कर विकास की उम्मीदों को फिर पंख लगा दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यूपी में 7 जिलों को मिलाकर एससीआर बनाने का निर्देश दिया है, राज्य राजधानी क्षेत्र यानि एससीआर बनाने की योजना बनाई गई है, इस एससीआर में लखनऊ और आसपास के 6 जिलों उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर नगर और कानपुर देहात को शामिल करने को कहा है। योगी सरकार ने यह निर्णय प्रदेश में तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी को देखते हुए लिया है, ताकि हर व्यक्ति तक विकास तेजी से पहुंच सके। इस बावत कमर कसनी शुरू कर दी है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र यानि एससीआर बनाने की योजना है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एससीआर का ब्लू प्रिंट जारी करने के निर्देश दिए है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आगामी 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान तैयार करें। यह निर्देश शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी विकास प्राधिकरणों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री का मानना है कि जिस प्रकार से लखनऊ एक मेट्रोपोलियन सिटी के रूप विकसित हो रहा है उसकी वजह से प्रदेश के सभी क्षेत्र के लोग यहां आकर बसना चाहते है। इस वजह से आसपास के जिलों में जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। लिहाजा लखनऊ संग आसपास के शहरों के सुनियोजित विकास के लिए एससीआर का गठन जरूरी हो गया है। एससीआर का सेंट्रल पॉइंट लखनऊ.बाराबंकी बॉर्डर होगा। इसमें मोहनलालगंज से बीकेटी तक के क्षेत्र शामिल किए जाने की योजना है। मास्टर प्लान के तहत 2031 तक एससीआर के क्षेत्र शामिल किए जाएंगे। हालांकि डबल इंजन की सरकार ने पूर्व में सीतापुर को स्मार्ट सिटी बनाने का भी घोषणा की थी, उस पर अभी तक जरा भी अमल नहीं हुआ है, अब एससीआर में शामिल किए जाने की बात कहकर सीतापुरवासियों की उम्मीदों को फिर एक बार पंख लगा दिया है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन यात्रा कर रहे मजदूर की मौत

**बरेली** । ट्रेन में यात्रा कर रहे एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बिहार के कटिहार जिले के कटवा थाना क्षेत्र के चौनी पंचायत निवासी 21 वर्षीय सद्दाम पुत्र शेख रुस्तम की बीती रात ट्रेन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि सद्दाम पंजाब में रहकर मजदूरी करता था और पिछले कई दिनों से बीमार था बीती शाम को पंजाब से घर वापस जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था लेकिन रास्ते में अचानक उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और जब तक ट्रेन बरेली जंक्शन पर पहुंची सद्दाम की मौत हो चुकी थी रात लगभग 9रूबजे ट्रेन के रेलवे जंक्शन पर रुकते ही घटना की जानकारी जीआरपी को दी गई तब जीआरपी ने सद्दाम के शव को ट्रेन से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक सात भाई-बहन थे ।

### जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

**बरेली** । घरेलू कलह के चलते एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी राजेश्वर दयाल की 30 वर्षीय पत्नी नीलम कुमारी कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि नीलम का कल शाम को उससे मामूली विवाद हुआ था इसके बाद वह घर के बाहर चला गया उसके बाहर जाने के बाद नीलम ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर उसने उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और हालत नाजुक देखकर इलाज के लिए बरेली लाया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई मृत का 3 बच्चों की मां थी उसका विवाह लगभग 9 वर्ष पूर्व रामेश्वर दयाल से हुआ था मृतका के मायके वालों ने किसी पर भी आरोप लगाने से इनकार किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# निवेशकों की पसंदीदा जगह बना उत्तर प्रदेश: योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। बिजनौर, मुरादाबाद, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के कारण राज्य निवेशकों का पसंदीदा स्थान बन गया है। योगी ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश दंगों के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा, रोज दंगे होते थे, जिससे विकास बाधित होता था और प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, लेकिन पिछले पांच साल में प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। राज्य में भारी निवेश हो रहा है और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आदित्यनाथ ने शनिवार को बिजनौर में 267 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के बाद अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी ने हाल में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक ऐसा राज्य बन गया है जहां साढ़े पांच वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के बारे में सोच रहा है और प्रदेश में राजमार्ग, एक्सप्रेस वे और हवाई अड्डे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम हर नागरिक को सुरक्षा देंगे, लेकिन अगर किसी ने सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य किया, तो सरकार अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में व्यापारियों और उद्यमियों की सुरक्षा में सेंध नहीं लगने दी जाएगी। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार (केंद्र एवं राज्य में एक ही दल की सरकार) की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के प्रत्एक तबके को देने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं, वे आज सार्थक परिणाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कानून का शासन बहाल होने के कारण पिछले साढ़े पांच साल में उत्तर प्रदेश ने काफी प्रगति की है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। उन्होंने कहा कि वह बिजनौर के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास का खाका तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुरादाबाद मंडल (संभाग) का भी दौरा किया और वहां चल रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

# निरीक्षण को गईं खण्ड शिक्षाधिकारी से महिला प्रधानाचार्य ने की अभद्रता

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**निरीक्षण हेतु** गई खण्ड शिक्षाधिकारी से विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने अभद्रता की। घटना की तहरीर खण्ड शिक्षाधिकारी ने पुलिस को दी है। दूसरी ओर संबंधित प्रधानाध्यापिका ने भी अभद्रता किए जाने के आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्ड शिक्षाधिकारी संडीला सीमी निगार को प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा भरावन ब्लाक का दायित्व सौंपा गया था। वह जब प्राथमिक विद्यालय ढिकुन्नी पहुंची तो परिसर में छोटे बच्चे अव्यवस्थित ढंग से उछलते कूदते दिखे जिसपर उन्होंनें वहां कार्यरत शिक्षामित्र को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद जब वे प्रधान अध्यापिका के कक्ष में पहुंची तो प्रधान अध्यापिका की कुर्सी खाली थी। खण्ड शिक्षाधिकारी ने उक्त कुर्सी पर बैठकर निरीक्षण प्रक्रिया शुरू की। इसी बीच एक महिला तमतमाते हुए वहां घुसी और खण्ड शिक्षाधिकारी के अनुसार, उनसे अभद्रता करते हुए उनसे तत्काल कुर्सी से उठने और कमरे से बाहर चले जाने के लिए कहने लगीं।

जब खण्ड शिक्षाधिकारी ने उनसे उनका परिचय पूछा तो अपना परिचय देने के बजाए उन्होंनें वीडियो बनाना शुरू कर दिया। बाद में जानकारी मिली कि यही प्रधानाध्यापिका श्रीमती आशीष अवस्थी हैं। इसी बीच प्रधानाध्यापिका ने आधा दर्जन लोगों को फोन करके बुला लिया और खण्ड शिक्षाधिकारी को यह धमकी भी दी कि उनके परिवार के प्रदेश सरकार में अतिउच्च अधिकारी हैं और वे उनके भविष्य को बर्बाद कर देंगी और उन्होंनें निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग किए बिना उनको वहां से जाने के लिए विवश कर दिया। खण्ड शिक्षाधिकारी ने इस मामले की लिखित सूचना थाना अतरौली जाकर पुलिस को दी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

दूसरी ओर प्रधानाध्यापिका ने भी खण्ड शिक्षाधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है तथा अपुष्ट सूत्रों के अनुसार बीआरसी भरावन पर कतिपय शिक्षकों ने इस घटना को लेकर धरना शुरू किया है। इस घटना की जानकारी के लिए इस संवाद्दाता ने खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार से उनके फोन पर संपर्क किया जो रिसीव नहीं हुआ।

जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वे जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और जिलाधिकारी को इस घटना की जानकारी देने के लिए हरदोई में हैं।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा पर आयोजित की गई मॉडल प्रर्दशनी, फिल्म शो और भ्रमण शील विज्ञान प्रर्दशनी

**बरेठी।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद् भारत सरकार और इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस स्टडीज लखनऊ द्वारा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी बाराबंकी में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा पर विज्ञान मॉडल प्रर्दशनी और सचल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक दैनिक जीवन में मशीन था। उक्त आयोजन के अंतर्गत फिल्म शो का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सिक्योरिटी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया गया। विज्ञान फिल्म शो के द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित प्रयोग करके दिखाए गए जिसमें विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वारा बढ़-चढ़कर के प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में लगभग 600 विद्यार्थी , ग्रामीण जन तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों और अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन समारोह सांइस क्विज,पोस्टर,एवं मॉडल बनाने की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी बाराबंकी के प्रबंधक योगेंद्र सिंह व विकास सिंह विशेन तथा प्रधानाचार्य राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को उक्त कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ की ओर से विकास, शिक्षा अधिकारी, घनश्याम प्रकाश एवं प्रेमचंद तिवारी तथा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एवं एडवांस स्टडीज लखनऊ की ओर से डॉ. वी पी सिंह, इनोवेशन फाउंडेशन से पंकज कुमार द्वारा किया गया।

# पुल बनवाने की मांग को लेकर छात्रों का हंगामा, किया चक्काजाम

● राजकीय इंटर कॉलेज धौरहरा के छात्रों ने सिसैया चौराहे पर किया प्रदर्शन



**धौरहरा-खीरी।** सुजई कुण्डा मार्ग पर टूटे दुबगट्टा पुल बनवाने की मांग को लेकर आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने सिनेमा चौराहे पर सिसैया ढखेरवा हाईवे सड़क को जाम कर दिया बरसों से टूटा हुआ है पुल बरसात में बंद हो जाता है रास्ता पढ़ने आने वाले छात्रों के लिए होती है मुसीबत नाव से पार करते हैं रास्ता। करीब दर्जन भर गांवों के जाने का मुख्य मार्ग होने से 50 हज़ार की आबादी होती हैं प्रभावित आने जाने वाले लोगों को करना पड़ता है दिक्कतों का सामना। शनिवार की सुबह क्षेत्र के बच्चों ने पुल बनवाने की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया और पुल बनवाने की मांग की। सूचना पाकर मौके पर एसडीएम धीरेंद्र सिंह, तहसीलदार अवधेश, कोतवाल विवेक उपाध्याय व विधायक के भाई गोपाल शंकर अवस्थी मौके पर पहुंचे। छात्रों व ग्रामीणों को समझाकर तीन घंटे बाद जाम को खुलवाया। उनसे ज्ञापन लेकर जल्द ही समस्या का समाधान कराने की बात कही।

## दिशा की बैठक आयोजित

**लखीमपुर-खीरी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकारए खीरी सांसद अजय मिश्र ष्टेनीष् की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य रूप से विधायक मंजू त्यागी, लोकेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी उमेश द्विवेदी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, संयुक्त विकास आयुक्त, लखनऊ मंडल शीलधर सिंह यादव, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह मौजूद रहे।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि खीरी जिले में विकास कार्यक्रमों में स्थिति बेहद संतोषजनक है। इसी का परिणाम है कि विकास कार्यक्रमों में खीरी केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रत्येक महत्वाकांक्षी योजना में टॉप टेन में रहा है। खीरी में हर योजना में बेहतर काम हुआए जिससे जिले की विकास की स्थिति अच्छी हुई। दो क्षेत्रों में खीरी भारत में नंबर वन बना है।

# शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण

● डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरों को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओ से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, कृषि 06, नगर निकाय 03, आपूति 04, अन्य के 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार, शनिवार को सुबह तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इसमें कुल 53 प्रार्थना पत्र आये, सिर्फ 6 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिसमें सबसे राजस्व विभाग के 36 ,विद्युत विभाग 03, पूर्ति विभाग 04 ,विकास विभाग 04, कृषि विभाग 01, वन विभाग की 01 नगर पालिका, 01 पुलिस विभाग की 03 शिकायती पत्र आए। इस दिबस मे पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार वर्मा, खंड विकास अधिकारी धर्मेश चंद्र पांडे एसडीओ, बरवर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सपना भरद्वाज सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## विपक्ष एकजुट...

तंज कसते हुए कहा कि अरुणाचल के बाद अब मणिपुर भी जद(यू) मुक्त हो गया है। सुशील मोदी ने ट्वीट कर कहा कि बहुत जल्द लालू जी बिहार को भी जदयू मुक्त कर देंगे। विधायकों की खरीद-फरोख्त की ओर संकेत करते हुए नीतीश ने कहा कि जब हम एनडीए में थे, तो भाजपा ने हमारे विधायकों को कुछ नहीं दिया। अब वे उनका दिल जीत रहे हैं। नीतीश के भाजपा के साथ गठबंधन समाप्त कर राजद, कांग्रेस, हम और वाम दलों के महागठबंधन के साथ मिलकर बिहार में नई सरकार बनाने के कुछ दिन बाद ही मणिपुर जद(यू) के विधायकों ने पाला बदला है। दिल्ली दौरे के सवाल पर उन्होंने यूं तो शीर्ष नेताओं से मिलने और विपक्षी एकता की संभावनाओं का पता लगाने जैसा सकारात्मक जवाब दिया, लेकिन इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। इस बीच, मणिपुर में विपक्षी कांग्रेस ने कहा कि वह जद(यू) विधायकों के भाजपा में होने के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय जाएगी। उत्तर-पूर्व में जद(यू) को झटका तब लगा है जब विपक्ष नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में संयुक्त लड़ाई पर विचार कर रहा है। एक सप्ताह पहले ही इस कड़ी में तेलंगाना के मुख्यमंत्री और तेलंगाना राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने पटना में नीतीश से मुलाकात की थी। नीतीश को व्यापक रूप से एक ऐसे उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है जो लोकसभा चुनाव में मोदी का मुकाबला कर सकता है। यहां तक? कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और खुद केसीआर के भी मैदान में उतरने की उम्मीद है। यह सब कवायद ऐसे समय हो रही है जब अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी भी राष्ट्रीय भूमिका पर नजर गड़ाए हुए है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपनी ही समस्याओं से घिरी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी इस समय मोदी विरोधी समूहों में अपनी भूमिका पर कोई निर्णायक फैसला लेने में असमर्थ है।

## पीए ने...

बुक किया गया था। साजिश के तहत एक ड्रग पेडलर ने रिजॉर्ट के वेटर को ड्रग्स सौंपा और फिर दोनों आरोपियों ने मिलकर सोनाली को ड्रग दिया फिर उन्हें कर्लीज क्लब ले जाया गया। जहां पर भर सोनाली को ड्रग पिलाया गया, सीसीटीवी में यह पूरी घटना कैद हो गई थी। ड्रग की ओवरडोज के चलते सोनाली की तबियत बिग ?ी तो दोनों आरोपी उन्हें वॉशरूम ले गए। वह खुद चल नहीं पा रही थीं, न ही ख ?ी हो पा रही थीं। सुधीर-सुखविंदर उसे लेकर गए तो वह टॉयलेट में ही सो गई। सुबह दोनों पहले सोनाली को पहले ग्रैंड लियोनी रिजॉर्ट लाए, जहां से अस्पताल लेकर गए। इसी बीच यह बात भी सामने आई है कि सांगवान को सोनाली के लॉकर का पासवर्ड भी पता था। अब पुलिस ने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में लॉकर सील कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि गोवा पुलिस जमीन सहित उस संपत्ति का भी आकलन कर रही है, जो फोगाट के नाम पर है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस मामले में संपत्ति से जुड़ा कोई पहलू भी शामिल है या नहीं। कुछ रिश्तेदारों ने पूर्व में आरोप लगाया था कि फोगाट के सहयोगी सुधीर सांगवान की नजर उनकी संपत्ति पर थी।

## भाजपा सांसद...

गया था और जब वे दिल्ली वापस जा रहे थे तब यह विवाद हुआ। दुबे और देवघर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एटीसी कक्ष में प्रवेश करने के लिए मानदंडों का उल्लंघन करने को लेकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। दुबे ने उपायुक्त पर एटीसी कक्ष में प्रवेश करने और सीसीटीवी फुटेज देखने का आरोप लगाया है। दुबे ने एक ट्वीट में कहा, यह कृत्य एक अपराधी के जैसा है कि आप (उपायुक्त भजंत्री) बिना अनुमति के परिसर में प्रवेश कर गए। आपको सीसीटीवी फुटेज देखने की अनुमति किसने दी ? मुख्यमंत्री से आदेश लेना जारी रखें। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी भजंत्री ने ट्विटर पर कहा, माननीय सांसद महोदय, मैंने वैध प्रवेश पास लेकर एयरपोर्ट टर्मिनल में प्रवेश किया था। उपायुक्त देवघर हवाईअड्डे के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी नौ लोगों के खिलाफ विमान अधिनियम के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। देवघर हवाईअड्डा के सुरक्षा प्रभारी सुमन आनंद ने एक सितंबर को कुंडा थाने में दुबे, उनके दो बेटों, सांसद मनोज तिवारी, देवघर हवाई अड्डे के निदेशक संदीप ढींगरा और अन्य के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि सभी नौ लोगों ने देवगढ़ हवाईअड्डे पर एटीसी कक्ष में प्रवेश कर और विमान के उड़ान भरने के लिए जबरन अनुमति लेकर सुरक्षा मानकों का कथित उल्लंघन किया। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि हवाईअड्डे पर रात में विमान के उड़ान भरने और उतरने (लैंडिंग) की सुविधा नहीं होने के बावजूद एटीसी से जबरन अनुमति ली गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जुलाई को इस हवाईअड्डे का उद्घाटन किया था।

## दो सौ...

गठजोड़ वाले लोगों से जुड़ा है। फिलहाल जेल में बंद महाठग सुकेश पर गलत पहचान के जरिए 200 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। जांच के दौरान यह भी पता चला था कि उसने अभिनेत्री नोरा फतेही और जैकलीन फर्नांडीज को महंगी कारें एवं अन्य कीमती उपहार दिए थे। हालांकि पूछताछ में फतेही ने सुकेश से उपहार में बीएमडब्ल्यू कार मिलने के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने जांच अधिकारियों को बताया कि यह कार उसे सुकेश की पत्नी ने चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान दी थी पिछले साल दिल्ली पुलिस ने एक चार्जशीट फाइल कर आरोप लगाया था कि सुकेश और उसकी पत्नी लीना मालिया पाउल एवं अन्य लोगों ने फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह से 200 करोड़ रुपये की रंगदारी वसूली थी।

## थाइलैंड से...

बैंकाक और श्रीलंका के कोलंबो के बीच सीधी उड़ाने नहीं हैं। डेली मिरर ने खबर दी है कि गोटबाया राजपक्षे यहां विजेरामा मवाथा के समीप एक सरकारी बंगले में रहेंगे और इलाके की सुरक्षा के लिए एक बड़ी सुरक्षा टुकड़ी नियुक्त की जाएगी। पूर्व राष्ट्रपति के रूप में राजपक्षे एक सरकारी बंगले और अन्य सुविधाओं के हकदार हैं। गोटबाया राजपक्षे पहले श्रीलंका वायुसेना के विमान के जरिए कोलंबो से मालदीव भागे थे। मालदीव से वह सिंगापुर रवाना हुए थे, जहां से उन्होंने 14 जुलाई को अपना इस्तीफा भेजा था। बाद में राजपक्षे ने अस्थाई आश्रय की तलाश में थाईलैंड के लिए उड़ान भरी थी। थाईलैंड के विदेश मंत्री डॉन प्रमुदविनई ने कहा है कि राजपक्षे 90 दिन तक देश में रह सकते हैं, क्योंकि वह अब भी एक राजनयिक पासपोर्ट धारक हैं। राजपक्षे के अपदस्थ होने के बाद श्रीलंका की संसद ने तत्कालीन कार्यवाहक राष्ट्रपति और छह बार प्रधानमंत्री रह चुके रानिल विक्रमसिंघे को उनके उत्तराधिकारी के रूप में चुना था। विक्रमसिंघे को 225 सदर्स्यीय संसद में सबसे बड़े दल श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) का समर्थन हासिल था। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने राजपक्षे के नेतृत्व वाली एसएलपीपी के अनुरोध पर उनकी स्वदेश वापसी के इंतजाम किए हैं। एसएलपीपी के महासचिव सागर करियावासम ने 19 अगस्त को कहा था कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के साथ हुई बैठक में इस संबंध में अनुरोध किया गया था।

## ऑनलाइन भुगतान...

दिए थे, वे भी फर्जी हैं। इस संदर्भ में रेजरपे और कैशफ्री ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि वे जांच एजेंसी के साथ पूरा सहयोग कर रही हैं। हालांकि पेटीएम ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। रेजरपे के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे कुछ मर्चेंट की लगभग डेढ़ साल पहले कानून प्रवर्तन ने जांच की थी। इस बारे में चल रही जांच के सिलसिले में अधिकारियों ने हमसे अतिरिक्त जानकारी मांगी। हमने पूरा सहयोग किया और केवाईसी एवं अन्य विवरण उन्हें दे दिए। इससे अधिकारी संतुष्ट हुए। वहीं कैशफ्री पेमेंट्स ने कहा कि ईडी के अभियान में पूरा सहयोग दिया गया और जांच के दिन ही उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई। ऑनलाइन भुगतान सेवाएं देने वाली कंपनियां कोविड-19 का प्रकोप शुरू होने के वक्त यानी 2020 से ही ईडी के रडार पर हैं।

## सेंट्रल विस्टा...

हमने कोई निर्णय नहीं लिया है, लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इन आइसक्रीम ट्रॉलियों को सड़कों पर जाने की अनुमति नहीं दी जाए। अधिकारी ने कहा कि चोरी रोकने और नई स्थापित सुविधाओं को नुकसान ना पहुंचने देने के लिए पुलिसकर्मियों और सुरक्षा गार्ड की भारी संख्या में तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुल नहर क्षेत्र की 19 एकड़ भूमि का जीर्णोद्धार किया गया है। उन्हें एयरेटर जैसी संरचनाओं से सुसज्जित किया गया है।

# हम चुपचाप काम करना पसंद करते हैं: हिमंत

## ● केजरीवाल को फिर से टैग करते हुए ट्वीट किया

**भाषा।** गुवाहाटी



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से टैग करते हुए ट्विटर पर शिक्षा क्षेत्र में विशेषकर चाय बागानों के लोगों के लिए अपनी सरकार की पहलों को सूचीबद्ध किया। शर्मा ने एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए कहा, जब तक मजबूर नहीं किया जाता, हम चुपचाप काम करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, इस शैक्षणिक वर्ष में हमने चाय बागान श्रमिकों के बच्चों के लिए 100 माध्यमिक विद्यालय स्थापित किए हैं, 100 और पर काम चल रहा है। चाय बागान असम के सुदूर हिस्सों में स्थित हैं।


वीडियो में दावा किया गया है कि असम में एक मजबूत स्कूल शिक्षा प्रणाली है, जिसमें 44,521 सरकारी स्कूलों में दो लाख से अधिक शिक्षक 65 लाख से अधिक छात्रों को पढ़ा रहे हैं। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा कुल 1.18 लाख मध्याह्न भोजन कार्यकर्ता भी रखे गए हैं। वीडियो में कहा गया कि चाय बागान श्रमिकों के बच्चों के लिए इस शैक्षणिक सत्र में जहां 100 माध्यमिक विद्यालय खोले गए हैं, वहीं 100 अन्य स्कूल तथा 10 कॉलेज परियोजना की तैयारी के चरण में हैं। इसमें अंत में कहा गया, हम चुपचाप गुणवत्ता प्रदान करना पसंद करते हैं। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच काफी समय से ट्विटर पर जुबानी जंग चल रही है और दोनों ही एक-दूसरे को अपने राज्य का दौरा करने तथा किए गए विकास कार्यों को देखने के लिए कह रहे हैं। केजरीवाल को टैग करते हुए शर्मा ने शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों को साझा किया था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब दिल्ली के मुख्यमंत्री ने खराब परिणामों के कारण असम सरकार द्वारा स्कूलों का विलय किए जाने संबंधी एक खबर के जवाब में कहा कि स्कूलों को बंद करना कोई समाधान नहीं है।

## केजरीवाल ने गुजरात के ग्राम प्रधानों को वेतन देने का वादा किया

**भाषा।** सुरेंद्रनगर (गुजरात)



**आम आदमी** पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी गुजरात में सत्ता में आती है तो ग्राम प्रधानों को एक निश्चित वेतन देने के अलावा पंचायतों को सीधे धन मुहैया कराया जाएगा। शुक्रवार को दो दिवसीय प्रचार दौरे पर भाजपा शासित राज्य पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री यहां सरपंचों (ग्राम प्रधानों) के एक सम्मेलन में बोल रहे थे। गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कमीशन के आधार पर काम करने वाले ग्राम कंप्यूटर उद्यमियों (वीसीई) को भी 20,000 रुपए का वेतन मिलेगा। केजरीवाल ने कहा, एक सरपंच अपने गाँव में चुनाव जीतता है और लोग उसे पसंद करते हैं तथा उसका सम्मान करते हैं। वह अपने गाँव का नेता होता है। चुनाव जीतने के बाद, सरपंच अपनी जेब से पैसा खर्च करता है क्योंकि उसके पास उस काम के लिए धन नहीं होता, जो लोग उससे कराना चाहते हैं। आप नेता ने कहा कि जब कोई सरपंच किसी विधायक या जिलाधिकारी से धन की मांग करता है, तो वे कमीशन मांगते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, हम इस कमीशन (सिस्टम) को खत्म कर देंगे। हम सरपंच का वेतन तय करेंगे। हर सरपंच को प्रति माह 10,000 रुपए मिलेंगे। मुझे पता है कि यह एक छोटी राशि है। लेकिन हम 10,000 रुपए से शुरू करेंगे और इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। हर सरपंच को अपने खर्चों को पूरा करने के लिए 10,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हर पंचायत को सरकार की ओर से सीधे 10 लाख रुपए मिलेंगे।



काशी विश्वनाथ में भगवान शिव का दुग्धाभिषेक करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## आनंद मोहन मामला: अटॉर्नी जनरल का 13 लोगों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही के लिए सहमति देने से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**अटॉर्नी जनरल** के के वेणुगोपाल ने विवादास्पद नेता आनंद मोहन को पिछले सप्ताह पटना की एक निचली अदालत में पेश करने के बाद कथित तौर पर वहां स्थित उसके आवास पर जाने की अनुमति देने के मामले में जेल और पुलिस अधिकारियों सहित 13 लोगों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि अटॉर्नी जनरल का क्षेत्राधिकार केवल भारत के उच्चतम न्यायालय की आपराधिक अवमानना के मामलों से निपटने तक सीमित है।

मोहन 1994 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। वेणुगोपाल का यह फैसला अधिवक्ता ब्रजेश सिंह के एक पत्र के जवाब में आया, जिन्होंने मोहन को लगभग 47 घंटे तक सहरसा जेल से बाहर घूमने की अनुमति देने को लेकर कथित तौर पर न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालने के लिए 13 लोगों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी। अधिवक्ता ने मीडिया में आई रिपोर्ट का हवाला देते हुए पुलिस और जेल अधिकारियों सहित 13 लोगों के खिलाफ कार्वाई करने का आग्रह किया था। वेणुगोपाल ने अपने पत्र में कहा, अदालत की अवमानना अधिनियम-1971 की धारा-15 के तहत अटॉर्नी जनरल का अवमानना क्षेत्राधिकार भारत के शीर्ष न्यायालय के आपराधिक अवमानना के मामलों से निपटने तक सीमित है। आपके द्वारा बताए गए तथ्य किसी भी तरह से उच्चतम न्यायालय की आपराधिक अवमानना के समान नहीं हैं। तदनुसार, मैं सहमति देने से इनकार करता हूं।

## मांडविया ने अंग दान को बढ़ावा देने के लिए जन भागीदारी पर जोर दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय स्वास्थ्य** मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में अंग दान अभियान को बढ़ावा देने के लिए जन भागीदारी पर शनिवार को जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनने के लिए इसे जनांदोलन बनाया जाना जरूरी है। मांडविया ने यहां सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद की उपस्थिति में स्वस्थ सबल भारत सम्मलेन का डिजिटल तौर पर उद्घाटन करते हुए यह बात कही। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस सम्मेलन का लक्ष्य भारत में अंगाआंख दान की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करना और भविष्य की चुनौतियों के लिए समाधान खोजना है। अपने संबोधन में मंत्री ने इस सम्मेलन के आयोजन की भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, यह हमारी सांस्कृतिक परंपरा है कि हम सिर्फ अपना नहीं बल्कि दूसरों का लाभ भी देखते हैं, और अंग दान का मुद्दा इसी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने मानवता के नाते अंग दान को बढ़ावा देने और लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करने के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सिर्फ सरकार या एनजीओ के लिए लोगों को अंग दान के लिए मनाना संभव नहीं है। इसकी सफलता के लिए इसे जनांदोलन बनना होगा। बयान के अनुसार, मांडविया ने सभी से अंगानेत्र दान के लिए राष्ट्रीय जनांदोलन चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मंत्रालय पूरे दिल से अंग दान के लक्ष्य के समर्थन को प्रतिबद्ध है।

## उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय में भर्ती की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड विधानसभा** अध्यक्ष रितु खंडूरी ने राज्य के गठन के बाद से विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए शनिवार को तीन सदस्ईय समिति गठित की। उत्तराखंड का गठन 2000 में हुआ था और यह भर्ती राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस, दोनों सरकारों के कार्यकाल में हुई। ए आरोप लगाए गए हैं कि राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों और परिचितों की भर्ती पिछले दरवाजे से की गई थी।

समिति की अध्यक्षता पूर्व सचिव (कार्मिक) दिलीप कुमार कोटिया करेंगे। इसके अन्य दो सदस्य- सुरेंद्र सिंह रावत और अवननेद्र सिंह नयाल- भी कार्मिक विभाग के पूर्व सचिव हैं। खंडूरी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में समिति का गठन किए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इसे (समिति को) एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि समिति की सिफारिशों को पारदर्शी तरीके से सख्ती से लागू किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा के मौजूदा सचिव मुकेश सिंघल को जांच अवधि के दौरान छुट्टी पर रहने को कहा गया है। खंडूरी ने कहा कि यह निर्णय जनहित में लिया गया है। उन्होंने कहा, मुझे कोई अनियमितता या अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं है। मैं सदन की शुचिता बनाए रखने के लिए कई सुधारात्मक और कठोर निर्णय ले सकती हूं। उन्होंने कहा, अध्यक्ष के रूप में, यह न केवल मेरी जिम्मेदारी है, बल्कि विधानसभा की शुचिता बनाए रखना मेरा सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है।

खंडूरी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर सार्वजनिक जीवन में आए थे, जिन्होंने एक बार कहा था कि वह किसी को भी भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, मैं युवाओं को आश्वस्त करना चाहती हूं कि सभी के साथ न्याय होगा और कोई भी निराश नहीं होगा। इससे पहले, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खंडूरी से मामले की जांच के आदेश पर विचार करने का अनुरोध किया था।



मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने पहुंचे मनसे प्रमुख राज ठाकरे

## भाजपा में चुनाव नही होते क्योंकि उसने सिर्फ लोकतंत्र का मुखौटा पहन रखा है: गहलोत

**भाषा।** नई दिल्ली

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में चुनाव होते हैं, लेकिन भाजपा में चुनाव नहीं होते क्योंकि इस पार्टी (भाजपा) के लोग फासीवादी हैं और उन्होंने सिर्फ लोकतंत्र का मुखौटा पहन रखा है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कांग्रेस में नरसिंह राव जी के समय चुनाव हुए, सीताराम केसरी जी के वक्त चुनाव हुए और सोनिया गांधी जी जब अध्यक्ष बनी थीं, तब भी चुनाव हुए थे। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि भाजपा में चुनाव हुए हैं? भाजपा में कब चुनाव होते हैं? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए सवाल किया, कब राजनाथ सिंह जी अध्यक्ष बन जाते हैं, कब वह (इस पद से) हट जाते हैं। कब अमित शाह जी (अध्यक्ष) बन जाते हैं, कब वह (इस पद से) हट जाते हैं और कब (जेपी) नड्डा (अध्यक्ष) बन जाते हैं। क्या इस पर कोई चर्चा करता है? उन्होंने दावा किया, कांग्रेस की पूंजी ही यही है कि उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। भाजपा के लोग फासीवादी हैं, उन्होंने सिर्फ लोकतंत्र का मुखौटा पहन रखा है और इन लोगों का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल में भाजपा के संसदीय बोर्ड में बदलाव किया गया, इसमें से नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान को हटा दिया गया, पर इसके लिए क्या कोई चुनाव हुआ था? गहलोत ने कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली का उल्लेख करते हुए कहा, लोकतंत्र खतरे में है और आप देख रहे हैं कि क्या स्थिति है। दबाव बनाने की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए महंगाई और बेरोजगारी तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बहुत बड़े मुद्दे हैं, इसलिए इन मुद्दों को लेकर रैली की जाएगी।

## एनएसए अजीत डोभाल ने एकनाथ शिंदे के आधिकारिक आवास पर जाकर गणपति के दर्शन किए

**मुंबई।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को मुंबई स्थित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक आवास जाकर भगवान गणेश के दर्शन किए। शिंदे के कार्यालय ने एक बयान जारी कर बताया कि डोभाल ने मुख्यमंत्री आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की, जिसके बाद शिंदे ने फूलों का गुलदस्ता और शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। दस दिवसीय गणेशोत्सव के पहले दिन 31 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास वर्षा में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

## गौरव यादव पंजाब के कार्यवाहकक डीजीपी के पद पर बने रहेंगे, भावरा का हुआ स्थानांतरण

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब सरकार** ने पुलिस महा निदेशक वीरेश कुमार भावरा को पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी के साथ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी गौरव यादव के राज्य के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख बने रहने को लेकर असमंजस की स्थिति दूर हो गई है। भावरा जुलाई में दो महीने के लिए अवकाश पर गए थे और उनके स्थान पर यादव को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया गया था। भावरा का अवकाश चार सितंबर को समाप्त हो रहा है। अवकाश के लिए आवेदन करने से पहले भावरा ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजने का भी अनुरोध किया था। पंजाब सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया कि वर्ष 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी वीरेश कुमार भावरा, जो डीजीपी के पद पर तैनात हैं, को पंजाब पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया जा रहा है। आदेश में कहा गया कि वर्ष 1992 आईपीएस बैच के अधिकारी यादव अगले आदेश तक डीजीपी का अतिरिक्त कार्य भार संभालते रहेंगे। राज्य में कानून व्यवस्था के खराब होने के आरोप लगने के बाद, खासतौर पर पंजाब पुलिस के खफिया मुख्यालय पर रॉकेट से दागे गए हथगोले और प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के पश्चात, आम आदमी पार्टी नीत पंजाब सरकार ने जुलाई में यादव को कार्यवाहक डीजपी नियुक्त किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पंजाब की आप सरकार भी मादक पदार्थ और गैंगस्टर के खिलाफ की गई कार्वाई की वजह से यादव को कार्यवाहक डीजीपी पद पर बनाए रखना चाहती थी। भावरा को पंजाब में इस साल फरवरी में हुए चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले जनवरी में डीजीपी बनाया गया था। भावरा की नियुक्ति दो साल के लिए की गई थी।

## शिवमोगा में एक व्यक्ति को चाकू मारने वाले युवक का संबंध पाक स्थित आतंकी संगठन से: ज्ञानेंद्र

**शिवमोगा।** कर्नाटक के शिवमोगा में एक व्यक्ति को चाकू मारने के मामले में गिरफ्तार चार युवकों में से एक का संबंध पाक स्थित आतंकी संगठन से है। यह दावा कर्नाटक के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने शिनवार को किया। ज्ञानेंद्र हिंदुत्व के विचारक वी. डी. सावरकर के शिवमोगा में सार्वजनिक स्थान पर पोस्टर लगाने को लेकर हुई हिंसक घटना का जिक्र कर रहे थे, जिसमें चार लोगों ने एक कपड़ा स्टोर के 20 वर्षीय कर्मचारी प्रेम सिंह को कथित तौर पर चाकू मार दिया था। इस सिलसिले में चार लोगों नदीम, रहमान, अहमद और मोहम्मद जबीउल्लाह को गिरफ्तार किया गया।

ज्ञानेंद्र ने संवाददाताओं से कहा, यदि हम जबीउल्लाह की पृष्ठभूमि को देखें तो इसका मामला बेहद डरावना है। हमें जानकारी मिल रही है कि उसके विभिन्न आतंकवादी समूहों के साथ संबंध हैं। हमें सबूत भी मिल रहे हैं। जल्द ही यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया जाएगा। पुलिस सूत्रों ने कहा कि जब पुलिस ने जबीउल्लाह के फोन की जांच की, तो पता चला कि उसके पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पर पहले से ही सख्त गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, यह ज्ञात नहीं है कि जबीउल्लाह कितने समय से सक्रिय रूप से आतंकी समूहों के संपर्क में था। सूत्रों ने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर कुछ और विवरण सामने आ सकते हैं।

## पाकिस्तानी आतंकवादियों को संवेदनशील सूचना भेजने के आरोप में मदरसा शिक्षक गिरफ्तार

**भाषा।** जम्मू



**जम्मू-कश्मीर** के किश्तवाड़ जिले में एक मदरसा शिक्षक को कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को सुरक्षा प्रतिष्ठानों से संबंधित सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मौलवी कारी अब्दुल वाहिद (25) के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूल इलाके का निवासी वाहिद अपनी पत्नी और सात महीने के बेटे के साथ दादपेठ गांव के मदरसे में रह रहा था। अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी को बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि शुरू में सैन्य खुफिया इकाई ने एक संदिग्ध की मौजूदगी के बारे में जानकारी जुटाई थी, जो पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। वाहिद विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर आ गया था। उसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए एकसाथ मिलकर काम किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले सप्ताह पूछताछ के लिए बुलाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सैन्य खुफिया इकाई और राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) की संयुक्त पूछताछ के दौरान, वाहिद ने दिसंबर 2020 से ही आतंकी समूह कश्मीर जांबाज फोर्स (केजेएफ) के लिए काम करने और सुरक्षा प्रतिष्ठानों के वीडियो और तस्वीरें साझा करने की बात स्वीकार की। वाहिद का आतंकवाद की ओर झुकाव था और वह सोशल मीडिया पर स्वयंभू केजेएफ कमांडर तैयब फारूकी उर्फ उमर खताब के संपर्क में आया था। उन्होंने कहा कि वह सक्रिय आतंकवादी होने की पेशकश करने के अलावा ऑनलाइन समूह का सक्रिय सदस्य बन गया था। अधिकारियों ने बताया कि वह कुछ अज्ञात लोगों के साथ नियमित संपर्क में था।

## क्विक न्यूज

### सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को जेल से रिहा किया गया

**अहमदाबाद।** उच्चतम न्यायालय की ओर से अंतरिम जमानत मंजूर किए जाने के एक दिन बाद सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने 2002 के गुजरात दंगों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए सबूत गढ़ने के आरोप में गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम जमानत शुक्रवार को मंजूर कर ली थी। सीतलवाड़ 26 जून को गिरफ्तारी के बाद से ही यहां साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद थी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार जमानत की औपचारिकताओं के लिए सीतलवाड़ को सत्र न्यायाधीश वी ए राणा के समक्ष पेश किया गया था। विशेष लोक अभियोजक अमित पटेल ने कहा,"सत्र अदालत ने शीर्ष अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों के अलावा दो अन्य शर्तें भी लगाईं। सत्र अदालत ने आरोपी सीतलवाड़ को 25,000 रुपए का निजी मुचलका भरने और उसकी पूर्व अनुमति के बिना भारत नही छोड़ने का आदेश दिया।

### भाजपा विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**पोरबंदर (गुजरात)।** गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने तथा उन्हें धमकी देने के आरोप में एक पूर्व सैनिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कमला बाग पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्व कृषि एवं मत्स्य पालन मंत्री बाबूभाई बोखिरिया की शिकायत पर पूर्व सैनिक लखनाशी ओडेदरा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। ओडेदरा नजदीकी शिशाली गांव का रहने वाला है। अधिकारी ने कहा, कुछ लोगों ने पोरबंदर के विधायक बोखिरिया को बताया था कि ओडेदरा ने फेसबुक पर उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना) और 507 (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मुंबई हवाईअड्डे पर घाना से आया यात्री गिरफ्तार, पेट में छिपाकर रखे थे कोकीन के 87 कैप्सूल

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर घाना से आए एक यात्री को गिरफ्तार किया है, जो भारत में कोकीन की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। उसने यह मादक पदार्थ 87 कैप्सूल के जरिए अपने पेट में छिपाकर रखा हुआ था। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि यात्री के पास से बरामद।,300 ग्राम कोकीन की कीमत 13 करोड़ रुपए है। घटना 28 अगस्त की है, जब मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर यात्री पर संदेह होने के बाद उसे रोका गया और उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया। मुंबई कस्टम्स-3 के ट्विटर हैंडल से किए गए एक ट्वीट में कहा गया है, यात्री घाना से मुंबई हवाईअड्डे पर पहुंचा और संदेह होने पर उसे सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोका। तलाशी के दौरान, अधिकारियों को उसके सामान से कुछ नही मिला, लेकिन जांच में पता चला कि उसके पेट में 87 कैप्सूल हैं, जिनमें कोकीन छिपाकर लाई गई है। आरोपी को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने तीन दिनों में ए कैप्सूल उगले। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि यात्री को मादक पदार्थ रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया गया और मामले की जांच जारी है।

### जिलाधीश के साथ सीतारमण के बर्ताव से स्तब्ध हूं : तेलंगाना के मंत्री केटीआर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मंत्री के टी रामराव ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक जिलाधीश को फटकार लगाए जाने पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि उच्च पदों पर आसीन लोगों का ऐसा बर्ताव अखिल भारतीय सेवा के मेहनती अधिकारियों का मनोबल गिराएगा। दरअसल, सीतारमण ने उचित मूल्य की दुकानों के जरिए चावल की आपूर्ति में केंद्र तथा राज्य का हिस्सा पूछने पर जवाब न दे पाने के कारण जिलाधीश को फटकार लगाई थी। केटीआर ने शुक्रवार रात ट्वीट किया, मै कामरेड्डी के जिला मजिस्ट्रेटाजिलाधीश के साथ वित्त मंत्री सीतारमण के बुरे बर्ताव से स्तब्ध हूं। उन्होंने कहा, सड़कों पर यह राजनीतिक तमाशा कठिन परिश्रमी एआईएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारियों का केवल मनोबल गिराएगा। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जितेश वी पाटिल के गरिमापूर्ण व्यवहार पर उन्हें मेरी तरफ से शुभकमानाएं। गौरतलब है कि बिरकूर में पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) राशन की एक दुकान के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जितेश पाटिल से यह भी पूछा था कि वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर क्यों नही है।

### छतीसगढ़ में 10 लाख रुपए मूल्य का 51 किलोग्राम गांजा बरामद

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 लाख रुपए मूल्य का 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहराडबरी नाका में पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के निवासी शैलेंद्र प्रतापसिंह (33) को गिरफ्तार कर लिया है। सिंह के होंडा सिटी कार से 10 लाख रुपए मूल्य का 51 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में गांजा तस्करी की सूचना पर पुलिस दल ने नाकाबंदी कर शुक्रवार को वाहनों की तलाशी शुरू की थी। उन्होंने बताया कि जब पुलिस दल ने एक होंडा सिटी कार की तलाशी ली तब उसमें 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने कार की डिक्की से मिले दो लाख 39 हजार 820 रुपए नगद बरामद किया है और कार को जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया जब आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा ने मणिपुर के जदयू विधायकों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जदयू अदालत जाएगी

**इम्फाल।** मणिपुर में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हुए जनता दल (यूनाइटेड) के पांच विधायकों का शनिवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और मणिपुर प्रदेश अध्यक्ष ए. शारदा देवी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सिंह ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर कहा कि पिछले कुछ वर्षो में विधायक और महत्वपूर्ण हस्तियां भाजपा का समर्थन करती रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के नेतृत्व के प्रति लोगों के प्यार और विश्वास को दर्शाता है। विधायकों के भाजपा का दामन थामने से नाराज जद (यू) ने कहा कि वह दलबदल पर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। जदयू की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. बीरेन ने कहा कि पार्टी पांच विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी क्योंकि उनका कदम संविधान की 10वी अनुसूची का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर के पांच विधायक जदयू छोड़कर शुक्रवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। प्रदेश में पार्टी के छह विधायक थे। जदयू ने इस साल मार्च में विधानसभा चुनाव में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, जिसमें से छह ने जीत दर्ज की थी।

# लोगों ने गोर्बाचेव को श्रद्धांजलि दी, पुतिन नहीं हुए शामिल

एपी। मॉस्को

**शीत** युद्ध को खत्म करने में मदद करने वाले बड़े सुधारों की शुरुआत करने वाले सोवियत संघ के पूर्व नेता मिखाइल गोर्बाचेव को शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी। गोर्बाचेव का मंगलवार को निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। यूरोप को विभाजित करने वाली राजनीतिक सीमा खत्म करने के लिए गोर्बाचेव को पश्चिमी देशों में सराहा जाता है, लेकिन सोवियत संघ के विघटन के लिए जिम्मेदार रहे उनके कदमों के कारण रूस में उनके कई आलोचक हैं। गोर्बाचेव की राजकीय अंत्येष्टि किए जाने की घोषणा करने से क्रेमलिन का इनकार करना दिवंगत नेता की विरासत को लेकर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय की असहजता को दर्शाती है। पुतिन ने बृहस्पतिवार को गोर्बाचेव के ताबूत पर पुष्प अर्पित कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से श्रद्धांजलि दी थी। क्रेमलिन ने कहा था कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से गोर्बाचेव के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेंगे।



अंत्येष्टि कार्यक्रम में पुतिन के शामिल नहीं होने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा था कि राष्ट्रपति के कई कार्यक्रम पूर्व निर्धारित हैं। गोर्बाचेव के पार्थिव शरीर को मास्को के नोवोडेविची कब्रिस्तान में उनकी पत्नी रायसा के ताबूत के पास दफनाया जाएगा। यदि क्रेमलिन गोर्बाचेव के लिए राजकीय अंत्येष्टि कार्यक्रम की घोषणा करता, तो पुतिन का आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होना अजीब प्रतीत होता। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने पर क्रेमलिन को विदेशी नेताओं को भी इसमें शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजना पड़ता, जो वह (रूस) यूक्रेन पर अपने आक्रमण को लेकर पश्चिमी देशों के साथ तनाव के बीच संभवत: नहीं करना चाहता।

# रूस को तोड़ने का अमेरिकी सपना साबित होगा सर्व विनाश का मार्ग : मेदवदेव

एपी। मॉस्को

**रूस** के एक अधिकारी ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर शनिवार को आरोप लगाया कि वे देश को तोड़ने के लिए प्रोत्साहन रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि इस तरह की कोई भी प्रयास सर्व विनाश की ओर ले जाएगा। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव दिमित्री मेदवदेव ने पश्चिम को चेतावनी दी कि रूस को विघटन की ओर धकेलने की कोई भी कोशिश मौत से खेलने जैसी साबित होगी। रूसी सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष स्वयं राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हैं। मेदवदेव वर्ष 2008 से 2012 तक रूस के राष्ट्रपति थे। उस समय कार्यकाल की सीमा के कारण पुतिन को प्रधानमंत्री पद संभालना पड़ा था।

मेदवदेव को पश्चिमी देश पुतिन के मुकाबले अधिक उदार मानते हैं हालांकि, गत महीनों में उन्होंने जिस तरह से विभिन्न मुद्दों पर टिप्पणी की है, उससे वह क्रेमलिन के अन्य अधिकारियों से कहीं अधिक कठोर प्रतीत होते हैं। माना जा रहा है कि उनका रुख पुतिन के प्रति अधिक निष्ठावान साबित करने की कोशिश है। मेदवदेव ने शनिवार को पूर्व सोवियत संघ नेता मिखाइल गोर्बाचेव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के बाद अपने मैसेजिंग ऐप चैनल पर की गई पोस्ट में वर्ष 1991 के सोवियत संघ के विघटन का संदर्भ देते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका और उसके साझेदार रूस को भी विभाजित करने की साजिश रच रहे हैं। मेदवदेव ने आरोप लगाया कि पश्चिम में मौजूद कुछ लोग यूक्रेन में जारी सैन्य संघर्ष का लाभ नए सिरे से देश को विघटन की ओर धकेलने में उठा सकते हैं, वे रूस की संस्थाओं को निष्क्रिय करने और देश पर प्रभावी नियंत्रण को कमजोर करने के लिए सबकुछ कर सकते हैं, जैसा वर्ष 1991 में हुआ।

उन्होंने कहा, ऐसे विकृत लोग हैं जो गंदे सपने देखते हैं, जो हमारे देश को तोड़ने के गुप्त विचार के साथ सोने जाते हैं और सोचते हैं कि कैसे हमें खंडित कर दें और टुकड़ों में बांट दें। मेदवदेव ने कहा, ऐसी कोई भी कोशिश बहुत ही खतरनाक होगी और इसे कमतर कर नहीं आंकना चाहिए। ऐसा सपना देखने वाले इस बात को नजर अंदाज करते हैं कि परमाणु शक्ति को खंडित करना हमेशा मौत से खेलना होता है, जिसमें तय होता है कि शह और मात कब होगी, जो मानवता के लिए सर्व विनाश का दिन होगा। उन्होंने अपने संदेश के अंत में लिखा कि रूस के परमाणु अस्त्र महान रूस की सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम गारंटी है।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mrs. Anita Gupta** W/o Mr. Ashok Kumar Gupta who is purchasing the **SHOP NO.4, AREA MEASURING 22.22 SQ. YDS., BUILT-ON PLOT NO 20 & 21, AREA MEASURING 200.00 SQ. YDS., KHASRA NO 1617 SITUATED IN KAILASH PURAM HADBAST VILLAGE SADAR PUR PARGANA DASNA TEHSIL & DISTT. GHAZIABAD** from (i)Mr. Madan Pal S/o Mr. Sri Pal (ii) Mr. Ram Gopal Singh (iii) Mr. Abdhesh Kumar S/o Mr. Rajendra Singh, who had owners through GPA dated 28.01.2022, Sale Deed dated 22.07.2019 and Sale Deed dated 22.07.2019 Respectively, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd**. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank
Sector 2, Noida, UP-201301
Contact#0120-4269379

# अमेरिका ने ताइवान को एक अरब डॉलर के हथियार बेचने की मंजूरी दी

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान के दर्जे को लेकर चीन के साथ तनाव बढ़ने के बीच द्वीपीय देश को एक अरब डॉलर से अधिक के हथियार बेचने की घोषणा की है। विदेश विभाग ने बताया कि 1.09 अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री में 35.5 करोड़ डॉलर की हवा से समुद्र में मार करने वाली हारपून मिसाइलें तथा 8.5 करोड़ डॉलर की हवा से हवा में मार करने वाली साइडविंडर मिसाइलें शामिल हैं। बहरहाल, हथियारों का सबसे बड़ा हिस्सा ताइवान के निगरानी रडार कार्यक्रम के लिए 65.5 करोड़ डॉलर का साजोसामान पैकेज है। यह रडार कार्यक्रम हवा में रक्षा की चेतावनियां देता है। हवा में दुश्मन की मिसाइलों की जल्द चेतावनी देना महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि चीन ने ताइवान के पास सैन्य अभ्यास तेज कर दिए हैं। विदेश विभाग ने कहा कि यह उपकरण ताइवान के लिए आवश्यक है, ताकि आत्मरक्षा की पर्याप्त क्षमता बनाए रखी जा सके। प्रशासन ने शुक्रवार को इस बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को सूचित किया। बाइडन प्रशासन ने कहा कि यह सौदा अमेरिका की एक-चीन नीति के अनुरूप है। साथ ही उसने बीजिंग से ताइवान के खिलाफ अपना सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव खत्म करने तथा इसके बजाय ताइवान के साथ सार्थक संवाद करने का अनुरोध किया। अमेरिका और चीन के बीच रिश्तों में कड़वाहट तब से और बढ़ गई है, जब से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने पिछले महीने ताइवान की यात्रा की। पेलोसी की ताइपे यात्रा के बाद से अमेरिकी कांग्रेस के कम से कम दो अन्य प्रतिनिधिमंडल ने भी वहां का दौरा किया है। चीन ने इन सभी यात्राओं की निंदा की है। ताइवान की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चीनी तट पर ताइवान की चौकी पर मंडरा रहे एक ड्रोन को मार गिराया है। यह घटना बढ़ते तनाव को दिखाती है। इससे एक दिन पहले, ताइवान ने कहा था कि उसने चीन के बंदरगाह शहर शियामेन के तट पर उसके तीन द्वीपों पर ड्रोनों के मंडराने पर चेतावनी दी है। गौरतलब है कि चीन ताइवान पर अपना दावा जताता है।

# पीएम मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए यूएई के राष्ट्रपति को पत्र लिखा

भाषा। दुबई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को पत्र लिखकर दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने और साझा हितों की पूर्ति के लिए उन्हें विकसित करने की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया है। यूएई के आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी का यह पत्र विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति को उस समय सौंपा, जब उन्होंने शुक्रवार को खाड़ी देश की अपनी यात्रा के दौरान दुबई में उनसे मुलाकात की। जयशंकर इस सप्ताह यूएई-भारत संयुक्त समिति के 14वें सत्र और यूएई-भारत सामरिक वार्ता के तीसरे सत्र की बैठकों में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में थे। यूएई की आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने बताया कि पत्र दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने और साझा हितों की पूर्ति के लिए इन्हें विकसित करने की संभावनाएं तलाशने से संबंधित है।



डब्ल्यूएएम के मुताबिक, बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और व्यापक रणनीतिक साझेदारी तथा यूएई-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के ढांचे के भीतर आपसी रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग के महत्व पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने आपसी चिंता के कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत की। जयशंकर ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा, मेरी आवभगत के लिए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत बधाई और हार्दिक शुभकामनाओं से राष्ट्रपति को अवगत कराया। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने में उनके मार्गदर्शन को हम अत्यंत महत्व देते हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 72 अरब अमेरिकी डॉलर का था। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत में यूएई से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है और वर्तमान में यह 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। भारतीय प्रवासी समुदाय यूएई में सबसे बड़ा जातीय समुदाय है, जो देश की आबादी का लगभग 35 प्रतिशत है। वर्ष 2020-21 के लिए लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि के साथ यूएई (अमेरिका और चीन के बाद) भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य रहा। यूएई के संबंध में भारत वर्ष 2020 में लगभग 27.93 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार के साथ तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश बनकर उभरा।

# सोमालिया में चरमपंथियों ने 20 लोगों की हत्या की

**मोगादिशु (सोमालिया)।** चरमपंथी समूह अल-शबाब ने शनिवार सुबह हिरन क्षेत्र में कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और सात वाहनों को जला दिया। सोमाली मीडिया और निवासियों ने यह जानकारी दी। निवासियों ने कहा कि हमला अलकायदा से जुड़े समूह के खिलाफ स्थानीय लामबंदी के विरोध में किया गया है। निवासी हसन अब्दुल्ल ने एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर बताया, पीड़ित चालक और यात्री थे जो बेलेटवेने से महास तक खाद्य सामान ले जा रहे थे और यात्रियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले भोजन और वाहनों को ले जाने वाले कुछ सात ट्रकों को आग लगा दी गई। अल-शबाब ने हमले की पुष्टि की और स्थानीय रूप से जुटाए गए 20 मिलिशिया सदस्यों के मारे जाने का दावा किया। सोमाली सरकार ने इस बर्बर हमले की निंदा की है और मध्य और दक्षिणी सोमालिया के महत्वपूर्ण हिस्सों पर कब्जा करने वाले चरमपंथी समूह के खिलाफ स्थानीय लामबंदी के लिए अपना समर्थन दोहराया है।

**National Yuva Cooperative Society Ltd**
Regd Office:209, 2nd Floor, A/2-B, Vardhaman, Janak Market Janakpuri, New Delhi-110058. Phone: 011-25531063/40153681
E- Mail: nycs.ltd@gmail.com, Website: www.nycsindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that **21st Annual Representative General Body Meeting (RGB) of National Yuva Cooperative Society Ltd.** will be held on 22nd September, 2022 at 3:00 pm at National Cooperative Union of India, 3 August Kranti Marg, New Delhi–110016.

**All the Members of the RGB and Central Registrar of Cooperative Societies**, are requested to participate in the meeting. Detailed agenda of the meeting can be viewed in the website: **www.nycsindia.com**

**Date: 4th September 2022**
**Place: New Delhi**

**Prakash Chandra Sahu**
President, NYCS Ltd.

**यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर–34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, फोन : 011–26258237, 49075251
ई–मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com

तिथि : 02–09–2022

1. कम्पनी की 38वीं वार्षिक सामान्य बैठक मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को दोपहर 12.30 बजे भौतिक विधि में 14 Kms, पटौदी रोड, ग्राम झुंड सराय वीरान, जिला सेक्टर–95, गुरूग्राम, हरियाणा में आयोजित की जाएगी।
2. कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियां 21 सितम्बर, 2022 से 26 सितम्बर, 2022 तक (दोनों दिन सहित) वार्षिक सामान्य बैठक के उद्देश्यार्थ बंद रहेंगी।

बैठक दोपहर 12.00 बजे आरंभ होकर दोपहर बाद 1.30 बजे समाप्त हुई।
यह आपकी सूचना और आवश्यक रेकार्ड्स के लिए है।
धन्यवाद,
आपका हितैषी,

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
शशि शेखर
कम्पनी सचिव

# ट्विन टॉवर की जगह पर नई आवासीय परियोजना के विकास की सुपरटेक ने जताई मंशा

भाषा। नई दिल्ली

**रियल** एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड नोएडा स्थित अपनी ट्विन टॉवर इमारत को नियंत्रित धमाके के साथ गिराए जाने के बाद उसी जगह पर एक नई आवासीय परियोजना विकसित करना चाहती है। सुपरटेक के चेयरमैन आर के अरोड़ा ने कहा कि अगर नोएडा विकास प्राधिकरण इस नई परियोजना को मंजूरी नहीं देता है तो कंपनी भूमि पर आई लागत और अन्य खर्चों की वापसी की मांग करेगी। सुपरटेक ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ट्विन टॉवर के गिराए जाने से लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान होने का दावा किया है। एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी के अंदर इन दोनों टॉवर का निर्माण निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए किया गया था। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गत 28 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे लगभग 100 मीटर ऊंचे इन टॉवर को विध्वंसक लगाकर ढहा दिया गया। इसे गिराने में 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था। टॉवर वाली जगह से मलबा हटाए जाने के बाद अरोड़ा ने कहा कि कंपनी उस स्थान पर एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए नोएडा विकास प्राधिकरण के समक्ष एक प्रस्ताव रखेगी। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर कंपनी एमराल्ड कोर्ट परिसर के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की सहमति भी लेगी। उन्होंने कहा कि नोएडा के सेक्टर 93 ए में प्राधिकरण ने एक समूह आवासीय परियोजना के लिए सुपरटेक को 14 एकड़ भूमि आवंटित की थी। इस भूमि खंड में से दो एकड़ जमीन पर ट्विन टॉवर बनाए गए थे। अरोड़ा ने कहा, "अब ट्विन टॉवर को ध्वस्त कर दिया गया है और अब हम कंपनी के स्वामित्व वाली दो एकड़ भूमि पर एक समूह आवासीय परियोजना का प्रस्ताव लेकर आएंगे। प्राधिकरण से कंपनी को इसकी मंजूरी मिलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी निश्चित रूप से एक योजना बनाएगी और फिर प्राधिकरण को इस पर फैसला करना है। अरोड़ा ने कहा कि जरूरत पड़ने पर एमराल्ड कोर्ट के आरडब्ल्यूए की भी सहमति ली जाएगी। सुपरटेक के चेयरमैन ने कहा कि नई परियोजना को अनुमति नहीं दिए जाने की स्थिति में कंपनी प्राधिकरण से इस भूमि पर आई अपनी लागत की वापसी की मांग करेगा। अरोड़ा ने कहा, "मौजूदा दर पर इस जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपए होनी चाहिए। इसके अलावा इस परियोजना में अतिरिक्त फर्श क्षेत्र अनुपात (एफएआर) की खरीद के लिए करीब 25 करोड़ रुपए का भुगतान भी सुपरटेक ने किया था।

# ऑनलाइन भुगतान कंपनियों रेजरपे, पेटीएम, कैशफ्री के ठिकानों पर ईडी ने मारे छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि चीनी नागरिकों के नियंत्रण वाले स्मार्टफोन आधारित गैरकानूनी त्वरित ऋण आवंटन के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में ऑनलाइन भुगतान मंचों रेजरपे, पेटीएम और कैशफ्री के बेंगलुरु परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। जांच एजेंसी ने बताया कि तलाशी का यह अभियान कर्नाटक की राजधानी में स्थित इन कंपनियों के छह परिसरों में शुक्रवार को शुरू हुआ था और अब भी यह अभियान जारी है। ईडी ने एक बयान में कहा, चीनी व्यक्तियों के नियंत्रण या परिचालन वाले रेजरपे प्राइवेट लिमिटेड, कैशफ्री पेमेंट्स, पेटीएम पेमेंट सर्विस लिमिटेड और अन्य कंपनियों में तलाशी की कार्रवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि छापेमारी में चीन के व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित इन कंपनियों के मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में जमा 17 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। एजेंसी ने आरोप लगाया कि ए कंपनियां भारतीय नागरिकों के फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उन्हें फर्जी तरीके से निदेशक बनाती हैं जबकि इन कंपनियों का नियंत्रण एवं परिचालन चीन के लोग करते हैं। उसने बताया कि जांच के दायरे में आई ए कंपनियां भुगतान सेवा कंपनियों और बैंकों से जुड़ी मर्चेंट आईडी या खातों का इस्तेमाल करके अपराध का धन जुटा रही थीं और इन कंपनियों ने जो पते दिए थे वे भी फर्जी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Prateek Gulati is the owner of Built up First Floor, without roof rights of Property No. 18 (Part) & 19, area measuring 125 Sq., Yds., out of total area measuring 250 Sq.Yds., out of Khasra No. 89/18, Village Hastsal, Delhi State Delhi area abadi Known as Colony South Extn, Part 1 Uttam Naga vide a Regd. Will dated 11.04.2014, bearing document no.751. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph: 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती शांति सोनी पत्नी श्री गोवर्धन लाल सोनी, ने सहदेव गली, विश्वास नगर, इल्लाका शाहदरा, नई दिल्ली–110032 की आबादी में ग्राम चंद्रावली उर्फ शाहदरा में स्थित आवासीय निर्मित संपत्ति, संपत्ति सं. 3/47 का हिस्सा, प्लॉट नंबर 47 का हिस्सा और ब्लॉक सं. 3, एरिया परिमाप 100 वर्ग गज यानी 83.61 वर्ग मीटर, यानी 900 वर्ग फुट जिसका कवर एरिया 167.22 वर्ग मीटर है खसरा नंबर 1730/1041/790, जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 09.09.1992 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री जोगिंदर कुमार उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत ब्रिकी विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ, श्रीमती शांति सोनी पत्नी श्री गोवर्धन लाल सोनी से खरीद रहे हैं यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर–34, ईएचटीपी, गुरूग्राम–122001 (हरियाणा)
ई–मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com
(सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460) फोन : 0124–4200274

तिथि : 03–09–2022

**शेयरधारकों को सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की 38वीं वार्षिक सामान्य बैठक मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को दोपहर 12.30 बजे 14 KMS, गुरूग्राम पटौदी रोड, ग्राम झुंड सराय वीरान, जिला गुरूग्राम, सेक्टर–95, हरियाणा में निम्नलिखित व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी :

| | |
|---|---|
| एजीएम का दिन और दिनांक : | मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 |
| समय : | दोपहर 12.30 बजे |
| स्थान : | 14 Kms, गुरूग्राम पटौदी रोड, ग्राम झुंड सराय वीरान, जिला गुरूग्राम, हरियाणा |
| कट–ऑफ तिथि (रेकार्ड तिथि) : | 20 सितम्बर, 2022 |
| बही बंदी : | बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 से सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 (दोनों दिन सहित) |
| ई–वोटिंग अवधि : | शनिवार, 24 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 9.00 बजे) (आईएसटी) आरंभ तथा सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 (अप. 5.00 बजे) (आईएसटी) समाप्त |

धन्यवाद,

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
शशि शेखर
एसीएस 30145
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

# एनएफआर का पूर्वोत्तर में पीएम गतिशक्ति योजना के जल्द अमल पर जोर

भाषा। गुवाहाटी

**पूर्वोत्तर** सीमांत रेलवे (एनएफआर) पूर्वोत्तर भारत में प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना को तेजी से लागू करने पर जोर दे रहा है क्योंकि इस इलाके में रेलवे की तरफ से संचालित किए जा रहे यातायात में कई गुना बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

एनएफआर के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को स्थानीय सांसदों के साथ एक बैठक में कहा कि रेलवे पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल यातायात बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि दक्षिण- पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार माने जाने वाले इस क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने वाली परियोजनाओं की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर इलाके में पीएम गति-शक्ति योजना को तेजी से अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे इस इलाके में आने वाले और यहां से जाने वाले यातायात का इस तरह एकीकरण हो सकेगा कि रेल, सड़क तथा बंदरगाह एकीकृत यातायात व्यवस्था के तौर पर काम करें। विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को बहु-माध्यम संपर्क सुविधा प्रदान करने के लिए अक्टूबर, 2021 में पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय विशिष्ट योजना शुरू की गई थी। गुप्ता ने कहा कि एनएफआर को वर्ष 2025 के अंत तक 6.5 करोड़ टन यातायात को संभालने की उम्मीद है जो वर्तमान में तीन करोड़ टन है। उन्होंने कहा कि एनएफआर ने यात्रियों और माल यातायात दोनों की आवाजाही की क्षमता को और बढ़ाने के लिए कई अन्य विकास कार्यों पर प्रयास किए हैं। एनएफआर की तरफ से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, इस बैठक में रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दस सांसद और सांसदों के तीन प्रतिनिधि मौजूद थे।

# महामारी काल में संस्थागत प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या घटी: पोषण रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**सरकारी** थिंक-टैंक नीति आयोग की एक रिपोर्ट कहती है कि अक्टूबर-दिसंबर 2020 के दौरान संस्थागत सुविधाओं में प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या इससे एक साल पहले के कोविड-पूर्व काल की तुलना में घट गई थी। नीति आयोग ने महामारी काल में पोषण अभियान की प्रगति पर जारी एक रिपोर्ट में संस्थागत प्रसव को लेकर यह निष्कर्ष निकाला है।

इसके मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2020 के दौरान संस्थागत स्वास्थ्य सुविधाओं में करीब 53.48 लाख महिलाओं का प्रसव कराया गया था। यह संख्या इससे एक साल पहले की कोविड-पूर्व की समान अवधि में 54.98 लाख रही थी। इसके अलावा अक्टूबर-दिसंबर 2020 के दौरान प्रसव-पश्चात स्वास्थ्य जांच का लाभ पाने वाली महिलाओं की संख्या करीब 30.52 लाख रही। यह आंकड़ा अक्टूबर-दिसंबर 2019 के दौरान प्रसव-पश्चात जांच कराने वाली 31.31 लाख महिलाओं की संख्या से कम था।

नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि अधिकांश राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में संस्थागत प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या कोविड-पूर्व काल की तुलना में घट गई। इस तरह की सबसे ज्यादा गिरावट बिहार और चंडीगढ़ में दर्ज की गई थी।। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2019–20 के अंत तक केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी पोषण अभियान के तहत आवंटित कोष का सबसे ज्यादा इस्तेमाल (58 प्रतिशत) केरल में किया गया जबकि ओडिशा में सबसे कम (आठ प्रतिशत) राशि का इस्तेमाल किया गया। वहीं छोटे राज्यों के मामले में नगालैंड (87 प्रतिशत) सबसे आगे रहा और अरुणाचल प्रदेश (नौ प्रतिशत) के साथ सबसे नीचे रहा। केंद्रशासित प्रदेशों के मामले में लक्षद्वीप (65 प्रतिशत) सबसे ऊपर और पुडुचेरी (22 प्रतिशत) सबसे नीचे रहा। यह रिपोर्ट बताती है कि 15 राज्यों में 75 प्रतिशत से अधिक नर्सिंग सहायक (एएनएम) पदों पर भर्तियां कर ली हैं जिनमें ओडिशा 100 प्रतिशत रिकॉर्ड के साथ सबसे आगे है। बिहार में 52 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 61 प्रतिशत और हिमाचल प्रदेश में 71 प्रतिशत एएनएम पदों पर ही भर्तियां हुई हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि अधिकांश राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में संस्थागत प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या कोविड-पूर्व काल की तुलना में घट गई। इस तरह की सबसे ज्यादा गिरावट बिहार और चंडीगढ़ में दर्ज की गई थी।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि फ्लैट नं० आर-300, सैक्टर-21, नौएडा जिला गौतम बुद्धनगर उ०प्र० जिसके मुल आंवटी श्री Ex. SGT Satyavir Singh पुत्र श्री Rajpal Singh निवासी H-2, Panchsheel Vihar, Malviya Nagar New Delhi-17 है। कि पंजीकृत मुख्तारनामा (जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी) के आधार पर उक्त फ्लैट निम्नलिखित व्यक्ति को बेचा गया था:- श्रीमती वीना कुमारी जैन पत्नी श्री सूर्या प्रकाश जैन निवासी 82, रेल विहार सैक्टर-30, नौएडा उ०प्र० के पक्ष में विक्रय संविदा (एग्रीमेंट टू सेल) को निष्पादन नही किया गया। उक्त फ्लैट नं० आर-300, ब्लॉक-आर, जलवायु विहार सैक्टर-21, नौएडा जिला गौतम बुद्धनगर उ०प्र० को श्रीमती वीना कुमारी जैन पत्नी श्री सूर्या प्रकाश जैन निवासी 82, रेल विहार सैक्टर-30, नौएडा उ०प्र० के पक्ष में स्थानांतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण को अनिवार्य रूप से ग्रुप हाउसिंग विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर दाखिल कर दें।

स्पेशल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 30.06.99 को हुई थी। इस पर किसी का अधिकार है तो 15 दिन के अन्दर इस पता - H-2, Panchsheel Vihar, malviya Nagar, New Delhi-17 पर आकर सम्पर्क करें।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1)TATAMOTORS_T1518FBGD REG. NO. HR55AC4376-YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9999996157
EMAIL–Jagbir.singh@kotak.com

**जिंदल लीजफिन लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली–110001
फोन : 011–46201000 फैक्स : 011–46201002, ई–मेल : jindal@jindal.bz, taxation@jindal.bz, वेबसाइट : www.jilltd.co.in

**28वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई–वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जिंदल लीजफिन लिमिटेड के सदस्यों की 28वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे केजरीवाल फार्म हाउस, होलाम्बी कलां, नरेला, दिल्ली–110082 में आयोजित होगी।

सूचना, वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रानिक विधि से भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/ डिपॉजिटरी सहभागी के पास पंजीबद्ध हैं। सूचना की भौतिक प्रतियां, वार्षिक रिपोर्ट सहित अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी हैं।

सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई रिमोट ई–वोटिंग सर्विसेज के माध्यम से कर सकते हैं। वोटिंग अधिकार की गणना कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को सदस्य/लाभार्थी स्वामी के नाम में पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जाएगी। कोई व्यक्ति, जो बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को शेयरों का धारक है, वह beetlarta@gmail.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कृपया नोट करें कि 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

एजीएम स्थल पर मतपत्र द्वारा वोट डालने की सुविधा बैठक में उपस्थित उन सदस्यों को उपलब्ध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है। एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डाल चुके सदस्य भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट : www.jilltd.co.in से डाउनलोड भी की जा सकती है। ई–वोटिंग संबंधी कोई भी शिकायत अधोहस्ताक्षरी को संबोधित की जा सकती है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./–
सुरेन्द्र कुमार जिंदल
प्रबंध निदेशक

तिथि : 03–09–2022
स्थान : नई दिल्ली

# रोडवेज बस स्टैंड से हो रही डग्गामारी



रोडवेज बस स्टेशन से होता प्राइवेट वाहनों का संचालन पायनियर

रतन पटेल। चित्रकूट

● नियमों की धज्जियां उडा चित्रकूट में हो रहा प्राइवेट बसों का संचालन

● अधिकारियों की मिलीभगत से प्रतिमाह लग रहा लाखों के सरकारी राजस्व को चूना

**परिवहन** विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की मेहरबानी से चित्रकूट जिले में उत्तर प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टालरेंस की नीति की खुलेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों की सह पर रोडवेज बस स्टैंड कर्वी से बिना परमिट के दो दर्जन से अधिक बसों एवं दर्जनों डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है। जिसे प्रतिमाह रोडवेज को लाखों रूपये के राजस्व को चूना लग रहा है। भगवान श्रीराम की तपोस्थली होने की वजह से धर्म नगरी चित्रकूट का चहुमुखी विकास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्राथमिकताओं में शामिल है। ईमानदार छवि के कारण उत्तर प्रदेश की सत्ता पर दूसरी बार काबिज हुई योगी सरकार भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। वहीं चित्रकूट जिले में तैनात भ्रष्ट एआरटीओ और पीटीओ खुलेआम सरकार की नीतियों की धज्जियां उठाकर ईमानदार सरकार की छवि को दागदार करते नजर आ रहे है। परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की काली करतूतों का नजारा जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड में देखने को मिल रहा है। बस स्टैण्ड से एक किमी तक प्राइवेट वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध होने के बाद भी एआरटीओ व पीटीओ की हर माह मोटी रकम की वसूली के चलते बस स्टैण्ड से आधा सैकडा प्राइवेट वाहनों का धडल्ले से संचालन हो रहा है। पूरे दिन बस स्टैण्ड से अवैध वाहनों के संचालन से दिन में कई बार भारी जाम का सामना लोगों को करना पड रहा है। परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की काली करतूतों से रोडवेज को प्रतिमाह लाखों रुपये के राजस्व की क्षति पहुंच रही है। बीते दिनों कलेक्ट्रेट सभागार में मीटिंग के दौरान डीएम अभिषेक आनन्द और एसपी अतुल शर्मा के आदेश भी हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। वहीं इस मामले में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने योगी सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरों टोलरेंस की नीति के दावों को हवा हवाई बताया है। सपा जिलाध्यक्ष का आरोप है कि योगी सरकार भले ही ईमानदार होने का दावा कर रहीं हो,लेकिन अधिकारी खुलेआम लूट और भ्रष्टाचार करते नजर आ रहे है। चित्रकूट के एआरटीओ व पीटीओ खुलेआम अवैध वसूली कर नियमों को ताक में रखकर रोडवेज बस स्टैंड से प्राइवेट बसों एवं डग्गामार जीपों का संचालन कर रहे है। वहीं इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का कहना है कि प्रकरण की जांच कराकर भ्रष्टाचार एवं नियम विरूद्ध काम कर रहे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करवाई जायेगी। जिलाध्यक्ष श्री खरे ने कहा कि किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को सरकार की छवि खराब नही करने दी जायेगी।

**छात्रा अंकिता की हत्या के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग:**जालौन (उरई)। झारखंड के दुमका में अंकिता की हत्या के मामले में दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।
विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष आशीष द्विवेदी के नेतृत्व में अनुराग तिवारी, दीपेंद्र राठौर, अभिषेक कुशवाहा, तिलक सिंह परिहार, दीपक, नितेश, गोलू कुशवाहा, ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश सिंह को सौंपा।

## कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

**जालौन ( उरई )।** महिला को खेत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने एवं वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुठौंद थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने न्यायालय को बताया था कि उसका पति के साथ कुछ विवाद हो गया था। जिसके बाद से वह मायके में रह रही थी। बाद में पति से बात होने पर बीती 27 अप्रैल को वह अपने मायके से ससुराल में रहने के लिए आ रही थी। तभी जालौन चौराहे पर गांव जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी उसी दौरान औरेखी निवासी बृजकिशोर एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से सुढ़ार सालाबाद के पास खेतों की ओर उसे एक कोठी में ले गया और बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। दूसरे व्यक्ति ने उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद उन्होंने उसे वापस जालौन चौराहे पर छोड़कर मायके चले जाने के लिए कहा।

# दिनदहाड़े बाइक सवार लुटेरे महिला का मंगलसूत्र लूटकर हो गए फरार

● घटना के दौरान ईरिक्शा से गिरकर महिला हुई घायल

● आला अधिकारियों के आवासों के समीप दिया घटना को अंजाम

संवाददाता। उरई (जालौन)



**शनिवार** को बाइक सवार लुटेरों ने ईरिक्शा से बाजार आ रही महिला के गले से छपट्टा मारते हुये मंगलसूत्र लूटकर भाग जाने में सफल हो गये। दिनदहाड़े हुये लूट की घटना से जहां राहगीर दहशतजदा दिखे। बाद में पीड़ित महिला अपने पति के साथ सदर कोतवाली में पहुंची जहां उसने अपने साथ घटित घटना की जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा कोटरा निवासी शशिदेवी कुछ समय पूर्व अपने मायके जालौन गयी थी। जहां से वह शनिवार को अपने पति खेमचंद्र के साथ उरई बस से आयी। लगभग सवा एक बजे वह जालौन बाईपास पर वह बस से उतरी और एलआईसी की किस्त जमा करने के लिये वह ईरिक्शा में बैठ गयी। उसी दौरान पहले से ही घात लगाये बैठे मोटर साइकिल सवार दो युवक जो अपना मुंह कपड़े से बांधे खड़े थे उन्होंने ईरिक्शा का पीछा किया और जैसे ही वह ईरिक्शा के बगल में पहुंचे तभी बाइक पर पीछे बैठे लुटेरे ने महिला के गले से मंगलसूत्र छपट्टा मारते हुये लूट लिया और मोटर साइकिल से भाग जाने में सफल हो गये। बताया जाता है कि लूट के दौरान महिला ईरिक्शा से नीचे गिर गयी जिससे उसके पैरों व पीठ में चोट भी आ गयी थी। बाद में लूट की शिकार महिला शशि देवी अपनी पति खेमचंद्र के साथ सदर कोतवाली में पहुंची जहां उसने लूट की घटना के बारे में जानकारी दी। ताज्जुब की बात तो यह है कि जिस रोड पर बेखौफ लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया उसी रोड पर दो आला अधिकारियों के आवास भी फिर भी जिस अंदाज में लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम देकर सुरक्षित भाग जाने में सफल रहे यह भी कम हैरतअंगेज कारनामा नहीं है।

# दीवार तोड़ चोरों ने गृहस्वामी को लगाया लाखों को चूना

संवाददाता। जालौन (उरई)

**घर** की पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर ढाई लाख रुपये नगद समेत लाखों के सोने चांदी के जेवर चोरी किए। गृहस्वामी की सूचना पर पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलाईपुरा निवासी श्रीपाल पुत्र राम भरोसे अपने बड़े पुत्र मानवेंद्र के साथ गांव में रहते हैं। उनके तीन पुत्र श्यामू, सुघरसिंह व राघवेंद्र अपने परिवार के साथ आंध प्रदेश में रहकर पानी पूरी का धंधा करते हैं। 2 दिन पूर्व राघवेंद्र घर आया था। शुक्रवार की रात खाना खाकर पूरा परिवार लगभग साढ़े दस बजे सो गया। रात में किसी समय अज्ञात चोरों ने मकान के बगल में खाली पड़ी जमीन की ओर से दीवार तोड़ दी। दीवार तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे ढाई लाख रुपये नगद समेत लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोसी जब खाली पड़ी जमीन पर कूड़ा आदि फेंकने के लिए गए तो उन्हें दीवार टूटी दिखी। जिसके बाद उन्होंने गृहस्वामी श्रीपाल को इसकी जानकारी दी। जब घर के लोग कमरे में पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी ली और मौके का मुआयना किया। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।



कमरे में बिखरा पड़ा सामान पायनियर

## कांशीराम कालोनी पहुंच पालिका चेयरमैन ने किया जनसमस्याओं का निदान

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने विस्तारित सीमा क्षेत्र शहर से सटे काशीराम कालोनी लोढवारा का अधिकारी-कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। शनिवार को नगर पालिका के चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने ईओ रामअचल कुरील की टीम के साथ काशीराम कालोनी लोढवारा का निरीक्षण कर सफाई अभियान चलाया। कालोनीवासियों से भेंटकर समस्यायें पूंछी। लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया। आसपास की हर गली व मोहल्ले की सफाई करवाई। चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका का सीमा क्षेत्र काफी बढ गया है। ऐसे में लोगों की समस्यायें भी बढी हैं। समस्याओं का निराकरण तत्काल कराने को वे मोहल्ले-मोहल्ले का भ्रमण कर रहे हैं। किसी की कोई समस्या हो तो मुझसे नगर पालिका कार्यालय में आकर निदान करवा सकते हैं।

## बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का युवक पर लगाया आरोप

**रामपुरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत युवती को कस्बे के ही युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। पीड़ित परिजनों ने थाने युवक के खिलाफतहरीर दी है। कस्बा निवासी युवक पर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप है। उक्त ने तहरीर देकर बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। शुक्रवार को वह किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था जब वह घर बापस लौटा तो उसकी लड़की घर पर नही थी काफी तलाश करने के बाद पता चला कि गांव का एक युवक बहला फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया है।

## क्विक न्यूज

### दबंग ने तमंचे से फायर कर युवक का कान उड़ाया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के हरेहटा गांवनिवासी ग्रामीण ने पत्नी के हैडपंम्प से पानी भरने के दौरान विवाद होने पर तमंचे से फायर कर देने से महिला के पति का कान उड़ गया है। पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के हरेहटा गांवनिवासी ग्रामीण बिन्नू निषाद ने पुलिस को बताया कि सुबह मेरी पत्नी जमुनावती हेंडपंम्प में पानी भर रही थी तभी प्रेमनारायण ने वहां आकर गाली गलौज की मना करने पर मारपीट की जब मै शोर सुनकर उसको बचाने के लिए गया तो उसने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया जिससे मेरा एक कान उड़ गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जान लेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### सभी सीएचसी में होंगे नौ से 27 तक हाईड्रोसील आपरेशन

**चित्रकूट।** जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हाईड्रोसील आपरेशन शिविर नौ से 27 सितम्बर के बीच लगेंगे। तीन सितम्बर से आशा और एएनएम संबंधित गांवों को शिविर की जानकारी देंगी। शनिवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कैम्प की शुरुवात राजापुर से होगी। कैम्प में आपरेशन को सीएचसी मानिकपुर के सर्जन डॉ विद्यासागर नामित किये गये हैं। डॉ सागर सभी शिविरों में आपरेशन करेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया है कि कोई हाईड्रोसील का मरीज दिखता है तो उसे निश्चित तिथि को संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में भेजें। संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र के तहत आने वाली आशा व एएनएम भी लोगों को आपरेशन को प्रेरित करेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी लालसाहब सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में नौ सितम्बर को हाईड्रोसील कैम्प लगेगा। पहाडी में 13 सितम्बर, रामनगर में 15, मऊ में 16, मानिकपुर में 23, शिवरामपुर में 27 को कैम्प लगेगा। डॉ सागर ने बताया कि कैम्प में संबंधित अस्पताल के अन्य सर्जन व स्टाफसहयोग करेंगे। मरीजों को एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया कराई जायेगी।

### बार संघ चुनावः दो अलग-अलग चुनाव कार्यक्रमों का हुआ पटाक्षेप

**कोंच(जालौन)।** बार संघ कोंच के चुनाव को लेकर गत रोज एल्डर्स कमिटी द्वारा और निवर्तमान बार संघ अध्यक्ष द्वारा नामित चुनाव अधिकारियों द्वारा अलग अलग चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई थी जिसको लेकर स्थानीय वकील भी असमंजस में थे। वहीं असमंजस की इस स्थिति को दूर करने के लिए एल्डर्स कमिटी सदस्यों, चुनाव अधिकारियों व वकीलों के साथ बैठक की गई जिसके बाद आपसी सहमति से नया चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। शनिवार को सिविल कोर्ट (मुंसिफी) के अधिवक्ता भवन में निवर्तमान बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई जिसमें उपस्थित एल्डर्स कमिटी के सदस्यों व चुनाव अधिकारियों ने आपसी सहमति के उपरांत नया चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया।घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत 14 सितंबर को नामांकन किये जा सकेंगे और 15 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जिसके बाद 16 सितंबर को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यक होने पर 23 सितंबर को मतदान प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। बैठक में एल्डर्स कमिटी सदस्य बृजेश कुमार मिश्रा, संतलाल अग्रवाल, वीरेंद्र लिटौरिया, संतोष अग्रवाल, भानुप्रकाश अरूसिया, चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश अग्रवाल, केके श्रीवास्तव,रामबिहारी दुवे, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अरुण वाजपेयी, रामवीर सिंह गुर्जर समेत तमाम वकील मौजूद रहे।

### कांशीराम कॉलनी वासियों ने आधी रात को घेरा अधिकारियों का आवास

**कोंच(जालौन)।** पिछले लंबे समय से बिजली, पानी, साफ सफाई, सुरक्षा जैसी मूलभूत समस्याओं से परेशान हो रहे कांशीराम कॉलनी वासियों के सब्र का बांध बीती रात को टूट गया। देर रात करीब 12 बजे महेशचंद्र, ओमप्रकाश, इकलाख, शहजाद, जाकिर, राजेश कुमार, बिहारी, गोकुलप्रसाद समेत आधा सैकड़ा से अधिक महिलाओं बच्चों व पुरुषों ने नारेबाजी के बीच तहसील मुख्यालय पहुंचकर वहां एसडीएम व सीओ आवास का घेराव कर संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों पर समस्याओं के निराकरण के नाम पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की। वहीं एसडीएम कृष्णकुमार सिंह ने कॉलनी वासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बहुत जल्द ही समस्याओं का निराकरण किये जाने का भरोसा दिलाया तब कहीं जाकर कॉलनीवासी मौके से हटे। वहीं, एसडीएम ने बताया कि समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गये हैं।

### सर्वाइकल कैंसर जागरूकता टीकाकरण शिविर में चिकित्सकों ने दी सलाह

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता टीकाकरण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसीलदार बलराम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में सचिव व तहसीलदार ने राजस्व संबंधी विवादों को लेकर जानकारी एवं उसमें विधिक सहायता से संबंधित टिप्स उपस्थितजनों को दिए। सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण है। इससे बचाव के लिए महिलाओं को नियमित रूप से अपनी जांच करवाना व एचपीवी टीकाकरण जरूर करवाना चाहिए। कहा कि सर्वाइकल कैंसर से मुख्य रूप से तंबाकू और धूम्रपान का सेवन करने वाली महिलाएं ज्यादा पीड़ित होती हैं। इससे बचाव के लिए यदि किसी भी प्रकार का कोई लक्षण अथवा संदेह होता है तो जांच कराएं।

# नरेंद्र को सौंपा ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष का दायित्व

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**ब्लॉक परिसर** में शनिवार को सभी ब्लाक क्षेत्र की 67 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों की मीटिंग हुई जिसमें सभी ने नये सिरे से ब्लाक प्रधान संघ पदाधिकारियों के बारे में चर्चा की। जिसमें कुठौंद ब्लाक के प्रधान संघ के अध्यक्ष पद के लिये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष नरेंद्र महंत कुठौंद को नाम पर चर्चा हुई तो सभी ग्राम प्रधानों ने अपनी सहमति व्यक्त की। इसी के साथ कुठौंद ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत को ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के साथ ही ब्लाक महामंत्री दीपक सिंह परिहार हाजीपुर को चुना गया। प्रधान संघ के चुनाव में नरेंद्र कुमार तिवारी कैथवा, मनीष शुक्ला शंकरपुर, इंद्रपाल सिंह यादव ऐकों, रवि शिरोमणि बरियापुर प्रधान प्रतिनिधि, शिव सिंह चंदेल प्रधान प्रतिनिधि पंडितपुर, लोकेश चतुर्वेदी प्रधान प्रतिनिधि रामपुरा, प्रशांत कश्यप वावली, श्याम पाल जालौन खुर्द, देवेंद्र प्रधान मिहोना, गोविंद पाल बिजापुर, आदि प्रधानों ने चुनाव में हिस्सा लिया।



ब्लाक प्रधान संघ के चुनाव में में उपस्थित ग्राम प्रधान पायनियर

## समय सीमा के अंदर सभी शिकायतों का हो निस्तारणःएसडीएम

**जालौन ( उरई )।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 24 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश एसडीएम ने दिए। एसडीएम राजेश सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग की सर्वाधिक 10 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके अतिक्ति राजस्व विभाग की 6, नगर पालिका 4, पूर्ति, डूडा, विकास विभाग एवं बिजली विभाग की एक एक शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस दौरान एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। शिकायतों की मॉनीटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है। इसलिए समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण आख्या कार्यालय में जमा कराएं। शिकायत के निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। इस मौके पर बीडीओ संदीप यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता की जालौन नगर में रोजगार मेला लगवाने की मांग



संवाददाता। जालौन (उरई)

**नगर** में रोजगार मेला लगवाने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता ने सदर विधायक को पत्र सौंपकर युवाओं के लिए रोजगार मेला लगवाने की मांग की। जिस पर सदर विधायक ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में वह अधिकारियों से बात करके रोजगार मेला लगवाने का प्रयास करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज बाथम ने सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा के मिलन गेस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यालय में पहुंचकर उन्हें एक पत्र सौंपा। जिसके माध्यम से उन्होंने सदर विधायक को बताया कि नगर व नगर के आसपास के युवक-युवतियों के लिए नगर में ही रोजगार मेला लगाया जाए जिससे बेरोजगारों को कुछ काम मिल सके। पूर्व में भी धीरज बाथम ने जिलाधिकारी को इस आशय का पत्र दिया था जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने आईटीआई प्रधानाचार्य को उक्त मेला लगवाने का आदेश किया था। शिकायत के निस्तारण में आईटीआई प्रधानाचार्य ने 2 जून को संबंधित अधिकारी को लिखित अवगत कराया था कि कुछ ही माह में नगर जालौन में रोजगार मेला लगाया जाएगा। लेकिन अब तक रोजगार मेला नहीं लग सका है।

# हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं खेलः रीत सुन्दरम

संवाददाता। चित्रकूट

**युवा कल्याण** एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 का उद्घाटन जिला युवा कल्याण अधिकारी रीत सुन्दरम एवं कालेज के प्रधानाचार्य आनन्द सिंह ने स्व0लाला भाई इण्टर कालेज कपना के मैदान में 100 मीटर दौड का शुभारम्भ कराकर किया । जिला युवा कल्याण अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं खेलने से हमारा स्वास्थ्य और मानसिक विकास होता है और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका मिलता है। कालेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि जो प्रतिभागी बच्चे जीतते हैं वह अपने गांव व जिले का नाम रोशन करते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता 100 मीटर दौड बालिका वर्ग में शबीना प्रथम, राखी जायसवाल द्विवेदी व कृष्णा शुक्ला तृतीत रहीं। 200 मीटर दौड में सबीना प्रथम, राखी जायसवाल द्वितीय एवं पूजा तृतीय एवं 400 मीटर दौड में रोशनी प्रथम, हजरूल निशा द्वितीय व रोशनी तृतीय रहीं। गोला और चक्का फेंक में हजरूल निशा प्रथम, आरती द्वितीय रहीं। कबड्डी में इटौरा विजेता एवं उप विजेता अशोह रहा। बालीबाल में अशोह विजेत एवं इटौरा उप विजेता रहा। बालक वर्ग 100 मीटर दौड में रितिक सिंह प्रथम, अखिलदत्त सोनी द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में अजय पाण्डेय प्रथम, सौरभ द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में रज्जन यादव प्रथम, रितिक द्वितीय, 1500 मीटर दौड़ में रज्जन यादव प्रथम, संदीप द्वितीय, 3000 मीटर दौड में रज्जन यादव प्रथम, संगम द्वितीय रहे। गोला फेंक में सचिन प्रथम, चन्द्रभान द्वितीय, डिसकस थ्रो में सचिन प्रथम, शिवभजन द्वितीय रहे। बालीबाल में विजेता अशोह और उप विजेता इटौरा रहा। कबड्डी में ओरा विजेता उप विजेता अशोह रहा। निर्णायक की भूमिका में हॉकी कोच श्यामसुन्दर यादव, एथलेटिक्स कोच श्रीकेशन, रामनारायण साहू, नीतू विश्वकर्मा, दीपक कुमार , रमेश कुमार वर्मा, सिद्धार्थ निगम कनिष्ठ लिपिक, प्रवक्ता महेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, जय सिंह, सच्चिदानन्द शुक्ला, अनमोल सिंह, सुनील कुमार, गोरेलाल, डा0 अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में रामनगर में तुलसी इण्टर कालेज में और मऊ ब्लाक में राजकीय इण्टर कालेज बरगढ के मैदान में जिला युवा कल्याण विभाग की रैली सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखण्ड प्रताप यादव एवं जिला व्यायाम प्रशिक्षक मतगंज प्रसाद कुशवाहा ने सम्पन्न कराया।



विजेता टीम के साथ जिला युवा कल्याण अधिकारी रीत सुन्दरम एवं निर्णायक टीम। पायनियर

## व्यापारी दिवस पर उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों को किया सम्मानित

**जालौन ( उरई )।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में व्यापारी दिवस पर गल्ला मंडी में वरिष्ठ व्यापारी सममन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रदेश मंत्री सिद्धू शिवहरे व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीवौलिया ने वरिष्ठ व्यापारियों का शॉल ओढ़ाकर एवं सम्मान पत्र देकर सम्मान किया। शनिवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में गल्ला व्यापार कल्याण समिति के स्थानीय कार्यालय में व्यापारी दिवस के अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धू शिवहरे ने कहा व्यापारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। संगठन जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीवौलिया के नेतृत्व में मंडी के वरिष्ठ 28 व्यापारियों को सम्मानित कर रहा है। व्यापारियों को सम्मानित कर वह गर्व महसूस कर रहे कि आज उन्हें समाज, देश सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले अपने व्यापारी भाइयों का सम्मान करने का मौका मिला।

# शीर्ष क्रम और तेज गेंदबाजों पर होगी निगाह

## ● भारत बनाम पाक का मुकाबला आज : आवेश अस्वस्थ

भाषा। दुबई

**भारत को** यदि अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार में पिछले मैच की तरह जीत दर्ज करनी है तो उसके शीर्ष क्रम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और तेज गेंदबाजों को भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभानी होगी। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का पावरप्ले में प्रदर्शन अगर समस्या है तो अनुभवहीन आवेश खान की डेथ ओवरों की गेंदबाजी भी टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय है। ऐसे में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने की जरूरत नजर आती है क्योंकि उसका सामना पाकिस्तान से है जिसने पिछले मैच में हांगकांग को 150 से अधिक रन से हराया। भारत को रविंद्र जडेजा की कमी भी खलेगी जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अक्षर पटेल को टीम में लिया गया है। तेज गेंदबाज आवेश खान भी इस अहम मुकाबले से पहले अस्वस्थ हो गए है। भारतीय कोच राहुल द्रविड ने कहा, आवेश खान थोड़े अस्वस्थ हैं और उम्मीद है कि हम उन्हें टूर्नामेंट के बाद के मैचों में इस्तेमाल कर पाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दाहिने और बाएं हाथ के बल्लेबाज का संयोजन बनाने के लिए जडेजा को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा था क्योंकि उस मैच में ऋषभ पंत को बाहर रखा गया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ रविवार को भी ऐसा दांव खेलते हैं। लेकिन यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि अगर शीर्ष छह बल्लेबाजों में बाएं हाथ के किसी बल्लेबाज को शामिल करना है तो केवल पंत ही उसके लिए उपयुक्त नजर आते हैं। पिछले रविवार को वह हार्दिक पंड्या थे जिनके ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की थी तथा रोहित इस मैच में भी अपने अन्य खिलाड़ियों से उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे होंगे। भारतीय टीम के लिए हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का पावर प्ले में रक्षात्मक रवैया परेशानी का सबब बन सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में विराट कोहली या रोहित शर्मा कोई भी सहज होकर नहीं खेल पा रहे थे। पिच धीमी होने पर उनकी समस्या बढ़ती गई। हांगकांग जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी भारतीय शीर्ष क्रम में धीमी बल्लेबाजी की और वह सूर्यकुमार यादव की बेहतरीन पारी थी जिससे कि टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। भारतीय शीर्ष क्रम के धीमे खेल का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है केएल राहुल ने 39 गेंदों पर 36 रन बनाए जो उनकी अब तक की सबसे धीमी पारी है। ऐसे में सवाल उठता है क्या भारत को अपने शीर्ष क्रम में आक्रामकता जोड़ने के लिए बदलाव करने की जरूरत होगी क्योंकि यह स्पष्ट है कि राहुल, रोहित और कोहली का संयोजन नहीं चल पा रहा है।







### पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी चोट के कारण एशिया कप से बाहर

**दुबई।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी मांसपेशियो मे खिंचाव की वजह से रविवार को यहां एशिया कप टूर्नामेंट से बाहर हो गए। शाहीन शाह अफरीदी और वसीम जूनियर के बाद दहानी टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पाकिस्तान के तीसरे तेज गेंदबाज है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, उन्होंने हांगकांग के खिलाफ मैच के बाद मांसपेशियो मे खिंचाव की शिकायत की। उनकी निगरानी की जा रही है लेकिन मेडिकल टीम शायद 48 से 72 घंटों के बाद स्कैन कराने का फैसला करेगी। दहानी टीम के साथ है लेकिन उनकी स्थिति से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टूर्नामेंट के शेष मैचो मे नही खेल पाएंगे। उन्हें उचित रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी। पिछले रविवार को भारत के खिलाफ 11वें क्रम पर बल्ले से उपयोगी पारी खेलने वाले इस तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट मे खेले गए दो मैचो मे छह की इकॉनमी रेट से रन दिए है और इस दौरान एक विकेट लिया है।

### जडेजा टी-20 विश्व कप से बाहर, घुटने की सर्जरी होगी




**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर आल राउंडर रविंद्र जडेजा आस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप मे नही खेल पाएंगे क्योंकि उन्हे घुटने की सर्जरी करानी होगी जिसके कारण वह अनिश्चित समय तक खेल से बाहर रहेंगे। जडेजा एशिया कप मे पाकिस्तान और हांगकांग के खिलाफ पहले दो मैचो मे खेले थे। वह अपने हरफनमौला प्रदर्शन से टीम में जरूरी संतुलन देते है जिससे 33 साल के इस अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर की अनुपस्थिति रोहित शर्मा की टीम के लिए बड़ा झटका होगी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, जडेजा की दाहिने पैर के घुटने की चोट काफी गंभीर है। उन्हे एक बड़ी सर्जरी करानी होगी और वह अनिश्चित समय तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे। इस समय अगर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की चिकित्सा टीम के आकलन को देखा जाए तो उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी के लिए कोई समयसीमा नही दी जा सकती।

### विराट कितने रन बनाता है इसकी परवाह नहीं लेकिन वह कैसे बनाता है यह देखना है: द्रविड़

**दुबई।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अपने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के रन की संख्या से चिंतित नहीं हैं, उन्हें इस बात से ज्यादा परवाह है कि टीम के हित में उनका योगदान कितना प्रभाव डालेगा। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले कोहली के खराब लय और कम स्ट्राइक-रेट पर कई बार सवाल उठे है। द्रविड़ ने हालांकि कई बार की तरह इस बार भी भारत के पूर्व कप्तान का बचाव किया। द्रविड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह (कोहली) भी एक ब्रेक के बाद वापस आ रहा है, यह देखकर अच्छा लगा कि वह नए सिरे से खेल रहा है। वह इन सभी मैचों को खेलने के लिए उत्सुक है। उसे मैदान मे समय बिताने का मौका मिला और उम्मीद है कि वह यहां से और अच्छा करेगा।

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को दी चार विकेट से मात




भाषा। शारजाह

**श्रीलंका ने** यहां एशिया कप सुपर फोर टी20 क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान को चार विकेट से हराया। इससे पहले अफगानिस्तान ने रहमानुल्लाह गुरबाज की 45 गेंद में चार चौके और छह छक्के जड़ति 84 रन की अर्धशतकीय पारी और इब्राहिम जदरान (40 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी से शनिवार को यहां एशिया कप सुपर फोर टी20 क्रिकेट मैच में श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट पर 175 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। गुरबाज के आउट होते ही अफगानिस्तान की पारी धीमी हो गई। इन दोनों के अलावा नजीबुल्लाह जदरान ने 17 और हजरतुल्लाह जजई ने 13 रन का योगदान दिया। गुरबाज 16वें ओवर में आउट हुए और टीम अंतिम पांच ओवरों में पांच विकेट गंवाकर केवल 37 रन ही जोड़ सकी। अफगानिस्तान ने हजरतुल्लाह जजई (13 रन) का विकेट पांचवें ओवर में गंवा दिया था जिन्हें दिलशान मदुशंका ने बोल्ड किया। फिर गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 64 गेंद में 93 रन की भागीदारी निभाकर टीम को बड़े स्कोर की ओर बढ़ाया। पर असिथा फर्नांडो ने गुरबाज को अपना शिकार बनाया जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 139 रन था। गुरबाज ने महीश तीक्ष्णा पर दो और फर्नांडो, वानिंदु हसारंगा डिसिल्वा, दासुन शनाका और चमिका करूणारत्ने पर एक एक छक्के जमाए। इब्राहिम जदरान ने 38 गेंद में दो चौके और एक छक्का जड़ा, वह आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी रहे। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट 18वें ओवर में 151 रन के स्कोर पर गिरा। इसके बाद टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। राशिद खान (09) ने अंत में एक छक्का जड़ा लेकिन अंतिम गेंद पर रन आउट हो गए। श्रीलंका के लिए दिलशान मदुशंका ने 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि तीक्ष्णा और फर्नांडो को एक एक विकेट मिला।

### स्कोरबोर्ड

**अफगानिस्तान** : जजई बो मदुशंका 13, गुरबाज का हसारंगा डिसिल्वा बो फर्नांडो 84, जदरान का फर्नांडो बो मदुशंका 40,जदरान रन आउट 17, नबी का एवं बो तीक्षणा 01,खान रन आउट 09,जनत नाबाद 00,अतिरिक्त : 11,**कुल** : 20 ओवर मे छह विकेट पर 175 रन,**विकेट पतन** :I-46, 2-139, 3-151, 4-166, 5-166, 6-175,**गेंदबाजी** : तीक्षणा 4-0-29-I, फर्नांडो 4-0-34-I,मदुशंका 4-0-37-2,हसारंगा डिसिल्वा 4-0-23-, करूणारत्ने 2-0-29-0, शनाका 2-0-22-0

### जिंबाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया से तीसरा वनडे जीता

**टाउन्सविले।** लेग स्पिनर रेयान बर्ल ने 10 रन देकर पांच विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे जिंबाब्वे ने शनिवार को यहां तीसरे एवं अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दोनो वनडे मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर दी थी। तीसरे वनडे में जिंबाब्वे ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 141 रन पर ढेर कर दिया। जिंबाब्वे ने पहले 10 ओवर के अंदर ही तीन विकेट ले लिए थे जिससे कि आस्ट्रेलिया आखिर तक नही उबर पाया। इसके जवाब में जिंबाब्वे ने 66 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर दिया।

### स्पिनी ने शुरू सचिन के साथ किया अनूठा कैंपेन गो फार

**मुंबई।** भारत में सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद,बिक्री के लिए फुल,स्टैक प्लेटफॉर्म स्पिनी ने अपने ब्राण्ड अम्बेसडर और सामरिक निवेशक सचिन तेंदुलकर के साथ अपने नए कैंपेन गो फारका ऐलान किया है। फिल्मों की यह सीरीज़ बड़े सपने देखने और और इन्हें साकार करने की भारत की भावना का जश्न मनाती है। कैंपेन दर्शाता है कि किस तरह अलग-अलग लोग प्यार और सपनों के लिए निर्धारित दायरों को पार कर जाते हैं। इतने सफल व्यक्तित्व सचिन के लिए दायरों का पार कर अपनी शुरूआती यात्रा तक जाना मायने रखता है। इस मौके पर स्पिनी के संस्थापक एवं सीईओए नीरज सिंह ने कहा कि हम जीवन में और आपकी पसंद में भरोसा रखते हैं, इसीलिए हम यह कैंपेन गो फार लेकर आए हैं। हम चाहते हैं कि आप वो कार खरीद सके, जिसे आप वास्तव में खरीदना चाहते हैं, आप जानते हैं कि इसे खरीदने से आपको खुशी मिलेगी।

### ईस्ट बंगाल ने मुंबई सिटी पर जीत के साथ खत्म किया डूरंड कप अभियान

**कोलकाता।** सुमित पासी (17वें और 34वें) और क्लेटन सिल्वा (22वें और 81वें मिनट) के दो-दो गोल के दम पर ईस्ट बंगाल ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने निराशाजनक अभियान को सकारात्मक तरीके से खत्म किया। ईस्ट बंगाल ने मैच में आक्रामक शुरूआत करते हुए 22वें मिनट तक 2-0 की बढ़त हासिल की ग्रेग स्टीवर्ट ने हालांकि 27वें मिनट में मुंबई सिटी के लिए गोल कर इस अंतर को 2-I कर दिया। पासी के गोल से 34वें मिनट में ईस्ट बंगाल की बढ़त 3-I हो गई लेकिन मध्यांतर से पहले लल्लियांजुआला छंगटे (36वें, 43वें) के सात मिनट के अंदर दो गोल से स्कोर 3-3 हो गया।

### तेलुगु योद्धा व ओडिशा जगरनॉट्स में फाइनल

**पुणे।** तेलुगु योद्धा ने शनिवार को यहां गुजरात जायंट्स को 67-44 से हराकर अल्टीमेट खो खो के शुरूआती चरण के फाइनल में प्रवेश किया। क्वालीफायर 2 में 23 अंक की जीत से प्रतीक वायकर की अगुआई वाली टीम रविवार को फाइनल में ओडिशा जगरनॉट्स से भिड़ेगी। ओडिशा जगरनॉट्स ने क्वालीफायर। में तेलुगु योद्धा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# पाटीदार और ईश्वरन के उम्दा शतक

## ● भारत ने बनाए चार विकेट पर 492 रन

भाषा। बेंगलुरू

**सलामी बल्लेबाज** अभिमन्यु ईश्वरन (132 रन) और फॉर्म में चल रहे रजत पाटीदार (नाबाद 170 रन) के शतकों से भारत ए ने पहले अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार विकेट पर 492 रन बना लिए। ईश्वरन ने शानदार शतक जड़कर समय पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को आकर्षित करने का मौका बनाया लेकिन पाटीदार दिन के खेल का आकर्षण रहे। भारत ए की टीम पहली पारी के हिसाब से 92 रन से बढ़त बनाए है और अब एक दिन का खेल बचा हुआ है। ईश्वरन ने दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए आक्रामकता दिखाते हुए 194 गेंद में 132 रन बनाए। फिर पाटीदार ने भी न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की धज्जियां उड़ाईं। मुंबई इंडियंस के लिए सभी को प्रभावित करने वाले युवा एन टी तिलक वर्मा ने भी पारंपरिक प्रारूप में खेलते हुए बेहतरीन सांमजस्य बिठाया और वह पाटीदार के साथ पांचवें विकेट के लिए नाबाद 167 रन की साझेदारी के दौरान नाबाद 82 रन बना चुके हैं। भारत ए के लिए सभी भागीदारियां अहम रहीं लेकिन सरफराज खान (36 रन) बल्लेबाजों के मुफीद पिच पर बड़ी पारी खेलने से चूक गए जबकि वह अच्छी तरह बड़ा स्कोर बनाने की ओर थे। ईश्वरन ने प्रियांक पंचाल (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 123 रन की भागीदारी निभाई थी। भारत ने तीसरे दिन सुबह दूसरे ही ओवर में रूतुराज गायकवाड़ (21 रन) का विकेट गंवा दिया जब रचिन रविंद्र (96 रन देकर दो विकेट) ने उन्हें विकेटकीपर कैम फ्लेचर के हाथों स्टंप कराया। भारत ए ने हालांकि तेजी से रन जुटाना जारी रखा। पाटीदार और ईश्वरन की जोड़ी ने 26 ओवर के अदंर 104 रन की साझेदारी कर ली थी। ईश्वरन (13 चौके, एक छक्का) ने अपना 16वां प्रथम श्रेणी शतक पहले सत्र में पूरा किया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर मिशेल रिपोन (101 रन देकर एक विकेट) ने बंगाल के सलामी बल्लेबाज को बोल्ड किया। सरफराज ने पाटीदार के साथ 64 रन की भागीदारी के दौरान पांच चौके लगाए लेकिन चाय सत्र से पहले तेज गेंदबाज जैकब डफी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर के हाथों आउट हुए। पाटीदार के साथ क्रीज पर वर्मा जुड़े, आईपीएल के दो उभरते हुए खिलाड़ियों ने 41 ओवर के अंदर 167 रन की भागीदारी कर ली थी। पाटीदार आईपीएल में करीब 400 रन बनाने के बाद शानदार फॉर्म में हैं।


पाटीदार

# एआईएफएफ के कामकाज में पारदर्शिता आएगी : चौबे

## ● कार्यकारी समिति की 18 को होने वाली बैठक के बाद स्टिमक पर फैसला करेगा एआईएफएफ

भाषा। नई दिल्ली

**अखिल भारतीय** फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नव निर्वाचित अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शनिवार को शीर्ष संस्था के कामकाज में पारदर्शिता लाने का वादा किया, विशेषकर वित्तीय लेनदेन में, और साथ ही कहा कि हर किसी से समय समय पर जवाबदेही मांगी जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने 22 अगस्त को सुनवाई में एआईएफएफ के फारेंसिक ऑडिट की अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट मांगी थी जिसमें प्रफुल्ल पटेल की अगुआई वाली कार्यकारी समिति द्वारा बड़े पैमाने पर धन की हेराफेरी का संकेत मिल रहा था। इस रिपोर्ट को खेल मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है और मौखिक रूप से इसे कानून के अंतर्गत बढ़ने का निर्देश दिया गया था। इसके बारे में पूछने पर चौबे ने कहा, हां, मुझे जानकारी है कि फोरेंसिक ऑडिट हो चुका है और जब इस मामले में रिपोर्ट आएगी तो हम उस रिपोर्ट के आधार पर फैसला लेंगे और वित्तीय समिति भी इस मामले को देखेगी। निश्चित रूप से मैं एआईएफएफ के कामकाज में पारदर्शिता लाने पर काम करूंगा। हम पारदर्शिता के बिना काम नहीं कर सकते। हमें करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल सही तरीके से करना होगा। सभी पर जिम्मेदारी होगी और समय समय पर जवाबदेही मांगी जाएगी।

उधर भारतीय पुरुष सीनियर टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक के भविष्य का फैसला अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की 18 सितंबर को होने वाली बैठक के बाद होगा। स्टिमक का मौजूदा अनुबंध सितंबर में खत्म हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में जून में टीम ने क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन कर 2023 एशिया कप का टिकट पक्का किया। स्टिमक ने इसके बाद एआईएफएफ से अपने अनुबंध पर जल्दी से निर्णय लेने का आग्रह किया था। उस समय एआईएफएफ के संचालन की कमान उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) के पास थी।



### शाजी प्रभाकरण एआईएफएफ महासचिव बने, सुनंदो धर उप महासचिव

**नई दिल्ली।** दिल्ली फुटबॉल के अध्यक्ष और लंबे समय से खेल प्रशासक रहे शाजी प्रभाकरण को शनिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का नया महासचिव चुना गया। एआईएफएफ की नवगठित कार्यकारी समिति ने यह नियुक्ति की। कल्याण चौबे ने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के चुनाव में शुक्रवार को बाईचुंग भूटिया को 33-1 से हराया था। चौबे की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की पहली बैठक मे यह फैसला लिया गया। चौबे ने महासचिव पद के लिए प्रभाकरण के नाम की अनुशंसा की जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। समिति ने सुनंदो धर को भी सर्वसम्मति से नया उप महासचिव चुना। आई लीग के सीईओ के तौर पर एआईएफएफ से जुड़े धर को कुशाल दास की रवानगी के बाद एआईएफएफ का कार्यवाहक महासचिव चुना गया था। एआईएफएफ मे बदलाव की मांग कर रहे समूह के अग्रणियों मे रहे प्रभाकरण ने चुनाव नही लड़ा था। सदस्यों का स्वागत करते हुए चौबे ने कहा , यह पहली बार है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार छह पूर्व दिग्गज खिलाड़ी समिति का हिस्सा है। उन्होने कहा , हमें मिलकर काम करना है ओर भारतीय फुटबॉल को आगे ले जाने के हमारे लक्ष्य मे निजी अहंकार आड़े नही आना चाहिए। अनुशासन सफलता की कुंजी है और हमें जवाबदेह बनना होगा। प्रभाकरण 2017 मे दिल्ली फुटबॉल संघ (वर्तमान मे फुटबॉल दिल्ली) के अध्यक्ष बने थे।

# सेरेना ने यूएस ओपन को कहा अलविदा

## ● मरे भी बाहर

भाषा। न्यूयॉर्क

**पिछले दो** दशक से अधिक समय से टेनिस कोर्ट पर कई कीर्तिमान स्थापित करने वाली सेरेना विलियम्स का यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सफर तीसरे दौर में थम गया जबकि एक अन्य दिग्गज एंडी में भी हारकर बाहर हो गए। सेरेना पहले ही संकेत दे चुकी थी कि यह यूएस ओपन में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। इस तरह से 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने फ्लशिंग मीडोज को अलविदा कहा। यह दिग्गज खिलाड़ी शुक्रवार की रात को तीन घंटे से भी अधिक समय तक चले मैच में अजला टॉमलजानोविच से 7–5, 6–7 (4), 6–। से हार गई। सेरेना ने पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में जब उनका शॉट नेट पर लगा तो उनकी आंखें भी छलक उठी। उन्होंने मैच के बाद कहा, यह मेरे लिए अब तक का सबसे अविश्वसनीय सफल रहा है। मैं उस हर व्यक्ति की आभारी हूं जिसने सेरेना आगे बढ़ो, कह कर मेरा हौसला बढ़ाया। सेरेना यूएस ओपन में पहली बार 1999 में खेली थी। तब वह केवल 17 साल की थी लेकिन अब वह शादीशुदा है और उनकी पांच साल की बिटिया भी है। सेरेना इस महीने 41 साल की हो जाएगी। इस बीच पुरुष एकल में तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन में को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में माटेओ बेरेटिनी ने 6–4, 6–4, 6–7 (1), 6–3 से हरा दिया। मरे ने कहा, मैंने धातु का कूल्हा लगवाया है। उसके साथ खेलना आसान नहीं है। यह बहुत मुश्किल है। मैं हैरान हूं कि तब भी मैं एक ऐसे खिलाड़ी को चुनौती पेश कर रहा हूं जो खेल में अपने शीर्ष पर है। जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली 18 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने मैडिसन कीज को 6–2, 6–3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। गॉफ का सामना अब झांग शुआई से होगा, जिन्होंन मैरिनो को हराया।



### सेरेना : टेनिस कोर्ट की महारानी, जिसने जीते 23 ग्रैंडस्लैम खिताब

**न्यूयॉर्क।** वह पिछले ढाई दशक से टेनिस कोर्ट की महारानी है और उन्होने इस दौरान वह सब उपलब्धियां हासिल की जिनकी एक खिलाड़ी उम्मीद करता है। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का यूएस ओपन के तीसरे दौर मे हार के साथ पेशेवर करियर भी समाप्त हो गया। सेरेना 26 सितंबर को 41 वर्ष की हो जाएंगी और अब वह अपना परिवार बढ़ाना चाहती हैं और व्यावसायिक कार्यो मे ध्यान देना चाहती हैं। उनकी पांच साल की बेटी ओलंपिया है। सेरेना ने पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर मे जब उनका शॉट नेट पर लगा तो उनकी आंखे भी छलक उठी। उन्होने मैच के बाद कहा, यह मेरे लिए अब तक का सबसे अविश्वसनीय सफल रहा है। मै उस हर व्यक्ति की आभारी हूं जिसने सेरेना आगे बढ़ो, कह कर मेरा हौसला बढ़ाया। सेरेना ने अपने करियर मे 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब और अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ 14 युगल खिताब भी जीते। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग मे सैकड़ो सप्ताह तक शीर्ष पर काबिज रही। उनके नाम पर चार ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है। इसके अलावा उन्होने कई अन्य ट्रॉफी जीती और करोड़ो डॉलर की कमाई की। इस दिग्गज खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर मे अपना पहला मैच 14वां जन्मदिन मनाने के एक महीने बाद 28 अक्टूबर 1995 को खेला था। उन्होने ग्रैंड स्लैम स्तर पर अपना पहला मैच 16 साल की उम्र मे ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे जीता था। उन्होने तब छठी वरीयता प्राप्त इरिना स्पिरलिया को 6-7 (5), 6-3, 6-I से हराया था, लेकिन अगले दौर मे वह अपनी बड़ी बहन वीनस से हार गई थी। सेरेना ने 17 साल की उम्र मे मार्टिना हिंगिस को 11 सितंबर, 1999 को यूएस ओपन के फाइनल मे 6-3, 7-6 (4) से हराकर अपना पहला ग्रैड स्लैम खिताब जीता था। यूएस ओपन 2001 मे फाइनल मे उनके सामने उनकी बहन वीनस थी जिनसे उन्हे हार का सामना करना पड़ा था लेकिन 2002 के फ्रेंच ओपन मे सेरेना ने अपनी बहन को हराकर दूसरा ग्रैड स्लैम जीता था। सेरेना ने इसके बाद विबलडन 2002 में फिर से अपनी बड़ी बहन वीनस को हराकर खिताब जीता था।

### सभी ने दी बधाई

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर मे हारने के बाद संभवतः टेनिस को अलविदा कहने जा रही सेरेना विलियम्स को माइकल फेल्प्स से लेकर टाइगर वुड्स तक दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों ने शानदार करियर पर बधाई दी है। दुनिया के नंबर एक गोल्फर रहे टाइगर वुड्स ने ट्वीट किया , कोर्ट के भीतर और बाहर तुम महानतम हो। अपने सपने पूरे करने की हम सभी को प्रेरणा देने के लिए धन्यवाद छोटी बहन। वही अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ने लिखा , शानदार करियर पर बधाई। हम कितने खुशकिस्मत है कि कॉम्पटन की एक छोटी सी लड़की को महानतम खिलाड़ी बनते देखा। तुम पर गर्व है। सेरेना को हराने वाली अजला टॉमलजानोविच ने कहा , उन्होने साबित किया कि कोई सपना छोटा नही होता। आप कहीं से भी आए हो या कोई भी हालात रहे हो। अगर खुद पर भरोसा है तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। बास्केटबॉल के हॉल आफ फेम मैजिक जॉनसन ने ट्वीट किया।

### विकास विदेश में पेशेवरों के साथ अभ्यास करेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज विकास कृष्ण चोट से उबरने के बाद अगले साल के एशियाई खेलों और 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में वापसी के लक्ष्य के साथ विदेशों में पेशेवर मुक्केबाजों के साथ प्रशिक्षण के लिए तैयार हैं। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक से कंधे में गंभीर चोट का सामना करने वाले 30 साल के विकास ने कहा कि विदेशों में चैम्पियन मुक्केबाजों के साथ अभ्यास का उन्हें फायदा होगा। विकास ने कहा, मैंने इस सप्ताह की शुरुआत में स्पारिंग (मुक्केबाजी अभ्यास) किया और मुझे लगता है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो गया हूं। मेरा ध्यान अब भारतीय टीम में वापसी करने और एशियाई खेलों में चौथा पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बनने पर है।

### आईएसएसएफ विश्व कप : जूनियर टीम में सरबजोत सिंह की जगह वरुण तोमर

**नई दिल्ली।** आगामी आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप के लिए भारत की 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर टीम में सरबजोत सिंह की जगह वरूण तोमर को शामिल किया गया है क्योंकि टूर्नामेंट से ठीक पहले सिंह सीनियर हो जाएंगे। भारतीय टीम की घोषणा शुक्रवार को की गई जिसमें सरबजीत को सम्राट राणा और सागर डांगी के साथ चुना गया। बाद में पता चला कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सरबजीत 22 वर्ष के हो जाएंगे जिसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने यह बदलाव किया।

### एआईएफएफ चुनावों में उच्च स्तर के राजनीतिक हस्तक्षेप से हैरान हूं: भूटिया



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने शनिवार को कहा कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनावो मे राजनीतिक हस्तक्षेप के उच्च स्तर को देखकर हैरान थे जिसमे उनकी इच्छानुसार परिणाम नही आया। अध्यक्ष पद के चुनाव मे भूटिया को भाजपा नेता और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे से हार मिली। भूटिया खुद राजनीति से जुड़ चुके है, वह 2014 और 2016 मे तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर क्रमशः लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव लड़ चुके है। इस 45 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी ने अपने गृह राज्य मे हमरो सिक्किम पार्टी भी बनाई। लेकिन उन्होने कहा कि एआईएफएफ के चुनाव बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के पूरी तरह से फुटबॉल केंद्रित होने चाहिए थे। भूटिया ने पीटीआई से कहा, मै हरान था क्योंकि मैने व्यक्तिगत रूप से एआईएफएफ के चुनावो मे इतने उच्च स्तर के राजनीतिक हस्तक्षेप की उम्मीद नही थी। मैने सोचा कि यह एक फुटबॉल अध्यक्ष पद का चुनाव है और मै पूरी ईमानदारी से अपना योगदान देना चाहता था।

### मूडी ने सनराइजर्स को छोड़ा, लारा बन सकते हैं मुख्य कोच

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र मे सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच के रूप मे वापसी नही करेंगे और उनकी जगह दिग्गज ब्रायन लारा को यह पद सौंपा जा सकता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार मूडी और सनराइजर्स ने आपसी सहमति से एक दूसरे से अलग होने का निर्णय किया है तथा पिछले सत्र मे टीम के रणनीतिक सलाहकार और बल्लेबाजी कोच के रूप मे काम कर रहे लारा को मुख्य कोच बनाया जा सकता है। रिपोर्ट मे कहा गया है, टॉम मूडी और सनराइजर्स ने अनुबंध आगे नही बढ़ाने का फैसला किया है।

### साकेत–युकी ने सत्र का पांचवां चैलेंजर खिताब जीता



**मोलोरका (स्पेन)।** साकेत मायनेनी और युकी भांबरी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शनिवार को यहां राफा नडाल ओपन जीतकर इस सत्र का अपना पांचवां चैलेंजर खिताब अपने नाम किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में सर्गियो गोर्नेस और मार्को बोर्तोलोती की स्पेनिश-इतालवी शीर्ष वरीय जोड़ी को हराया था। साकेत-युकी की जोड़ी ने फाइनल में चेक गणराज्य के मारेक जेंजेल और लुकास रेसोल की जोड़ी को 6-2 6-2 से हराकर चैलेंजर 80 टूर्नामेंट मे जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग मे 110वे स्थान पर काबिज युकी इस जीत से शीर्ष 100 मे पहुंचने के लिए तैयार है। साकेत इस समय एटीपी युगल रैंकिंग मे 98वे स्थान पर है। इस साल के शुरू मे इस भारतीय जोड़ी ने सालिनास, चेक गणराज्य, पोर्तो और लेक्सिंगटन मे चैलेंजर टूर्नामेंट मे खिताब जीते थे। उन्होने 2022 मे भोपाल और नई दिल्ली मे दो आईटीएफ प्रतियोगिताओं मे भी जीत दर्ज की थी।